26 December 24 st FRONT MZN.qxd 12/25/2024 11:15 PM Page 1

CMYK

तापमान — अधिकतम :20°C न्यूनतम: 07°C

सेंसेक्स 78,472.87 / निफ्टी 23,727.65

सोना 78,055 / चांदी 91,400

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 26 दिसम्बर 2024 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 25 अंक 351 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2081 | 24 जमाद उस सानी 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

पाकिस्तान सरकार से वार्ता को पीटीआई तैयार

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

टेस्ट रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह का जलवा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

पुष्पा-2 की टीम ने पीड़ित परिवार को 2 करोड़ दिए

हैदराबाद। हैदराबाद में पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाली महिला के परिवार को पुष्पा फिल्म की टीम ने दो करोड़ रुपये देने का ऐलान किया है। अल्लू अर्जुन के पिता ने जानकारी दी है कि अल्लू अर्जुन ने 1 करोड़ रुपये दिए हैं, जबकि पुष्पा के डायरेक्टर सुकुमार और मैत्रेई प्रोडक्शन हाउस ने 50-50 लाख रुपये दिए हैं। इधर, तेलंगाना के कांग्रेस विधायक भूपति रेड्डी ने एक्टर अल्लू अर्जुन को चेतावनी दी है कि वे सीएम रेवंत रेड्डी के खिलाफ किसी भी तरह की आलोचना बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर अल्लू अर्जुन ने सीएम रेड्डी पर टिप्पणी की, तो राज्य में उनकी फिल्में रिलीज नहीं होने देंगे।

ईपीएफओ ने अक्टूबर में 13.41 लाख सदस्य जोड़े

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने इस वर्ष के अक्टूबर में 13.41 लाख सदस्य जोड़े हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि इसी अवधि में 18-25 आयु वर्ग के जोड़े गए कुल नए सदस्यों की संख्या 5.43 लाख है। इसी महीने के दौरान जोड़े गए नए सदस्यों में से लगभग 2.09 लाख नई महिला सदस्य हैं। यह आंकड़ा अक्टूबर 2023 की तुलना में 2.12 प्रतिशत अधिक है। शीर्ष पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना और गुजरात की कुल सदस्य वृद्धि का लगभग 61.32 प्रतिशत है।

कूनो से भटका चीता श्योपुर की सड़कों पर दौड़ता दिखा

श्योपुर। मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क से एक नर चीता तीन दिन से लापता है। चीते के गायब होने के बाद कूनो से सटे गांवों में दहशत व्याप्त है। वन विभाग की टीमें उसे तलाश रही हैं। इधर, ये चीता श्योपुर शहर के बीचोंबीच आधी रात को विचरण करते देखा गया। मंगलवार देर रात एक कार सवार इस चीते के पीछे-पीछे काफी दूर तक चला और इस दौरान वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह नर चीता देंगदा और मोरडूंगरी के पास रविवार को पहुंचा था। मंगलवार को यही चीता देर रात को श्योपुर शहर के बीचोंबीच सड़क पर चहलकदमी करते देखा गया।

आतंकियों के शव ले जा रही वैन सड़क हादसे का शिकार

रामपुर। उप्र के रामपुर में पुलिस प्रशासन में उस समय हड़कंप मच गया जब पीलीभीत में एनकाउंटर में मारे गए खालिस्तानी आतंकियों की शव ले जा रही वैन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूत्रों ने बताया कि पीलीभीत में पंजाब व उप्र पुलिस के कंबाइंड ऑपरेशन एनकाउंटर में मारे गए खालिस्तानी तीन दहशतगर्दों की डेड बॉडी पंजाब ले जाई जा रही थीं। डेड बॉडी लेकर पंजाब जा रही एम्बुलेंस रामपुर बाईपास पर सड़क हादसे का शिकार हो गई।

हिमाचल में बर्फबारी, तीन एनएच समेत 223 सड़कें बंद

कोहरे से हरियाणा में विजिबिलिटी 10 मीटर से कम, दिल्ली में 20 ट्रेनें लेट, राजस्थान में बारिश के आसार

नई दिल्ली, वार्ता

जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी हुई। लाहौल और स्पीति का कुकुमसेरी सबसे ठंडा रहा। यहां रात का तापमान माइनस 6.9 डिग्री से नीचे चला गया है। हिमाचल में बर्फबारी के बाद तीन नेशनल हाईवे समेत 223 सड़कें बंद कर दी गईं।

शिमला में सबसे ज्यादा 145 सड़कें बंद की गईं, जबकि कुल्लू में 25 और मंडी जिले में 20 सड़कें बंद की गईं। इससे वहां पहुंचे पर्यटक फंस गए हैं। सड़कों पर गाड़ियों की लंबी लाइनें लगी हैं। उधर राजस्थान और दिल्ली में बारिश हुई। आईएमडी के मुताबिक अगले दो दिन दिल्ली- एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में तापमान और कम हो सकता है। 9 राज्यों में घने कोहरे का भी अलर्ट है। हरियाणा के कुछ जिलों में विजिबिलिटी 10 मीटर से कम हुई। वहीं, दिल्ली में विजिबिलिटी घटकर 100 मीटर से कम हो गई। दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि कुछ फ्लाइट्स -शेष पृष्ठ दो पर

जम्मू- कश्मीर की राजधानी श्रीनगर का तापमान शून्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज हुआ

यूपी में दो दिन बाद फिर बिगड़ेगा मौसम

27 दिसम्बर के बाद ओले पड़ने के आसार

लखनऊ। उप्र में दो दिन बाद फिर से मौसम बिगड़ने वाला है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 27 व 28 दिसम्बर को पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों में बादल छाने के साथ बारिश की संभावना है। इस बीच तराई इलाकों समेत आगरा आदि में ओले गिरने के आसार हैं। इसके बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट से ठंड का असर बढ़ेगा। वहीं, मौसम विभाग ने गुरुवार को यूपी के 40 जिलों में घना कोहरा छाने की संभावना जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के असर से 27 व 28 दिसम्बर को प्रदेश विभिन्न इलाकों में गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बूंदाबांदी की संभावना है। इस बीच तराई इलाकों के साथ ही आगरा आदि में ओले गिरने के आसार हैं।

हल्द्वानी: रोडवेज बस खाई में गिरी, चार लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 25 यात्री गंभीर घायल
- बस के परखच्चे उड़े

हल्द्वानी। पहाड़ों में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार सुबह पिथौरागढ़ से हल्द्वानी सवारी लेकर आ रही हल्द्वानी डिपो की रोडवेज बस भीमताल के पास आमडाली में 1500 फीट गहरी खाई में गिर गई।

हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई और बस के परखच्चे उड़ गए, जिससे उसमें सवार 29 यात्री इधर-उधर छिटक गए। इस हादसे में एक बच्चा, दो महिलाएं और एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर भीमताल पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों की टीम ने तुरंत रेस्क्यू कार्य शुरू किया। घायलों को रस्सी और कंधों पर लादकर सड़क तक लाया गया, जहां से उन्हें उपचार के लिए भीमताल सीएचसी भेजा गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर किया गया, जबकि एक यात्री की हालत नाजुक होने पर उसे कृष्णा अस्पताल, नैनीताल रोड रेफर किया गया। घायलों की पहचान की जा रही है, लेकिन शुरुआती जानकारी के मुताबिक हादसा रॉन्ग साइड से आ रही एक ऑल्टो कार को बचाने के दौरान हुआ। कार से बचने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। बताया जा रहा है कि हादसा हल्द्वानी डिपो की बस (संख्या यूके07पीए-2822) का है, जो 29 सवारियों को लेकर पिथौरागढ़ से हल्द्वानी आ रही थी। यह बस मंगलवार सुबह हल्द्वानी से पिथौरागढ़ के लिए रवाना हुई थी और बुधवार की -शेष पृष्ठ दो पर

देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना राष्ट्र को समर्पित

पीएम बोले पानी के लिए आम्बेडकर ने किया काम, कांग्रेस ने छिपाई सच्चाई

खजुराहो, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर खजुराहो में देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के रूप में केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। श्री मोदी ने यहां आयोजित भव्य कार्यक्रम में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करने के साथ ही खंडवा जिले की ओंकारेश्वरफ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी की स्मृति में डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। देश की नदियों को जोड़ने की परिकल्पना देने वाले श्री वाजपेयी की जयंती पर यह परियोजनाएं मध्य प्रदेश के लिए बड़ी सौगात मानी जा रही हैं। श्री मोदी ने मंच पर ही केन और बेतवा नदी के जल से भरे कलशों से जल को प्रवाहित कर केन बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास किया। इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लोगों को फायदा होगा। किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा और शहरों में पेयजल भी उपलब्ध कराया जा सकेगा। दो प्रमुख नदियों केन और बेतवा को आपस में जोड़ने से संबंधित -शेष पृष्ठ दो पर

रक्षा मंत्रालय ने लॉन्च किया राष्ट्रपर्व एप और वेबसाइट

गणतंत्र दिवस-बीटिंग रिट्रीट जैसे कार्यक्रमों की मिलेगी जानकारी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय की ओर से रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को सुशासन दिवस पर एक वेबसाइट और मोबाइल एप लॉन्च किया है। यह राष्ट्रपर्व वेबसाइट और इसके मोबाइल एप गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से संबंधित जानकारी देगा। इसके साथ-साथ उनका सीधा प्रसारण, टिकटों और बैठने की व्यवस्था से संबंधित विवरण प्रदान करेगी। रक्षा सचिव ने कहा कि राष्ट्रपर्व वेबसाइट और मोबाइल एप में झांकी के प्रस्तावों और कार्यक्रमों से संबंधित ऐतिहासिक डेटा के प्रबंधन की भी व्यवस्था है।

खजुराहो : पीएम मोदी व अन्य मप्र में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के दौरान।

सम्भल में एएसआई टीम ने किया बावड़ी का सर्वे

सम्भल। उप्र के सम्भल के चंदौसी इलाके में मिली सदियों पुरानी बावड़ी का बुधवार को एएसआई सर्वेक्षण टीम ने निरीक्षण किया। इसके अलावा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम सम्भल के लाडम सराय इलाके में भी पहुंची। यहां खुदाई के दौरान प्रशासन को एक पुराना कुआं मिला है।

'लॉटरी किंग' सैंटियागो मार्टिन को सुप्रीम कोर्ट से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

- जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तक ईडी की पहुंच पर लगाई सर्वोच्च न्यायालय ने रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 'लॉटरी किंग' के नाम से प्रसिद्ध सैंटियागो मार्टिन, उसके रिश्तेदारों और कर्मचारियों के खिलाफ छापेमारी के दौरान जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का डाटा निकालने और उसकी प्रति (कॉपी) बनाने से रोक दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश 'फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' (एफजीएच एसपीएल) और मार्टिन की याचिका पर पारित किया था। इस आदेश के बाद जांच एजेंसियों को आरोपियों के मोबाइल फोन या लैपटॉप जब्त करने का निर्णय लेने से पहले पुनर्विचार करना पड़ सकता है। यह आदेश इस तरह के मामलों में आरोपी व्यक्तियों के लिए मददगार हो सकता है। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नोटिस जारी किया जाता है और इस बीच, अर्जी को ध्यान में रखते हुए अंतरिम राहत प्रदान की जाती है। पीठ ने याचिका पर केंद्र, ईडी और उसके अधिकारियों को नोटिस जारी किए और इस पर लंबित मामलों के साथ 17 फरवरी, 2025 को सुनवाई की तारीख तय की। अन्य मामलों में अमेजन इंडिया के कर्मचारी और 2023 न्यूज क्लिक मामला शामिल है, जहां याचिकाकर्ताओं ने जांच एजेंसियों द्वारा डिजिटल उपकरणों को जब्त करने के लिए दिशानिर्देश मांगे हैं। ईडी सूत्रों ने कहा कि उन्होंने आदेश देखा है और डिजिटल रिकॉर्ड के अलावा मामले में उनके पास अन्य विश्वसनीय साक्ष्य भी बरामद हुए हैं। मेघालय पुलिस की एक शिकायत के बाद नवम्बर में छह राज्यों में 22 स्थानों पर छापेमारी की गई थी, जिसमें मार्टिन की कंपनी 'फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' पर राज्य में लाटरी कारोबार पर अवैध रूप से एकाधिकार करने का आरोप लगाया गया था। इस छापेमारी के दौरान 12.41 करोड़ रुपये की नकदी भी प्राप्त हुई थी। फ्यूचर गेमिंग के वकीलों ने दलील दी कि जब्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सामग्री हासिल करना गोपनीयता और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

संसद भवन के सामने युवक ने खुद को लगाई आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

- बागपत का रहने वाला है झुलसा युवक

नई दिल्ली। दिल्ली में नए संसद भवन के पास रेलवे भवन के सामने बुधवार दोपहर एक शख्स ने खुद को आग लगाकर सुसाइड की कोशिश की। युवक गंभीर रूप से झुलस गया।

संसद की सुरक्षा में तैनात कर्मियों ने व्यक्ति को आरएमएल अस्पताल में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर बताई गई है। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से 2 पेज का अधजला सुसाइड नोट, पेट्रोल, जला हुआ बैग और जूता मिला है। पुलिस ने बताया कि युवक का नाम जितेंद्र है, वो यूपी के बागपत का रहने वाला है। जिस जगह पर युवक ने खुद को आग लगाई, वहां बैरिकेडिंग की गई है। घर के विवाद के चलते जितेंद्र ने सुसाइड की कोशिश की है। जितेंद्र के परिवार का बागपत में अन्य परिवार से विवाद था। इसके चलते उसके परिवार के कई लोग जेल में हैं। इसी बात से वह युवक दुखी थी। वह आज सुबह ही बागपत से दिल्ली आया था। इसके बाद रेलवे भवन के पास गार्डन में खुद को आग लगाई और संसद भवन की ओर दौड पड़ा था। वहां मौजूद लोगों ने उसकी आग बुझाई थी।

36 साल बाद फिर दिल्ली लौटी 'द सैटेनिक वर्सेज'

नई दिल्ली, वार्ता

- किताब को 1988 में किया गया था बैन

ब्रिटिश-भारतीय नोवलिस्ट सलमान रुश्दी की सबसे ज्यादा सुर्खियों में रही और विवादास्पद नोवेल 'द सैटेनिक वर्सेज' पूरे 36 साल बाद भारत में वापस लौट आई है। एक बार फिर दिल्ली के बाजारों में यह किताब दिखाई दी।

इस किताब को साल 1988 में बैन कर दिया गया था, जिसके बाद अब कोर्ट ने बुक पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। इस किताब के पब्लिश होने के बाद सलमान रुश्दी के खिलाफ समुदाय में आक्रोश था। अदालत के फैसले के बाद किताब पर से पूरे 36 साल बाद प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। प्रतिबंध हटाए जाने के बाद यह किताब एक बार फिर भारत में बुकस्टैंड पर है। भारत में साल 1988 में राजीव गांधी की सरकार ने इस किताब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने इस पुस्तक पर बैन यह कह कर लगा दिया था कि क्योंकि एक समुदाय ने इसे 'ईशनिंदा' पाया था। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने सलमान रुश्दी की 'द सैटेनिक वर्सेज' पर प्रतिबंध हटा दिया है, यह देखते हुए बैन हटाया गया है कि सरकार 1988 की उस मूल अधिसूचना को प्रस्तुत करने में असमर्थ है जिसमें किताब पर बैन लगाया गया था।

अंतरिक्ष में पालक उगाने की तैयारी

श्रीहरिकोटा, वार्ता

- इसरो का स्पैडेक्स कोशिकाएं लेकर जाएगा, 30 को लॉन्चिंग, स्पेस डॉकिंग तकनीक वाला चौथा देश होगा भारत

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2024 का आखिरी मिशन 30 दिसम्बर को लॉन्च करने वाला है। इसे स्पैडेक्स नाम दिया गया है। स्पैडेक्स यानी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट।

यह मिशन रात 9:58 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च होगा। स्पैडेक्स मिशन का मकसद अंतरिक्ष में स्पेसक्राफ्ट को डाक और अनडाक करने वाली तकनीक डेवलप करना और उसका प्रदर्शन करना है। दरअसल, जब कोई स्पेस मिशन लॉन्च किया जाता है, तो उसके मकसद हासिल करने के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने होते हैं। इसके लिए अंतरिक्ष में डॉकिंग की जरूरत पड़ती है। भारत के लिए यह तकनीक मून मिशन, चंद्रमा से सैंपल लाने और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के लिए बहुत अहम है। स्पैडेक्स मिशन के जरिये भारत अंतरिक्ष डाकिंग तकनीक रखने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन स्पेस डॉकिंग में सफलता हासिल कर चुके हैं। पीएसएलवी-सी60 रॉकेट स्पैडेक्स मिशन के जरिये अपने साथ 200-200 किलो के 2 स्पेसक्राफ्ट लेकर जाएगा। इन्हें चेजर और टारगेट नाम दिया गया है। इनसे रिसर्च और डेवलपमेंट से जुड़े 24 पेलोड भी भेजे जाएंगे। इन पेलोड्स को पृथ्वी से 700 किमी की ऊंचाई पर डाक किया जाएगा। इनमें से 14 पेलोड इसरो के और बाकी 10 स्टार्टअप और एकेडमी के हैं। इनमें से एक है- एमिटी प्लांट एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल इन स्पेस पेलोड, जिसे एमिटी यूनिवर्सिटी ने बनाया है। यह रिसर्च करेगा कि पौधे की कोशिकाएं अंतरिक्ष में कैसे बढ़ती हैं। इस रिसर्च के तहत अंतरिक्ष और पृथ्वी पर एक ही समय में प्रयोग किया जाएगा। पालक की कोशिकाओं को एलईडी लाइट्स और जेल के जरिये सूर्य का प्रकाश और पोषक तत्व जैसी अहम चीजें दी जाएंगी। एक कैमरा पौधे की -शेष पृष्ठ दो पर

बीजेपी वाले कहीं खाने-कमाने में लगे होंगे: अखिलेश यादव

लखनऊ, वार्ता

प्रयागराज महाकुम्भ को लेकर अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने एक वीडियो शेयर करते हुए व्यवस्थाओं को लेकर कई सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले तो कहीं खाने-कमाने या चुनाव के जोड़-जुगाड़ में लगे होंगे, सहायता की जरूरत पड़े, तो हम समर्पित कार्यकर्ता भेजने के लिए तैयार हैं।

प्रयागराज महाकुम्भ-2025 की तैयारियों को लेकर पूरी यूपी सरकार तैयारियों में लगी हुई है। इसको लेकर पूरा प्रशासन भी काम में लगा हुआ है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महाकुम्भ 2025 की तैयारियों को लेकर सरकार पर बड़ा हमला बोला है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ये है भाजपा सरकार में प्रयागराज महाकुम्भ '2025' की तैयारी की सच्चाई! कम से कम पुलिस विभाग का काम तो बहुत पहले ही पूरा हो जाना चाहिए था, क्योंकि सुरक्षा चक्र का प्रबंधन किसी अंतिम दिन की प्रतीक्षा नहीं करता है। उन्होंने आगे लिखा कि

■ महाकुम्भ तैयारियों को लेकर सपा मुखिया ने बोला हमला

प्रयागराज की आहत जनता पूछ रही है कि महादानी सम्राट हर्षवर्धन की प्रतिमा हटाने के लिए तो बीजेपी सरकार बहुत तत्पर थी पर वैसी तेजी प्रशासनिक प्रबंधन के लिए क्यों नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने आगे लिखा कि प्रबंधन करते समय प्रयागराज और मेला क्षेत्र के आसपास की स्थानीय जनता की जरूरतों और समस्याओं को नजरअंदाज करने की जो शिकायतें मिल रही हैं। उनका भी तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने आगे लिखा प्रयागराज के निवासियों के बीच किसी इमरजेंसी के घटित होने पर आवागमन और परिवहन को लेकर मन में जो चिंता है, उसके निराकरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए। हम चाहते हैं महाकुम्भ भी चले और प्रयागराज भी गतिमान रहे। अखिलेश यादव ने लिखा कि अगर शासन-प्रशासन महाकुंभ की तैयारी में विफल हो गया है, तो सहायता करने के लिए हम अपने सच्चे-समर्पित कार्यकर्ता भेजने का प्रस्ताव रखते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्र की योजना पर ठोका सपा का दावा, शेयर की तस्वीर

लखनऊ। मध्य प्रदेश के खजुराहो में प्रधानमंत्री मोदी ने केन-बेतवा नदी लिंक परियोजना और अन्य विकास परियोजनाओं की शिलान्यास किया। यह परियोजना मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई और पेयजल संकट को दूर करने में ऐतिहासिक बनेगी। इसी बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और मुलायम सिंह यादव की तस्वीर शेयर कर केंद्र सरकार की योजना पर सपा का दावा ठोका है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लिखा कि नदियों को जोड़ना, देश को जोड़ने का काम होता है। इसी बड़ी सोच के साथ अपने नेताजी ने देश में सबसे पहले दो राज्यों की नदियों को जोड़ने की परियोजना की संकल्पना की थी और मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री के साथ केन-बेतवा लिंकिंग प्राजेक्ट के एमओयू को हस्ताक्षरित कर के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को प्रस्तुत किया था।' नदियों को जोड़ना, देश को जोड़ने का काम होता है। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने लिखा कि इस परियोजना के पीछे सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी, पेय जल और विद्युत उत्पादन के साथ-साथ सूखाग्रस्त बुंदेलखंड के जल स्तर मे सुधार और इस क्षेत्र के चतुर्दिक विकास के लिए निवेश व पर्यटन के नए दरवाजे खोलकर आत्मनिर्भरता बढ़ाने और पलायन को रोकने का बड़ा नजरिया काम कर रहा था। अगर वर्तमान केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट को सही प्राथमिकता दी होती, तो नेताजी का ये महान कार्य और पहले ही शुरू होकर अब तक पूर्ण हो जाता। खुजराहो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अतीत में कांग्रेस सरकारें घोषणाएं करने में माहिर थीं।

तानाशाही से देश को बर्बाद कर रही है भाजपा: शिवपाल

इटावा। समाजवादी पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा है कि सत्ता के मद में चूर भारतीय जनता पार्टी अपने तानाशाही रवैये के चलते देश को बरबादी की गर्त में ढकेल रही है। यादव ने बुधवार को यहां अपने चौगुर्जी आवास पर बात. चीत में कहा कि भाजपा सरकारों की तानाशाही के चलते देश बर्बादी के कगार पर आकर के खड़ा हो गया है। सभी सरकारी संस्थानों पर भाजपा और संघ से जुड़े प्रतिनिधियों का कब्जा हो चुका है, जो संविधान के लिहाज से कतई ठीक नहीं है। इसके दूरगामी परिणाम भविष्य में सामने आयेंगे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग हिंदू मस्लिम एकता को खत्म करना चाहते हैं। इसीलिए यह लोग ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपाई षड्यंत्र करते है और षड्यंत्र करके जनता को धोखा देने का काम करते हैं।

वाजपेयी जैसे नेतृत्व से चुनौतियों से निपटें: महबूबा

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर में दशकों से व्याप्त हिंसा एवं अनिश्चितता से निपटने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता पर बल दिया।

सुश्री मुफ्ती ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को उनकी 100वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह बात कही। उन्होंने वाजपेयी को एक दूरदर्शी राजनेता कहा, जिन्होंने देश की सबसे जटिल चुनौतियों, विशेषकर जम्मू-कश्मीर की चुनौतियों से निपटने के लिए वैचारिक विभाजन को पार किया। एक बयान में, पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के रूप में वाजपेयी के

कार्यकाल को जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल कहा, जहां मानवता, जम्हूरियत और कश्मीरियत के उनके दृष्टिकोण ने क्षेत्र के मुद्दों का समाधान करने के प्रति उनके दृष्टिकोण का दर्शाया। उन्होंने कहा कि अपनी वैचारिक पृष्ठभूमि के बावजूद, वाजपेयी जी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर, अत्यधिक शत्रुता के बावजूद भी, पाकिस्तान की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया। उनका यह विश्वास कि 'पड़ोसी बदले नहीं जा सकते, लेकिन संबंधों की फिर से कल्पना की जा सकती है, उनके राजनेता होने का कुशल प्रमाण था।

संक्षिप्त समाचार

भाजपा नेता की सड़क दुर्घटना में मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के रहने वाले भाजपा नेता दिलीप गुप्ता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। उनका वाहन सड़क के नीचे पानी भरी खंती में पलटा मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बीजेपी नेता की मौत की सूचना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं में भी गहरा शोक है। गौरतलब हो कि मंगलवार शाम 7 बजे दिलीप घर से अपनी कार से चित्रकूट जाने की बात कहकर निकले थे। बबेरू के पास उनकी चार पहिया सड़क के नीचे पानी भरी खंती में पलटी मिली थी। स्थानीय पुलिस द्वारा मिली सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे। इस दर्दनाक हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शाम तक भाजपा नेता का शव उनके पैतृक गांव सेवनपुर थाना खीरों आने की संभावना है।

आतंकवाद के खात्मे के लिए महायज्ञ करेंगे मौनी महाराज

महाकुंभनगर। खालिस्तान समर्थक आतंकवाद के खात्मे के लिए अमेठी जिले में गौरीगंज बाबूग. ंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर शिवयोगी स्वामी मौनी महाराज महायज्ञ करेंगे। मौनी महाराज ने मेला क्षेत्र में स्थित शिविर में बुधवार को कहा कि खालिस्तान समर्थक आतंकी महाकुंभ को समाप्त करने का सपना देखना बंद करें। महाकुंभ करोड़ों सनातनियों की आस्था, विश्वास, श्रद्धा, संस्कृति और ऐश्वर्य है। आतंकवादियों की गंदी सोच उनके विनाश का कारण होगी।

देवरिया में युवक ने की बहन की हत्या

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया के रूद्रपुर में देर रात बाहर से घूमकर घर आने से खफा एक युवक ने अपनी बहन की लोहे के राड से प्रहार कर हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि रूद्रपुर कस्बे के लाला टोली वार्ड निवासी रानी गुप्ता (35) मंगलवार देर रात बाहर से घूम कर घर आई थी। परिवार के लोगों द्वारा पूछताछ करने पर वह झगड़ने लगी। इसी बीच उसका भाई बह्मा गुप्ता ने नाराज होकर लोहे के राड से प्रहार कर दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

देश में मस्जिद के साथ मंदिर का सर्वे भी होना चाहिए

नई दिल्ली, वार्ता

बाबा साहेब अंबेडकर के पौत्र भीम राव यशवंत राव अंबेडकर ने कहा कि आज सभी दल बाबा साहेब को अपना आदर्श बताती हैं,लेकिन उनके सिद्धांत से किसी को कोई लेना देना नहीं। उन्होंने कहा कि एएसआई मस्जिद के साथ देश के प्रमुख हिन्दू मंदिरों के सर्वे करे। यूपी के कई शहरों में प्राचीन मंदिरों के मिलने की खबर से सियासी हलचल भी मची हुई है। ऐसे समय में बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के वर्किंग प्रेजिडेंट और बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के पौत्र भीमराव यशवंत राव आंबेडकर ने देश के सभी प्रमुख मंदिरों के सर्वे की मांग कर दी है।

बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया ने एएसआई से मांग है कि 12वीं सदी के बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा है। हमारा दावा है कि देश के कई महत्वपूर्ण मंदिर बौद्ध मठ तोड़कर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक से बनवाए गए असंख्य स्तूपों और विहारों का भी कोम्र अता पता नही है. हमारा दावा है कि देश के कम्र हिन्दू मंदिर प्राचीन मठों को तोड़कर बनवाया गया है और एएसआई को उन मंदिरों का सर्वे करना चाहिए। भीमराव यशवंत राव अंबेडकर ने

■ बाबा साहेब अंबेडकर के पोते ने उठाई मांग
■ कई मंदिर बौद्ध मठ तोड़कर बनाए गए

कहा कि 12वीं शताब्दी के बाद से असंख्य बौद्ध स्थलों और मठों का कोई अता पता नहीं है। इन जगहों पर हिन्दू धर्म के देवी देवता बैठा दिए गए हैं।

सम्राट अशोक ने अकेले 84000 मठों /विहारों और स्तूपों को बनवाया था। आज काशी में ही आपको अनेक बौद्ध मठ या स्तूप नहीं मिलेंगे, जिनका वर्णन इतिहास में है। जबकि ये भगवान बुद्ध की प्रथम उपदेश स्थली है। हालांकि सभी बौद्ध स्थलों की खोज करना या सभी मंदिरों का सर्वे करना आसान नहीं होगा। एक बबल जैसी स्थिति बन जाएगी, फिर भी हमारे महत्वपूर्ण बौद्ध मठों /स्तूपों और विहारों को जो कि ज्यादा महत्वपूर्ण हैं, उनकी खोज के लिए मंदिरों का सर्वे होना चाहिए।

पूर्व पीएम अटल जी की 100वीं जयंती पर बोले सीएम

सुशासन के लिए सुरक्षा का भाव जरूरी: योगी

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि सुशासन के लिए सुरक्षा का भाव आवश्यक है और यह जनसहभागिता के बिना संभव नहीं हो सकता। 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत करते हुए उन्होंने कहा कि सुरक्षा का भाव घर के अंदर से पैदा करना होगा। यदि व्यक्ति घर के अंदर सुरक्षित है, तो सामुदायिक रूप से सुरक्षा का भाव स्वतस्फूर्ति भाव के साथ पैदा होता हुआ दिखाई देगा।

अपराध-अपराधियों, भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचारियों के लिए सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इससे पहले लोकभवन में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की। योगी ने महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती व क्रिसमस की बधाई दी। छात्रा स्नेहा तिवारी ने कविता सुनाई। रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी सम्मानित किया। योगी ने कहा कि अटल जी ने अपने शासनकाल में सुशासन की नींव को

■ यूपी सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रखी, सुरक्षा का भाव घर के अंदर से पैदा करना होगा, जिससे समुदाय सुरक्षित रहता है

मजबूती दी। अटल जी की पंक्तियां 'आदमी को चाहिए कि वह जूझे, परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े', 'एक पांव धरती पर रखकर ही वामन भगवान ने आक. ाश-पाताल को जीता था, धरती ही धारण करती है, कोई उस पर भार न बने, मिथ्या-अभिमान से न तने' यह पंक्तियां हमें प्रेरणा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भावी भारत के विकास व विकसित भारत के निर्माण के लिए जो नींव वाजपेयी ने रखी थी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उस पर नए भारत का निर्माण हो रहा है। यह 2047 में विकसित भारत के रूप में 140 करोड़ की आकांक्षाओं की पूर्ति का भारत बनेगा। योगी ने कहा कि आज की तिथि अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज से ही दिन बड़े होने लगेंगे यानी ऊर्जा के लिए भगवान सूर्य के दर्शन अधिक समय तक होंगे। उन्होने कहा कि लोक शिकायतों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष पर रहा। हां 2.59 लाख से अधिक लोकशिकायतों का निस्तारण किया गया। मुख्यालय, मंडल व तहसील स्तर पर भी 16,223 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। 9 लाख छह हजार 800 से अधिक सर्विस डिलीवरी के आवेदन निस्तारित किए गए। इस दौरान ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मिशन कर्मयोगी, सुशासन में एआई व मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, सूचना के अधिकार का महत्व, नागरिकों को समयबद्ध रूप से सेवाएं उपलब्ध कराए जाने हेतु जनहित गारंटी की योजना से संबंधित उपयोगिता, शासकीय खरीद-फरोख्त में जेम पोर्टल, मानव संपदा पोर्टल पर आधारित कार्यक्रमों से भी लोगों को अवगत कराया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, संगठन महामंत्री धर्मपाल, राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, बलदेव सिंह औलख, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, सुरेंद्र मैथानी, ओपी श्रीवास्तव, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया आदि की मौजूदगी रही।

भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगना ही सुशासन: राजनाथ

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार को एक भी आरोप नहीं लगना ही सुशासन का परिचायक है। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर लोकभवन में सुशासन दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और अटल के जीवन और कार्यों को याद किया। सिंह ने कहा कि अटल ने भारत को ऐसा सुशासन दिया, जिसने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी सरकार के दौरान विकास दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंची, जो आजाद भारत में एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। उनकी गवर्नेंस की दुनिया भर में प्रशंसा होती थी। राजनाथ सिंह ने सुशासन की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक अच्छा शासन वही है, जहां हर व्यक्ति की आवश्यकताएं पूरी हों, वह खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसके पास अपनी बात कहने का अवसर हो।

कुशीनगर में मदनी मस्जिद पर चल सकता है बुलडोजर, नोटिस जारी

कुशीनगर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में निर्माणाधीन मदनी मस्जिद पर बुलडोजर चलने की संभावना है। आरोप है कि मस्जिद का कुछ हिस्सा सरकारी जमीन पर निर्माण हुआ है। इसे लेकर प्रशासन ने मस्जिद कमेटी को नोटिस भेजकर 15 दिन में जवाब मांगा है। कुशीनगर नगरपालिका ने मदनी मस्जिद नोटिस जारी कर एक हिस्से के निर्माण को गलत बताता है। मस्जिद पर नोटिस भी चस्पा कर दिया है। इसमें मस्जिद के तीसरे और चौथे मंजिल के साथ भूमिगत कमरों के निर्माण पर आपत्ति जताई गई है। कमेटी को नोटिस चस्पा होने के 15 दिनों के अंदर अपना पक्ष रखने की मोहलत दी गई है।

मुस्लिम पक्ष के लोगों का कहना है कि मस्जिद 25 साल पुरानी है। कुछ दिनों पहले हिन्दू संगठन की ओर से इस मस्जिद के नजूल भूमि,

पुलिस स्टेशन और नगरपालिका की जमीन पर निर्माण करने की शिकायत की गई थी। इसके बाद एसडीएम स्तर पर पैमाइश शुरू की गई थी। हालांकि जमीन को लेकर तो रुख स्पष्ट नहीं हो सका है, आप को बता दें कि सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर मस्जिद निर्माण को लेकर हिंदू संगठन के नेताओं ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। उसके बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की है। फिलहाल देखना होगा कि प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

चंदौसी में पांचवें दिन भी बावड़ी की खुदाई

सम्भल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी में खुदाई के दौरान मिली लगभग 150 साल पुरानी बावड़ी की पांचवें दिन भी खुदाई जारी है। अधिकारी ने बताया कि खुदाई वाली जगह भीड़ इकट्ठा होने के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था में अब प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) के जवानों की तैनाती होगी। संभल में 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद यह खुदाई की जा रही है। संभल में चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में 21 दिसंबर को खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है।

जोशी 'आर्ट ऑफ इम्प्लिमेन्टेशन' पुरस्कार से सम्मानित

गुरुग्राम। पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर यहां आयोजित कार्यक्रम में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के सदस्य सचिव डा. सच्चिदानंद जोशी को संस्कृति एवं शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए 'आर्ट ऑफ इम्प्लिमेन्टेशन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आईजीएनसीए की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मंगलवार को, पुरस्कार रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी और एसजीटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम की ओर से आयोजित 'गुड गवर्नेंस थ्रू इफेक्टिव इम्प्लिमेन्टेशन' (प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से सुशासन) कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत को याद किया गया, जिनके प्रभावी शासन के दृष्टिकोण ने पूरे देश में नीतिगत सुधारों और सांस्कृतिक प्रगति को प्रेरित किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रोफेसर डा. माणिक साहा और छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी सहित कई प्रतिष्ठित नेताओं की गरिमामय उपस्थिति रही। उन्होंने दिवगंत वाजपेयी के दूरदर्शी आदर्शों से प्रेरित होकर शासन पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य डा. विनय सहस्रबुद्धे ने की। डा. सच्चिदानंद जोशी ने रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी और एसजीटी यूनिवर्सिटी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह अवॉर्ड मेरा अकेले का नहीं है।

खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6700-6800, दाल चना 7700-7800,

मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9350-9450, उड़द दाल 9700-9800, अरहर दाल 9650-9750 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2900-3000 रुपए और चावल: 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4280-4380, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4500-4600 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17069 रुपए, मूंगफली तेल 19413 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 15751 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

हिमाचल में.... प्रभावित हो सकती हैं। 20 ट्रेनें भी लेट हुई हैं। उत्तराखंड के चमोली और उत्तरकाशी जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले इलाकों में हल्की बारिश हुई। भारी बर्फबारी के बाद बद्रीनाथ में ठिठुर रही आवारा गायों को चमोली जिले की निचली घाटियों में लाया गया। जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। मौसम अधिकारियों ने बताया कि यह इस मौसम का दूसरा सबसे ठंडा न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया और यह औसत से 4.9 डिग्री सेल्सियस नीचे बना हुआ है। श्रीनगर में 21 दिसम्बर को तापमान शून्य से 8.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

हल्द्वानी: रोडवेज... सुबह पिथौरागढ़ से हल्द्वानी लौट रही थी। हादसे की सूचना मिलते ही भीमताल थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने पुलिस और एसडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा। रेस्क्यू अभियान में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर मदद की। एसपी सिटी डा. जगद. ीश चंद्र ने बताया कि सभी घायल यात्रियों को इलाज के लिए हायर सेंटर हल्द्वानी भेजा गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

देश की पहली... केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना देश में भूमिगत दाबयुक्त पाइप सिंचाई प्रणाली अपनाने वाली सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के पूर्ण होने पर मध्य प्रदेश के 10 जिलों छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा और सागर में 8 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और 44 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। फसलों के उत्पादन और किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से हरित ऊर्जा में 103 मेगावॉट योगदान के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश में 59 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वार्षिक सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी और 1.92 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मौजूदा सिंचाई का स्थिरीकरण किया जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश के महोबा, झांसी, ललितपुर और बांदा जिलों में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। परियोजना से मध्य प्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

अंतरिक्ष में पालक... कोशिका के रंग और वृद्धि को रिकॉर्ड करेगा। अगर कोशिका का रंग बदलता है, तो प्रयोग असफल हो जाएगा। वहीं, अगर इसमें सफलता मिलती है, तो अंतरिक्ष और पृथ्वी पर कृषि तकनीकों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। साथ ही भारतीय वैज्ञानिकों की लंबी अंतरिक्ष यात्राओं, जैसे मंगल ग्रह मिशन के दौरान पौधे उगाने की संभावना और मजबूत होगी।

भव्यता से निकलेगी श्री पंच अग्नि अखाड़ा शोभायात्रा

प्रयागराज, वार्ता

दुनिया में केवल ब्राह्मण को संन्यास की दीक्षा देने वाले शैव सम्प्रदाय के सबसे पुराने श्री पंच अग्नि अखाडा अपने आराध्य देवी 'वेद माता गायत्री' की प्रतिमा के साथ गुरुवार को श्रद्धा, आस्था और भव्यता के साथ संगम की रेती पर शोभा यात्रा निकलेगी।

अखाड़े के राष्ट्रीय महामंत्री श्री सोमेश्व. रानंद महराज ने बताया कि अखाड़े में शोभयात्रा (पेशवाई) का उद्देश्य अखाड़ों के प्रति लोगों की आस्था बढ़ाना और उनसे जुड़ी खास बातें लोगों तक पहुंचाना होता है। पेशवाई के जरिये, लोगों को उन साधु- महात्माओं के दर्शन होते हैं, जिन्हें आम तौर पर नहीं देखा जा सकता। कुंभ और महाकुंभ जैसे धार्मिक आयोजनों में साधु-संतों की शोभायात्रा होती है, जो एक ऐतिहासिक परंपरा है। छावनी आखाड़ों की आस्था और शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि पेशवाई, छावनी प्रवेश अथवा शोभायात्रा आदि इन सभी का एक ही मतलब होता है। शाही स्नान से पहले अखाडे कुंभ और महाकुंभ में अपने शिविर में गाजे-बाजे सुसज्जित हाथी, घोड़े और रथों पर आरूढ़ होकर शिविर में पहुंचेगे। शोभा यात्रा

■ शोभायात्रा का उद्देश्य अखाड़ों के प्रति लोगों की आस्था बढ़ाना

शिविर पहुंचने के बाद उनके सभी पूजा-पाठ और अन्य गतिविधियों का संचालन वहीं से होंगे। उसके बाद वहीं से निर्धारित तिथियों पर त्रिवेणी में राजसी स्नान (शाही स्नान) करेंगे। शोभायात्रा में सबसे पहले अखाड़े का ध्वज लेकर साधु चलेंगे उसके बाद आराध्य देवी 'गायत्री मां' की पालकी के बाद आचार्य महामंडलेश्वर और उसके बाद महामंडलेश्वर के रथ के साथ अन्य साधु-संत पैदल यात्रा के साथ जय घोष करते चलेंगे। महाकुंभ में अखाड़ों का योगदान, धार्मिक आयोजन को दिव्यता प्रदान करता है। हाथी-घोड़े की सजावट मन को मोहती है। उन्होंने बताया कि अग्नि अखाड़े की आराध्य देवी 'वेद माता गायत्री' पालकी पर सवार होकर बाजे-गाजे के साथ महाकुंभ मेला क्षेत्र के शिविर में प्रवेश करेगी। उनकी पालकी को साधु अपने कंधों पर रख चलते हैं। पंच अग्नि अखाड़े की छावनी प्रवेश प्राचीन मठ अनंत माधव से आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मनिष्ठ स्वामी रामकृष्णानंद जी महाराज के नेतृत्व में निकलेगा। गाजे-बाजे के साथ छावनी प्रवेश के लिए अखाड़ा चौफटका सहित कई पड़ाव से गुजरते हुए त्रिवेणी मार्ग से पीपा पुल पार करके सेक्टर 20 स्थित छावनी पहुंचेगी।

महाकुंभ के लोगो से जुड़े उत्पादों की मांग में 20 फीसदी का इजाफा

प्रयागराज। प्रयागराज में अगले साल जनवरी में शुरू होने वाले महाकुंभ के लोगो वाले उत्पादों की बाजार में 20 फीसदी तक मांग बढ़ गई है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महेंद्र गोयल ने बुधवार को बताया कि व्यापार भावनाओं से भी जुड़ा होता है। अयोध्या में राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के समय राम मंदिर और सनातन से जुड़े प्रतीकों वाले उत्पादों की बाज़ार में मांग में बहुत इजाफा हुआ था। अब महाकुंभ से जुड़े उत्पादों की बिक्री में 20 अतिरिक्त फीसदी की उछाल आ गई है। नए साल के आगमन के पर दिए जाने वाले उपहार डायरियों, कैलेंडर और तोहफों के उत्पाद पर इसका सबसे अच्छा असर देखने को मिल रहा है। महाकुंभ के पहले बाजारों में भी महाकुंभ के थीम वाले सामानों की मांग बढ़ गई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

नील गाय की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

चरथावल। कुटेसरा से पावटी मार्ग पर बाइक सवार युवकों के सामने नीलगाय आने से एक युवक की जहाँ मोके पर ही मौत हो गयी वही दूसरा गंभीर अवस्था मे मुजफ्फरनगर निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया हे

कुटेसरा गांव मे रिश्तेदारी से वापस लोट रहे बरला निवासी दो बाइक सवार लोगो की बाइक अँधेरे के समय सड़क पार कर रही नीलगाय से टकरा गयी जिससे बाइक सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए आनन फानन मे ग्रामीण दोनों को लेकर मुजफ्फरनगर निजी अस्पताल पहुँचे जहाँ डॉक्टरो ने बरला निवासी 45 वर्षीय आसमो. को मृत घोषित कर दिया वही गंभीर घायल उस्मान की हालत भी नाजुक बनी हुई हे देर रात चरथावल पुलिस ने मोके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली बरला निवासी परिजन मृत आसमोहम्मद को बिना किसी कार्यवाही के घर ले गए अचानक हुए हादसे से मृतक के परि. जनों मे हाहाकार मच गए और परिजनों का रोरोकर बुरा हाल था घटना से क्षेत्र मे शोक फेल गया।

पांच अवैध कॉलौनियों पर चला एमडीए का बुल्डोजर

मुजफ्फरनगर। एमडीए ने अभियान चलाकर 111 बीघे भूमि पर विकसित होने वाली अवैध कॉलौनियों के निर्माण को बिस्मार किया।

उपाध्यक्ष कविता मीणा के निर्देश पर सचिव आदित्य प्रजापति के नेतृत्व में टीम ने भू-स्वामी वैभव जैन, अमित बालियान, ए.टू.जेड रोड लगभग 16 बीघा, शोभाराम, विपिन कुमार, सचिन राणा, अमित तोमर द्वारा ग्राम मुस्तफाबाद, भोपा बाईपास पुल के पास, लगभग 70 बीघा, सुमित कुमार, नरेन्द्र, सुशील पुत्रगण रघुनन्दन आंदि द्वारा ग्राम जटमुझेडा, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर में लगभग 10 बीघा एवं विनय प्रधान, कपिल मलिक, संदीप मलिक आदि द्वारा ग्राम मुस्तफाबाद, मुजफ्फरनगर में लगभग 08 बीघा में अनाधिकृत रूप से बन रही कॉलौनी सहित पांच स्थानों पर निर्माण कार्य बिस्मार कराया।

क्रिसमस पर मोमबत्ती जलाकर की प्रार्थना

रंगी-बिरंगी रोशनी में नहाए शहर के गिरजाघर, पादरी ने दिया प्रभु यीशु के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गिरिजा गुरु में बडी संख्या में अन्य धर्म के लोग भी मोमबत्ती जलाकर एक दूसरे को क्रिसमस पर्व की बधाइयां देते रहे। बाजारों में तथा रेस्टोरेंट और होटल में क्रिसमस ट्री सजाए गए थे जहां खुश मिजाज गुलाबी चेहरे और बडी सफेद दाढ़ी वाले सांटा क्लाज ने आने वाले बच्चों को उपहार भी दिए।

क्रिसमस की पूर्ण संध्या से ही गिरिजाघरों को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी शुरू हो गई थी। बुधवार को दिन ढलते ही गिरजाघर रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। ईसाई समाज के लोगों ने घरों को भी रंग बिरंगी झालरों से सजाया। चर्च को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था इसमे क्रिसमस ट्री भी सजाए गए। सुबह के समय पादरी निर्मल जैकब ने समाज के लोगों को प्रभु ईशा मसीह के बारे में बताया। कहा कि प्रभु ईशा मसीह ने संसार को मानवता का संदेश दिया, उन्होंने मानव जाति को मुक्ति दिलाने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। हमे प्रभु के उपदेशों को अपनाना चाहिए। प्रभु ईशा मसीह के जन्म के गीत भी गाए। प्रार्थना के बाद लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। मेथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना में पादरी ने कहा कि यीशू मसीह दुनिया को एकता व भाईचारे का संदेश देते थे, उन्होने सादा जीवन व्यतीत किया। पादरी ने समाज के लोगों को उनके पद्चिन्हों पर चलने को कहा। कार्यक्रम के बाद बच्चों ने ढ़ोल की थापों पर नृत्य किया। प्रत्येक वर्ष क्रिसमस का पर्व नगर में धूमधाम के साथ मनाया जाता रहा है। झांसी की रानी के निकट सेंट जॉनस चर्च व पुलिस लाइन के निकट मेथाडिस्ट चर्च में बच्चे और बडे भगवान यीशु के जन्मदिन को मनाने उत्साहपूर्वक पहुंचे। चर्च में मोमबत्ती जलाने के लिए इतनी बडी संख्या में लोग आए कि पुलिस को व्यवस्था बनाने में भी मशक्कत करनी पडी।

13 स्थानों पर टीम ने परखी खाद्य सामाग्री की गुणवत्ता

■ खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चलाया विशेष अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। नगर से ग्रामीण क्षेत्रों तक खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए 13 जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान कच्ची सडक और भोपा रोड पर क्रिसमस को लेकर केक पेस्ट्री सहित अन्य के नमूने भरे गए। सहायक आयुक्त खाद्य अर्चना धीरान तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवकुमार मिश्र के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने नमूने संग्रहित किए। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा, विशाल चौधरी, मनोज कुमार तथा सुनील कुमार सम्मिलित रहे। इन प्रतिष्ठानों पर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम

शहर के कच्ची सडक स्थित आनंदपुरी में पूजा बेकरी से पेस्ट्री तथा फ्रूट केक का एक-एक नमूना, आरव आशी बेकरी आनंदपुरी से केक तथा फ्रूट केक का एक-एक नमूना, सुशील बेकरी से केक रस्क का एक नमूना और रोलिंग पिन बेकरी ओल्ड भोपा रोड से रेड वेलवेट केक तथा चॉकलेट केक का एक-एक नमूना, वेरिएशन फूड्स ओल्ड भोपा रोड से रेड वेलवेट केक का एक नमूना, राधिका स्नैक्स एंड काठी रोल से काठी रोल तथा मलाई चाप का एक-एक नमूना, कल्लू डेरी शाहपुर से पनीर का एक नमूना, मीरापुर दलपत से मावा का एक नमूना तथा धंसनी से मावा का एक नमूना लिया गया।

मुजफ्फरनगर: शहर में किया गया स्वंयसेवकों का पथ संचलन। छाया: तबरेज खान

सफर-ए-शहादत पर दूध व चाय का लंगर लगाया

मुजफ्फरनगर। पंचायती गुरुद्वारा पंचदरा समिति द्वारा सफर-ए-शहादत (शहीदी सप्ताह) चार साहिबजादे एवं माता गुजर कौर की लासानी शहीदी को प्रणाम करते हुए शिव चौक पर ज्ञानी गौरव सिंह द्वारा अरदास उपरान्त दूध, चाय, पकोडे, बिस्कुट एवं रस का लंगर लगाकर ठंड में हजारों राहगीरों को बडी श्रद्धा भाव से छकाया गया। कार्यक्रम में सिख समाज के साथ-साथ अन्य धर्मों के अनुयायियों ने भी पहुंचकर दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों एवं माता गुजर कौर की लासानी शहीदी पर श्रद्धा के फूल भेंट किए। कार्यक्रम मे डा. प्रतिपाल सिंह कथूरिया, सरदार सतनाम सिंह हंसपाल, सरदार गुरिंदर सिंह कोहली, सरदार हरमिंन्द्र सिंह रूपराय, सुरेंदर वर्मा, कवल वाधवा, सुनील शर्मा समा. जसेवी, परमीत सिंह, निशु सिंह बांगा, कविश वाधवा, आशु वर्मा, संता सिंह हंसपाल, मास्टर विजय सिंह, मेहर सिंह, दारा सिंह, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

कार से जेवर चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। मंसूरपुर पुलिस ने बदमाशों द्वारा गाडी के शीशे तोडकर चोरी किए जेवरात बरामद कर बदमाश के कब्जे से अवैध असलाह बरामद होना भी बताया है। मसूंरपुर पुलिस की माने तो उन्नीस अक्टूबर को मंसूरपुर क्षेत्र के मिडवे के होटल के बाहर खडी यूके 07 बीके 2035 का शीशा तोडकर लाखों रूपयें के जेवर चोरी कर लिए थे। जिसका मुकदमा मंसूरपुर थाने मे दर्ज कर लिया गया था। पुलिस घटना के दिन से ही सीसीटीवी के आधार पर बदमाशों की तलाश में लगी थी और पुलिस ने नावला कट के निकट से सोनू उर्फ कृष्ण बिरला पुत्र धमेन्द्र सिंह निवासी रोटा रोड कंकर खेडा मेरठ को गिरफ्तार किया है।

बाल स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन

■ गुरूगोविंद सिंह के साहिबजादों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवकों द्वारा गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादो की स्मृति में द्वारकापुरी स्थित पार्क से एक पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन द्वारकापुरी पार्क से शुरू होते हुए शिवपुरी, भोपा रोड, द्वारक. ापुरी से होते हुए पुनः द्वारकापुरी पार्क में पूर्ण हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पटेल नगर के नगर संचालक अनिल ने की व कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक नृपेंद्र कुमार रहे।

जिला प्रचारक ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादो का बलिदान संपूर्ण हिंदू समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने अपने धर्म के लिए अपना जीवन आहूत कर दिया। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के नवयुवकों को भी अपने धर्म के प्रति निष्ठा और जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों के बलिदान को ध्यान रखना चाहिए एवं समय-समय पर अपनी आने वाली पीढ़ियों को उसकी जानकारी देनी चाहिए। संचलन में पटेलनगर के नगर कार्यवाह योगेश, सह-नगर कार्यवाह आनंद, नगर प्रचारक आयुष, विभाग सेवा प्रमुख बृजेश कुमार, नगर प्रचार प्रमुख हेमू विक्रमादित्य, सह नगर प्रचार प्रमुख अशोक, नगर शारीरिक प्रमुख रामकुमार, सह नगर शारीरिक प्रमुख विकास कुमार, नगर बौद्धिक प्रमुख विकास, नगर व्यवस्था प्रमुख बाल बहादुर, नगर संपर्क प्रमुख शोभित, नगर विद्यार्थी प्रमुख मूलचंद, जिला व्यवस्था प्रमुख नितिन, विकास, पंडित ऋषभदेव शर्मा, मनोज, अंकुर, विनी, मुकुल, विशाल, प्रियांक, गोपाल, पंकज भारद्वाज एडवोकेट, अशोक कुमार व जिले के अन्य दायित्ववान कार्यकर्ता व सम्मानित क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

ब्राह्मण महासभा ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

वार्षिक अधिवेशन के रूप में मनाया महामना मालवीय का जन्मदिन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। ब्राह्मण महासभा के बैनर पर आयोजित कार्यक्रम में पंडित महामना मालवीय का जन्मदिन वार्षिक अधिवेशन के रूप में मनाया गया।

आदर्श कॉलौनी स्थित सभा भवन में सर्वप्रथम पूजन किया गया, जिसमे मुख्य यजमान के रूप में माधुरी गौतम एवं हरीश गौतम उपस्थित रहे। सभा के संरक्षक चंद्रशेखर शर्मा, राजेंद्र शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि अखिलेश दत्त तथा विशिष्ट अतिथियों, स्वामी भगवान आश्रम महाराज, विजय शर्मा, डॉ यूसी गौड़, बीआर शर्मा, संजय मिश्रा एवं राकेश शर्मा का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि अखिलेश दत्त द्वारा फीता काटकर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों-छात्राओं एवं समाज के वरिष्ठ सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के बच्चों द्वारा अर्चना शर्मा के निर्देशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिशु शर्मा, रामानंद शर्मा, महेन्द्र शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, रमन शर्मा, राहुल शर्मा, शिशु प्रधान तथा लोकराज कौशिक उपस्थित रहे उपस्थित रहे। अधिवेशन का सफल संचालन सभा के वरिष्ठ सदस्य राकेश वशिष्ठ द्वारा किया गया। सभा के अध्यक्ष अनिल शर्मा एवं महामंत्री महेश वत्स द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

परीक्षा से लौट रहे छात्र पर बोला जानलेवा हमला

■ छात्र के पिता ने तहरीर देकर कायम कराया मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। सरकुलर रोड स्थित स्कूल के बाहर एक छात्र पर प्रांण घातक हमला किया गया। पुलिस ने इस मामले को दर्ज कर लिया है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मौहल्ला वेदांता कॉलौनी निवासी अनिल कुमार पुत्र कालू सिंह ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम लिखे एक शिकायती पत्र में बताया कि उसका पुत्र अंश चौधरी सरकुलर रोड स्थित एक कॉलेज में इण्टर का छात्र है। तहरीर में बताया कि 23 दिसम्बर को परीक्षा के बाद जब उसका बेटा स्कूल से बाहर निकला तो आरोप लगाया कि रूद्रा त्यागी, प्रथम त्यागी, नमन त्यागी अपने आधा दर्जन साथियों के साथ वहां खडा था। यह भी आरोप है कि आरो. पियों ने उसके साथ मारपीट व गालीगलौच शुरू कर दी। जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने तमंचे से सिर व आंख पर बट से वार कर दिया। और धमकी देकर फरार हो गए। अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों हमलावर से घटना से पहले ही उसके साथ कहासुनी हुई थी। पीडित ने बताया कि हमलावर इस स्कूल के छात्र नहीं है। पुलिस ने दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

मुजफ्फरनगर: होमगार्ड को ड्यूटी के लिए रवाना करते एसपी यातायात व अन्य अधिकारी।

महाकुंभ मेले में 280 होमगार्ड रवाना

डिवीजन कमांडेंट ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। जनवरी माह से प्रयागराज में शुरू होने जा रहे महाकुम्भ मेले में व्यवस्थाओं को लेकर शासन स्तर से तैयारियां की जा रही है। व्यवस्थाओं में किसी तरह की गडबडी न हो और कोई कमी न रह जाए इसके लिए हरजतन प्रयास किए जा रहे है।

बुधवार को जनपद मुजफ्फरनगर से 280 का होमगार्ड का एक दस्ता महाकुम्भ में ड्यूटी के लिए रवाना किया गया है। एसपी ट्रैफिक व डिवीजन कमाडेंट ने हरी झंडी दिखाकर होमगार्ड की बसों को रवाना किया है। त्रिवेणी के तट पर इस बार शुरू होने जा रहे महाकुंभ की उच्च स्तर से व्यवस्थाओं को लेकर शासन गंभीर है। महाकुंभ मेले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यहां से भी व्यवस्था बनाई जा रही है। महाकुभ के इस मेले में दुनियाभर से लाखों-करोडों लोग आते है। इसी के चलते व्यवस्थाओं को लेकर हर जिले का प्रशासन व शासन स्तर से तैयारियां की जा रही है। और प्रत्येक जनपद से ड्यूटी भी लगाई जा रही है। इसी के चलते जनपद मुजफ्फनगर से भी 280 होमगार्ड की ड्यूटी महाकुंभ मेले में लगाई गई है और बुधवार को पुलिस लाइन परिसर से डिवीजन कमांडेंड कृष्ण शंकर पाण्डेय, जिला कमांडेंट सतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर होमगार्डो की बसों को महाकुंभ मेले में ड्यूटी के लिए रवाना किया है। बुधवार को पुलिस लाइन परिसर में होमगार्डो की चहल-पहल रही। और सभी अपनी-अपनी तैयारियों के साथ ड्यूटी करने के लिए प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए रवाना हो गए। महाकुंभ मेले में ड्यूटी के लिए होमगार्डो की कई दिन से तैयारियां चल रही थी और अधिकारी उनको ड्यूटी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

एसपी सिटी ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

क्षेत्राधिकारी नगर व्योम बिंदल व आरआई ने दीप प्रज्जवलित कर किए पुष्प अर्पित

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने सुशासन दिवस के उपलक्ष में पुलिस लाइन में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी के वर्ष के उपलक्ष में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने रिजर्व पुलिस लाइन में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक-क्षेत्राधिकारी नगर व्योम बिंदल, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा भी स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये गये।

पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत ने इस दौरान पुलिस बल को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र निर्माण में सुशासन की महती भूमिका अदा की है, उन्होंने सदैव यही बताया कि राष्ट्र में लोकतंत्र की सफलता वहां के सुशासन पर निर्भर होती है।

उन्होंने देशवासियों को सुशासन के माध्यम से सदैव कल्याण करने का संदेश दिया। हमें भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के उच्च आदर्शों को जीवन में उतार कर सदैव राष्ट्र के प्रति सेवा भावना से कार्य करना चाहिए। जनपद के समस्त थानों पर भी पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

यथास्थिति बनाने को बिस्मार मजार की सफाई का कार्य रुकवाया

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। कस्बे के कांधला रोड पर एचपी गैस गोदाम के समीप स्थित हज़रत काजी मुख्तार शाह की दो दिन पूर्व कुछ दबंगों द्वारा अपने मुफाद के लिए क्षतिग्रस्त की गयी एक मजार के मामले में बुधवार के दिन बुढाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर साफ सफाई का कार्य यह कहकर रुकवा दिया कि वे इस संबंध में बृहस्पतिवार को बुढाना एसडीएम से बात कर लें। यह सफाई शिकायकर्ता शेख मोहम्मद अयाजुद्दीन नवाबुद्दीन और भाजपा नेता पवनीशघ जावला करा रहे थे।

मौके पर पहुंचे एसएसआई ललित शर्मा और कस्बा ईंचार्ज ललित कसाना को शिकायकर्ताओं ने बताया कि यहां पर अभी मजार के अवशेष हैं। उनको डर है कि आरोपी रात में इन अवशेषों को गायब कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो आरोपियों के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस बारे में मीडिया के समक्ष शिकायतकर्ता शेख अयाजुद्दीन ने बताया कि ये जो मजार शरीफ शहीद की गयी है उसके दोषियों को पुलिस तुरंत गिरफ्तार करे।

उन्होंने यहां पर मजार क्षतिग्रस्त करने के अलावा पीडब्ल्यूडी का पोल उखाडकर दो सरकारी बडे पेड़ों को भी काटा हैं।घ यहां पर पहुंचे कश्यप समाज बुढाना की खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने बताया कि जिनकी भी ये हरकत है वो गलत है। उनको ऐसा नहीं करना चाहिए था। यहां के पुलिस और प्रशासन को चाहिए कि वो इस क्षतिग्रस्त मजार को पुन: बनवाने का काम करे। यह मजार दोनों धर्मों के लोगों की आस्था से जुड़ी है।

प्रतिबंध के बाद भी धड़ल्ले से हो रहा है सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग

बुढ़ाना। कस्बे में पूर्ण रूप से सिंगल यूज पलास्टिक पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बावजूद फिर भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किसी भी सूरत में बन्द नहीं हो पा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिये लगातार खतरा ही उत्पन्न कर रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक के बहिष्कार के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए शासन स्तर से प्लास्टिक उन्मूलन महाभियान चलाये जाने के लिए नगर पंचायतों को भी निर्देशित किया गया है। इसके अलावा बुढ़ाना कस्बे मे दिन प्रतिदिन बढते अतिक्रमण से भी नगरवासियों के साथ साथ बाहर से आने वाले यात्रियों को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है।

सीएमओ ने मोरना स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया

मोरना। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मोरना अस्पताल मे ओचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मोरना स्थित स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचे मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील तेवतिया ने उपस्थिति रजिस्टर की जांच की। जिसके बाद सी एम ओ ने निरिक्षण किया गया।व दवाईयों की नियमित उपलब्धता आदि के बारे मे जानक. ारी की। तथा अस्पताल मे भर्ती मरीजो से उनका हाल जाना।साथ ही अस्पताल सहित अस्पताल के प्रांगण मे स्वच्छता आदि का निरिक्षण कर कहा की बुधवार को सफाई दिवस के रूप मे मनाये व बेटी पैदा होने पर एक पेड़ अवश्य लगाया जाये भ्रूण हत्या को रोकना हैसभी को जागरूक करना है आशा व एएनएम को कहां की महिलाओं में आयरन की कमी को दूर करने के लिए चीनी का उपयोग न करें गुड का उपयोग करें जिससे आयरन की कमी दूर होती है ज्यादा से ज्यादा गुड का उपयोग करें । तेज ठंड को ख्रष्टिगत रखते हुए स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया की मोरना अस्पताल का निरिक्षण किया गया है। नागरिको को उच्च स्वास्थ्य सेवाए प्रदान करना हैं।इस दौरान नरेंद्र कुमार ,यशोदा ,डोली आदि उपस्थित रहे।

क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

बुढ़ाना। दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का बड़ी धूमधाम के साथ समापन किया गया। स्कूल में चल रही दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चार हाउस क्रमश: ब्लू, रेड, ग्रीन और येल्लो बनाकर बच्चों को खेल क्रमश: कबड्डी, बॉलीवॉल, खो-खो, स्लो साईकिल, बुक बैलेंस और चम्मच बॉल बैलेंस आदि खेलो का आयोजन किया गया। वालीबॉल में रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय, येल्लो हाउस तृतीय, टग ऑफ वार में रेड हाउस गर्ल्स प्रथम, ब्लू हाउस बॉयज प्रथम, खो-खो में येल्लो हाउस प्रथम, जूनियर येल्लो हाउस प्रथम, रेड और ग्रीन हाउस द्वितीय, स्लो साईकिल येल्लो हाउस प्रथम, रेड हाउस द्वितीय और ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहे।

अथर्ववेद महायज्ञ में आहुति देने उमड़े धर्मप्रेमी

बुढ़ाना। कस्बे में जिला बार संघ के अध्यक्ष व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद त्यागी की ओर से उनके आवास पर दो दिवसीय अथर्ववेद पारायण महायज्ञ बुधवार को शुरू हुआ। गुरुकुल लक्ष्यगृह बरनावा के आचार्य एवं वेदपाठियों ने यज्ञ में अर्पित की जाने वाली सामग्री शाक्लय, घृत और समिधा के बारे में विस्तार से बताया। जिला बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने बताया कि यज्ञ भारतीय संस्कृति का प्राण तथा वैदिक धर्म का सार है तो गलत नहीं होगा। यहां नगर पंचायत बुढ़ाना की चेयरपर्सन उमा त्यागी, बुढ़ाना बार संघ के अध्यक्ष विनोद त्यागी, डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी, दुष्यंत त्यागी, अमित गर्ग, राजेश्वर गर्ग, ललित शर्मा, ओमपाल मलिक, प्रशांत शर्मा, राजू पांचाल, नितिन कंसल, सुनील ठाकुर, वीके त्यागी, कुणाल त्यागी, शिवम त्रिपाठी, सागर कश्यप, रवि त्यागी, अंकित त्यागी व अवि त्यागी आदि धर्मप्रेमियों की मौजूदगी थी।

सुशासन दिवस पर दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

बुढ़ाना। सुशासन दिवस पर मिशन शक्तिष विशेष अभियान फेज-5 के अंतर्गत बालिकाओं के बीच गीत व दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय बुढाना मे हुआ। यहां भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती भी मनाई गयी। यहां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत हुई गीत व दौड़ प्रतियोगिता के विजेताओं को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बुढ़ाना महिला थाना की प्रभारी सुमन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेता छात्र छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बुढाना की वार्डन रश्मि रानी ने सब अतिथियों का स्वागत किया और संचालन डॉक्टर राजीव कुमार द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में शिक्षिका पूनम शर्मा, नेहा शर्मा, वर्षा, महिला आरक्षी मोनिका चौधरी व शिवराज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यहां पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। डाक्टर राजीव कुमार ने सुशासन दिवस व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विषय में छात्राओं को जानकारी दी। थाना प्रभारी सुमन शर्मा ने

बालिकाओं को मिशन शक्ति फेज 5, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर के विषय मे जानकारी दी और गीत व दौड़ प्रतियोगिता मे विजयी आई छात्रा सुहाना, सहराना, सुम्बुल, सना, वैष्णवी, सानिया, राधा, मिस्टी, प्रियांशी, हिमांशी और खनक को मैडल पहनाकर सम्मानित भी किया।

शिक्षा एक ऐसी चीज है जो जितना प्राप्त कर ले उतना कम

शाह टाइम्स संवाददाता

पुरकाजी। कस्बे में पूर्व सांसद अमीर आलम खान पूर्व विधायक नवाजिश आलम खान द्वारा पुरका. जी निवासी सबिया पुत्री राहत खान के बिहार के जिला मोतीहारी में असिस्टेंट प्रोविजन अधिकारी पद पर नियुक्ति होने पर अभिनंदन किया।

कस्बा निवासी राहत खान की पुत्री सबिया ने बिहार में असिस्टेंट प्रोविजन अधिकारी आईपीओ पद पर नियुक्त होने पर पूर्व सांसद अमीर आलम खान पूर्व विधायक नवाजी सलाम खान उनके निवास पर पहुंचकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया है इस मौके पर पूर्व सांसद आमिर खान ने कहा शिक्षा

एक ऐसी चीज है जो जितनी प्राप्त कर ले वह कम है पूर्व सांसद में कहां सबिया शिक्षा की देन है हमें अपने बच्चों को शिक्षित करना चाहिए जिससे वह देश का नाम रोशन करें इस मौके पर पूर्व विधायक नवाजीश आलम खान, बशारत खान, दिलीप खान, मुनव्वर फरीदी, आजम खान,शकील अहमद, डॉक्टर सलीम खान ,शाहबाज खान, उस्मान खान, पप्पन खान, मौजूद रह

महिला सशक्तिकरण पर योग क्लास का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। अंतर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण दिवस पर एसडी मार्केट में आयोजित योग क्लास मे शशि जैन ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं।

आज हमारे देश की महामहिम राष्ट्रपति महिला ही है और प्रधानमंत्री भी महिला रह चुकी है आज हमारे देश की सफल वित्त मंत्री भी महिला ही है। महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए रेखा शर्मा ने कहा कि महिलाओं का दूसरा पहलू भी बहुत महत्वपूर्ण है एक महिला को भी अपने परिवार के प्रति अपनी पूरी जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए एक बेटी जब दूसरे घर की बहू बनकर जाती है तो बहू भी अपनी सास को अपनी मां के समान ही समझे और सास भी अपनी बहू को बेटी माने तो परिवार कभी नहीं टूटेंगे। इस दौरान नरेंद्र

एडवोकेट, जिला प्रधान सुभाष गुप्ता, महामंत्री प्रेम सिंह राणा, केंद्र प्रमुख विनय कुमार वर्मा, धर्मवीर पाल, श्याम पाल, रतन पाल, डॉक्टर जय शर्मा, डॉक्टर प्रमोद कुमार, अजय मित्तल, नरेंद्र एडवोकेट, शशि जैन, विनीत मित्तल, प्रमिला राय, रेखा शर्मा, साधना गुप्ता,शालिनी अग्रवाल, ममता शर्मा, संतोष ने कहा कि महिलाएं अपनी योग्यता हर क्षेत्र में साबित कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण के बिना देश व समाज में नारी को वह स्थान नहीं मिल सकता जिसकी वह हमेशा से हकदार रही है।

सांस्कृतिक उत्सव में छात्र-छात्राओं ने किया शास्त्रीय गीत-संगीत का प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर। मां सरस्वती एजुकेशनल एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित, संगीत-सरिता म्यूज़िक एकेडमी (केडिया वाटिका , भोपा रोड) के तत्वाधान में भोपा रोड स्थित एक बैंकट हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम शिशिर का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के छात्र/छात्राओं के अभिभावक एवं शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

डॉ. एन.के.अरोरा , पंडित संजीव शंकर (महामंडलेश्वर), राकेश कुमार राठी, मुकेश लाल , विजय शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, रत्ना मिश्रा एवं संस्था के निदेशक पंडित दिलीप मिश्रा ने माँ शारदा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, निलेश और विशेष मिश्र ने स्वस्ति वाचन किया, और पंडित दिलीप मिश्रा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके पश्चात, संगीत सरिता म्यूज़िक एकेडमी के विद्यार्थियों ने संगीत की विभिन्न विधाओं का प्रदर्शन कर अपनी संगीत साधना का परिचय दिया।पुरुष वर्ग में मनोज चौधरी , संदीप भारघ्द्वाज, मंगेश त्यागी, विभोर तनेजा , पलविंदर सिंह , अनुज गौतम, पलाश अग्रवाल, आज़ाद सिंह , नितिन कुमार, रविन्द्र कुमार, भव्यम , परागवंश, वासु गोयल, रेयांश पाल , अभिंशु, संजय शर्मा, सौरव मितल, हर्षित चौहान, प्रणव दीक्षित , साहिल , प्रिंस , विशेष मिश्र , निलेश मिश्र ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।वहीं महिला वर्ग में, प्रियंका गर्ग, आरती पाल , निधि रानी, रश्मि, रिया, वंशिका, पारुल गर्ग, सिमरन कश्यप, प्रणवी मित्तल, वाणी पंवार, देवशी गर्ग , वैष्णवी चौधरी, अंशिका राठी, नीलम त्यागी , पूर्णिमा विश्वास, पूनम पंवार, मिश्रिता, तनिषा तोमर, एकता शर्मा, पूनम रानी, ममता सिंह, ने अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को नए आयाम दिए।कार्यक्रम का आकर्षण शास्त्रीय गायन रहा। भव्यम ने राग बिहाग , प्रिंस ने राग भैरव , रिया ने राग बागेश्री, वासु गोयल ने राग मालकौंस, एकता शर्मा ने राग बिहाग, प्रियंका गर्ग ने राग आसाव. री, निधि रानी ने दुर्गा , हर्षित ने राग मालकौंस प्रस्तुत कर सुरों की छटा बिखेरी एवं उपस्थित श्रोताओं को अभिभूत कर दिया।तबले पर निलेश मिश्र ने तानपुरे पर सिमरन कश्यप और हारमोनियम पर विशेष मिश्र ने संगत की।निलेश मिश्र ने अपने तबला एकल वादन से ब्विवविख्यात तबला के जादूगर , स्वगह्णय उस्ताद ज़ाकिर हुसैन को श्र)ांजलि अर्पित की साथ ही अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों की तालियां बटोरी एवं विशेष मिश्रा ने पियानो पर अपनी प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।पलाश अग्रवाल ने बहुत प्यार करते हैं तुमको सनम, प्रणव ने ये दुनिया

ये महफिल , अनुज गौतम ने तेरा मिलना पल दो पल का, सिमरन ने जो होगा अच्छा होगा , पलविंदर ने यार पंजाबी , ममता सिंह और आज़ाद सिंह ने जे हम तुम चोरी से बंधे एक डोरी से गा कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूनम रानी ने लोकगीत कोयल बिन बगियां न सोहे राजा गा कर शारदा सिन्हा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. आर. के.सिंह , डॉ. शिवानी लाल , आशीष यादव, सुघोष आर्य (प्रधानाचार्य - आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल) , अमित पुंडीर (डायरेक्टर - के.पी.एस. एकेडमी), श्रवण त्यागी आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संगीत पक्ष, मनीष नामदेव, सरदार इंदरपाल सिंह, अमित शर्मा, सन्नी ने संभाला।

रोडवेज व ट्रक चालक की धींगामस्ती से लगा जाम

बुढ़ाना। कस्बा पुलिस चौकी के ठीक सामने रोडवेज बस और ट्रक चालक नाक का सवाल लिए हुए आपस में भिड़ गये। दोनों में से कोई भी अपना वाहन पीछे हटाने को तैयार नहीं हुआ। एक चालक सरकारी मशीनरी का रौब दे रहा था तो दूसरा पैसे के बल का रौब दे रहा था। इस दौरान लंबा जाम लग गया और आने जाने वाले अन्य वाहन चालकों की मुसीबत आ गयी। दोनों का शीत युद्ध इसमें पहले होट वार में बदलता तब चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने अपने रुतबे का इस्तेमाल करते हुए दोनों चारों को जमकर फटकार लगाई और कडी चेतावनी देते हुए जाम खुलवाया। बताया जाता है कि सिर्फ साइड को लेकर ही दोनों चालकों में खूब कहासुनी हुई और दोनों वाहनों को बीच सडक पर रोककर बंद कर दिया। जिस कारण रोड बंद हो गया। रास्ता बंद हो जाने के बाद लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पडा। बाद में पुलिस ने दोनों को हड़काते हुए जाम खुलवाकर आने जाने वालों को राहत दी।

न्यू वेल्किन स्कूल में क्रिसमस डे मनाया

भोपा। न्यू वेल्किन पब्लिक स्कूल जट मुझेडा मंगलवार को क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें एकता व अखंडता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला कार्यक्रम का प्रारम्भ स्कूल के छात्र-छात्राओ ने नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रभु ईसा मसीह के जीवन पर प्रकाश डाला गया नर्सरी के बच्चों ने 'बम बम भोले' गाने पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया यूकेजी के बच्चों ने झिंगल बेल, झिंगल बेल गाने पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया जिसमें इशिका, जीविका, खतीजा, दिव्यांशी, देवांश, रिषभ, विराज, अली, आरंश राठी आदि बच्चो ने भाग लिया

कक्षा प्रथम, द्वितीय व तृतीय के छात्र-छात्राओ ने क्रिसमस ट्री गाने पर हर्षित, अवनी, कनक, वान्या, निशा, काव्या, शान्वी,

जिया, रितिक, नाव्या आदि छात्रों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मन्त्र मुग्ध कर दिया कक्षा चतुर्थ, पंचम व षष्टम के जसमीत, तुलसी, राधिका, पलक, युगानि, प्रियांशी, अवनी चौधरी, विधि, अवनी, परी, रिया धीमान, नित्या, आरवी, रीतिका, शगुन, आराध्या आदि बच्चो ने आसमा पे नजर गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया कक्षा सात की छात्रा साँची ने महंगे सूट गाने पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया ए कक्षा नवमी के छात्र आयुष चौधरी ने सांता क्लाज की ड्रेस में बच्चो को टॉफिया, चाकलेट, बिस्कुट वितरण किये विद्यालय के अध्यक्ष विनय कुमार , उपाध्यक्ष केद्र केद्र आनंद , प्रबन्धक दुष्यंत कुमार प्रधानाचार्य मनीष कुमार सभी कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

जेपीएस पब्लिक स्कूल में विजेताओं को किया पुरुस्कृत

शाह टाइम्स संवाददाता

मोरना।जेपीएस पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय प्रकाशवती देवी मेमोरियल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन पुरुष्कार वितरण के उपरान्त हो गया। बुधवार को कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अथिति जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, विधायक मिथलेश पाल, ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी,हरीश राठी, राम कुमार शर्मा, पंडित विनोद शर्मा, भूपेंद्र सिंह, रणधीर गुर्जर,अजय चौयरमैन विद्यालय डायरेक्टर कृष्णकांत शर्मा, मेनेजर मोहिनी शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि सार्थक शर्मा ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया।प्रतियोगिता मे बकेट और बॉल रेस में छवि, इशीका, अली. सिंपल रेस मे वसु, फहीम, सम्राट जंपिंग रेस तनिष्क, उन्नति अक्ष लेमन स्पून दीपाली, नवीद, पूर्वी सनेल रेस मे अविका, देवांश, इल्मापेयर रेस में आरव-ईशानी, अमन-अ़श्वी अनाया-यूवीबैग पैकिंग रेस में अर्णव,युवराज, अरि. हंतशूज एंड सॉक्स रेस मे अर्णव, आयांश, अक्षितअंडर टेबल रेस में आरव, ग्रंथ, अर्णव क्रम से प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे।खेल प्रतियोगिता के बीच छात्राओं ने सांस्कृतिक नृत्य व फिल्मी गाने पर डांस की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर संगीता श्रीवास्तव, विनीता शर्मा, विनीत कौशिक, मेघा खेवरिया, सोनाली शर्मा, सृष्टि, दृष्टि, संगीता मेनवाल, विनीता पवार, नूर जहां, माला, मुस्कान, मोख आसिफ, वैष्णवी, मानवी, शिखा, ईशा, शिवानी शर्मा आस्था, आराध्या, शीतल, निधि, शिवानी, भावना, चिंकी शर्मा, सारिका शर्मा, पूजा दीक्षित, मोहम्मद तौसीफ, वरुन गर्ग, रमा, अनिल, राजबीर, आदि का सहयोग रहा।

NAME CHANGE

I have changed my name MUNAWWAR MALIK to MUNAVVAR MALIK for all purpose in future.

MUNAWWAR MALIK S/O SAMAYDEEN 826, Mahamood Nagar, Muzaffarnagar 251002

महिलाओं ने दीप जलाकर की तुलसी मां की पूजा

शाह टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। जिला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने प्रकाश चौक स्थित कार्यालय पर दीप जलाकर रोली कलावा बांधकर तुलसी माता की पूजा की गई।

इस अवसर पर महिला मोर्चा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अलका शर्मा जी और जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी और शालू चौधरी महानगर अध्यक्ष अंजू त्यागी महामंत्री के द्वारा शॉल देखा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की टीम में फेरबदल करते हुए राखी प्रजापति को महानगर अध्यक्ष और शालू चौधरी को जिला उपाध्यक्ष मानसी को जिला सचिव और मोनिका को नगर उपाध्यक्ष की के पद से सम्मानित किया। इस अवसर पर आज जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, महिला मोर्चा क्रांति सेना,

अलका शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, पूनम अग्रवाल सहारनपुर मंडल अध्यक्ष, अंजू त्यागी जिला महामंत्री, शालू चौधरी महानगर अध्यक्ष, मीनू शर्मा जिला उपाध्यक्ष, मिथिलेश गिरी जिला उपाध्यक्ष, निधि शर्मा नगर महामंत्री, राखी प्रजापति नगर उपाध्यक्ष, मधु तायल जिला सचिव, कंचन बाटला संगठन मंत्री, अनीता प्रजापति जिला सचिव, सुमन प्रजापति सचिव, आरती वहलना, दीपा रानी सुजडु, मानसी आदि सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया.।

महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया

मुजफ्फरनगर। जनपद मुजफ्फरनगर में आज बघरा के शामली रोड पर योग साधना यशवीर योग साधना आश्रम बघरा के सामने हाईवे पर स्थित महाराजा सूरजमल स्मारक पर महाराजा सूरजमल का बलिदान दिवस मनाया गया प्रात: आश्रम में यज्ञ किया गया महाराजा सूरजमल स्मारक के संस्थापक योग साधना यशवीर आश्रम बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि भरतपुर नरेश महाराजा सूरजमल एक निडर हिंदू महायोद्धा थे जिन्होंने दिल्ली के बादशाह पर आक्रमण करके मुस्लिम शासन को हिला दिया था इतिहास के पन्नों में अंकित है की भरतपुर रियासत कभी भी मुसलमानों और अंग्रेजों के आधीन नहीं रही महाराजा सूरजमल एक ऐसे हिन्दू यौद्धा थे जिन्होंने सही अर्थो में सनातन धर्म और हिन्दुओं के अपमान का बदला दिल्ली के मुसलमान बादशाह को हराकर लिया था आज के सेकूलर हिन्दू नेताओं को महाराजा सूरजमल से प्रेरणा लेनी चाहिए की केवल सत्ता की कुर्सी ही सर्वापरि नहीं है जब बात अपने सनातन धर्म और राष्ट्र व स्वाभिमान की आये तो इनकी रक्षा के लिए हर खतरे से लड जाना चाहिए सनातन धर्म व राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा के लिए बलिदान देना और लेना भी पडे तो भी पीछे नहीं हटना चाहिए जब हमारे पूर्वजों ने हजार वर्ष तक सनातन धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लडाई की तो भारत में सनातन धर्म सुरक्षित रहा जबसे हिन्दुओं ने रक्षात्मक रूख अपना लिया है तब से लगातार सनातनियों के ऊपर

इस्लामिक कट्टरपंथी शक्तियों द्वारा हमले किए जा रहे हैं अब सनातन धर्म की रक्षा के लिए हिन्दुओं को अपने पूर्वजों की तरह रक्षात्मक मौड से बाहर निकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष करना होगा ब्रहाच. ारी मृगेन्द्र ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा की ये समय सनातन धर्म के लिए निर्णायक चल रहा हैं आन्तरिक व बाहरी इस्लामिक शक्तियां पूरी शक्ति से भारत से सनातन धर्म को समाप्त करने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है जब तक हिन्दू जातिवाद व जातिवादी सेकूलर हिन्दू नेताओं के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकलेगा तब तक हिन्दू इस्लामिक षडडंत्रों का सामना नहीं कर पायेगा कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी गुलाब सिंह ने की संचालन प्रवीण कश्यप ने किया कार्यक्रम में सुभाष चौधरी यज्ञकुमार मलिक विवेक बालियान पिन्कू पाल उधम तोमर मोहनलाल कश्यप जगदीश पाण्डेय नीशू गौसेवक आदि उपस्थित रहें।

नाम परिवर्तन सूचना

मैने अपना नाम AKBAR ALI से बदलकर AKBAR SAIFI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

अकबर सैफी पुत्र अनवर सैफी नया कलीम कालोनी, मिमलाना मार्ग, शाहबुद्दीनपुर, मुजफ्फरनगर

उम्मीदवारों में से नहीं किसी और के सिर सजाया जा सकता है मंडल अध्यक्ष पद का ताज

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। भाजपा खतौली मंडल अध्यक्ष पद के लिए स्थानीय उम्मीदवारों में पार्टी पदाधिकारियों के प्रति भारी आक्रोश बना हुआ है भाजपा नेताओं और अध्यक्ष पद के लिए नामंकन करने वाले भाजपा नेताओं का आरोप है कि पदाधिकारियो ने नियम विरुद्ध कार्य कर अपने किसी अपने चाहते या फिर साठ गाठ कर अध्यक्ष पद देना चाहते है जिससे भाजपा नेताओं में भारी आक्रोश बना हुआ है। भाजपा नेताओं इसकी शिकायत सीएम से करने की बात कही है।

बता दे कि विगत शुक्रवार को खतौली में भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए नामंकन प्रक्रिया से हुई। चुनाव अधिकारी गजे सिंह के निर्देशन में खतौली कस्बे के नौ भाजपा कार्यकर्ताओं प्रवीण ठकराल, मोनू मंगवानी, अमित जैन, विकास जैन, प्रदीप शर्मा ए बी सी, रजत जैन, मोहित जैन, आदेश मोतला, सुंदर खटीक, अपना नामंकन किया था। वही एक भाजपा कार्यकर्ता नितिन त्यागी ने मंडल प्रतिनिधि का पर्चा भरा। जहां चुनाव अधिकारी का कहना था कि मंडल अध्यक्ष चयन पूरी ईमानदारी से किया जाएगा और सही व ईमानदार व्यक्ति को ही मंडल अध्यक्ष बनाया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा था कि अनुशासनहीनता तथा विवाद में शामिल रहे हैं और शिकायत सही पाई गई है तो उनके नाम भी सूची से बाहर कर दिए जाएंगे। यही नही अगर कोई भी भाजपा कार्यकर्ता अगर भाजपा में दो बार से सक्रिय सदस्य है सिर्फ वो ही मंडल अध्यक्ष बन सकता है अगर वह दो वर्ष से कम का सक्रिय सदस्य है उसका नाम लिस्ट से काट दिया जाएगा। चुनाव अधिकारी द्वारा दिये गए इस बयान के बाद स्थानीय भाजपा नेता और नामांकन करने वाले उम्मीदवारो में पार्टी पदाधिकारियों के प्रति आक्रोश बना हुआ है। सूत्रों की माने तो खतौली मंडल अध्यक्ष पद के लिए 9 उम्मीदवारों ने नामंकन किये थे उनमें से किसी को भी मंडल अध्यक्ष नही बनाया जा रहा है बल्कि नामांकन न करने वाले व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बनाने का प्रयास चल रहा है। भाजपा नेताओं का कहना था कि जब खुद पार्टी नेताओं और उम्मीदवारों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है तो अब पार्टी पदाधिकारियों ही द्वारा अनुशासनहीनता की जा रही है जो कि गलत है और चुनाव के नियम विरुद्ध है। जब किसी अन्य व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बनाना था तो फिर नामांकन क्यो कराया गया। स्थानीय भाजपा नेताओं ने पदाधिकारियों की इस हरकत की शिकायत सीएम से करने की बात कहते हुए इसका अन्य व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बनाने का कड़ा विरोध किया है। वही खतौली भाजपा नेताओं ने पार्टी पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुय कहा कि अगर नामांकन करने वाले उम्मीदवारों के बीच के लोगों के बजाए पदाधिकारियो के चेहते व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष बनाया गया तो इसका कड़ा विरोध किया जाएगा और जिसका आगामी चुनाव में असर भी देखने को मिलेगा।

पूर्व सपा नेता ने भाजपा में 17 साल से होने का किया दावा

खतौली। खतौली भाजपा मंडल अध्यक्ष पद के लिए हुए नामंकन पत्र की जांच में बड़ा मामला सामने आया है जिसके बाद एक ऐसे नेता का नामांकन पत्र खारिज हो सकता है जो कि अपने को 17 साल से भाजपा का कट्टर सिपाही होने का दावा ठोक रहा है उस पर सपा नेता होने का भी ठप्पा लगा हुआ है। ऐसे में इस भाजपा का सक्रिय सदस्य बताए जाने से भाजपा नेताओं में इस नेता के प्रति भारी आक्रोश बना हुआ है।भाजपा एक ऐसा समुंदर है जिसकी आज तक कोई भी गहराई नही नाप सकता। यही नही ये भी कहा जाता है कि कोई भी नेता अगर दूसरी पार्टी का साथ छोड़ भाजपा का दामन पकड़ता है तो उस नेता को भाजपा में उसका भविष्य अधर में लटका रहता है, यही नही भाजपा का कहना ये भी की अगर कोई नेता दूसरी पार्टी को छोड़ कर भाजपा में आता है तो उसे लगभग 10 से 15 वर्ष तक भाजपा में कोई पद नही दिया जाता है। लेकिन खतौली कस्बे में इसका उल्टा हो रहा है जहाँ दूसरी पार्टी छोड़ कर भाजपा में आने वाले नेता भाजपा की गहराई नापने के लिए अपने को सालों से भाजपा का सक्रिय सदस्य होने का दावा किया जा रहा है। जिसका खतौली के भाजपा नेताओं में भारी आक्रोश बना हुआ है और ऐसे नेताओं को पद देने का भी विरोध उठने लगा है। बता दे कि खतौली भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल का कार्यकाल समाप्त होने को है। जिसके बाद अब नए मंडल अध्यक्ष चुनने के लिए चुनाव की तैयारी शुरू हो गई गए जिसके लिए विगत दिनों चुनाव अधिकारी गजे सिंह के सामने नामांकन प्रक्रिया का कार्य शुरू किया गया था जिसमे खतौली मंडल अध्यक्ष पद के लिए 9 प्रत्याशियों ने अपने नामंकन पत्र भरे थे। जिसमें एक जैन समाज के प्रत्याशी ने अपने को लगभग 17 साल से भाजपा का सक्रिय सिपाही होने का दावा किया है। लेकिन जब इस नेता के नामंकन पत्र और राजनीति सफर की गहनता से जांच पड़ताल की गई तो कुछ और ही खुलासा सामने आया और भाजपा में 17 साल का दावा फेल हो गया भाजपा पार्टी के कुछ नेताओं ने चुनाव अधिकारी को ऐसे सबूत दिखाए जिसमें जैन समाज का यह नेता 2015 में सपा पार्टी का जिला कोषाध्यक्ष रह चुका है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह नेता 9 साल पहले सपा पार्टी में शामिल था। अब देखना ये है कि ऐसे लोगों को जो कुछ समय पहले समाजवादी विचारधारा से जुड़े थे और अब अपने आप को पुराना भाजपाई बताकर झूठे दावे कर बड़े पद पर विराजमान होना चाहते है ऐसे लोगों को भाजपा के बड़े नेता पार्टी में कोई बड़ा पद देकर उन्हें सिर पर बैठाएंगे।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मोत्सव मनाया

खतौली। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल के प्रतिष्ठान पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस मनाया गया इस मौके पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने अटल के चित्र पर मलयार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर बोलते हुय मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, हमारे पथ प्रदर्शक, सर्वमान्य राष्ट्रवादी नेता, कुशल वक्ता थे। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, राकेश प्रजापति, राजू उपाध्याय, प्रमोद शर्मा एडवोकेट, अमित त्यागी, विनोद राजपूत, संदीप रोधिया, नीरज गोयल, प्रदीप शर्मा, अनिल नागर, वरुण गोयल, सुरेंद्र उपाध्याय, मोहम्मद इरशाद फारूखी, शिवम खटीक, राकेश सैनी सुधीर आर्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्रीराम कॉलेज में गेट टू गेदर का आयोजन

मुजफ्फरनगर। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के प्रबन्धन विभाग (एम बी ए) में गैट टू गैदर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ-साथ शैक्षणिक नाटिका का भी आनन्द लिया।

इस कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज के चेयरमैन डॉ एस0 सी0 कुलश्रेष्ठ ने द्वीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर डॉ सौरभ मित्तल डीन मैनेजमैन्ट, डॉ पंकज कुमार विभागाध्यक्ष प्रबन्धन संकाय, डॉ एस0एन0 चौहान निदेशक श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज, डॉ प्रेरणा मित्तल प्राचार्या श्रीराम कॉलेज उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एमबीए के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं ने समूह नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य, हास्य नाटिका, एकल गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये।इस अवसर पर बौद्धिक स्पर्धाओं में विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालिजेज के चेयरमैन डॉ एससी कुलश्रेष्ठ ने छात्रों के प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर डॉ सौरभ मित्तल, डीन मैनेजमेंट ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नए व पुराने विद्यार्थियों को एक दूसरे से रूबरू करने के साथ-साथ संस्थान और विभाग की उपलब्धियों से अवगत कराना होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलिजेज प्रबन्धन विभाग के डा0 राजीव रावल, डा0 चित्रा श्रीवास्तव, निवेदिता, शगुन शर्मा एवं अतुल रघुवंशी का विशेष योगदान रहा।

डीएवी में मनाया गया अटल जन्म शताब्दी समारोह

मुजफ्फरनगर। लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मशताब्दी समारोह कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीएवी पीजी कॉलेज में देखा गया। इस अवसर पर सुशासन दिवस के रूप में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिवस डी ए वी पी जी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिजनौर सांसद चंदन चौहान के साथ मीरापुर विधायक मिथलेश पाल उपस्थित रही।

कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया जिला विधालय निरीक्षक राजेश श्रीवास बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कॉलेज की प्राचार्या प्रो गरिमा जैन और एम के बंसल द्वारा संयुक्त रूप से अटल बिहारी जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।जिला स्तर पर भाषण निबन्ध और एकल काव्य पाठ में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया डिग्री स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में राजशेखर प्रथम पारखी त्यागी द्वितीय अवस्था हयात ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एकल काव्य पाठ में वैदेही शर्मा ने प्रथम अर्जुन सिंह ने द्वितीय और अब्दुल्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया माध्यमिक स्तर पर निबंध लेखन में आफरीन ने प्रथम पायल ने द्वितीय और उपासना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी डॉ रणवीर सिंह जिला समन्वयक आशीष द्विवेदी की कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही विजय त्यागी ललित मोहन गुप्ता प्रशांत शर्मा संदीप कौशिक राहुल शर्मा अभिषेक बंसल पवन कुमार अमित जैन अमित अमित शर्मा महेश शर्मा डॉ सत्येंद्र शर्मा डॉ ;तु मित्तल कार्यक्रम में उपस्थित रहे मंच संचालन डॉ राहुल शर्मा ने किया।

शहीद लोकेश सहरावत को दी श्रद्धांजलि

भोपा। सिक्किम में सड़क हादसे में शहीद हुए युसुफपुर के जवान लोकेश सहरावत को दूसरी पुण्यतिथि पर पत्नी व गणमान्यों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भोपा क्षेत्र के गांव युसुफपुर निवासी शहीद लोकेश सहरावत 25 दिसम्बर 2022 को सिक्किम मे शहीद हो गये थे।बुधवार को शहीद की प्रतिमा पर पत्नी तनु ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए इस दौरान उनके साथ बेटा नवजीत सहरावत माता कुसुमलता, पिता उदयवीर,ताऊ अशोक, सुभाष चंद्र, चंद्रवीर, चाचा सतीश सहरावत बहन रश्मि जीजा आकाश राठी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए इसके साथ ही क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों डॉ वीरपाल निर्वाल, रालोद जिला अध्यक्ष संदीप मलिक, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, विधायक मिथिलेश पाल, तहसीलदार सतीश बघेल, जयपाल सिंह, नरेश भारती, सतनाम सिंह, महाकार सिंह, उदयवीर सिंह, बसंत प्रधान माजरा, विकास सहरावत, डॉक्टर कर्णपाल आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

आरएसएस ने निकाला बाल पथ संचलन

शाहपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड शाहपुर द्वारा काकडा गांव मे गुरु गोविंद सिंह के बच्चों के बलिदान दिवस पर बाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवको ने गांव के मुख्य मार्गो का परिभ्रमण कर पथ संचलन किया। सैकडो बाल स्वयंसेवक कतारबद्ध होकर धोष के साथ कदमताल करते हुए चल रहे थे।

इसके पूर्व बौद्धिक कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों ने संघ की प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे का पाठ किया। स्वयंसेवको को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह जिला शारिरिक प्रमुख आलोक कुमार रहे। बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पारंपरिक तौर पर 25 दिसंबर पर शहीद बाल दिवस के रूप में यह पथ संचलन निकाला जाता है, जिसमें संघ के बाल

स्वयंसेवक संघ की निर्धारित वेशभूषा में पथ संचलन में शामिल होते है। कार्यक्रम को सफल बनाने में खंड संघचालक मदन पाल, खंड कार्यवाह पवन कुमार, सह कार्यवाह गौरव गोयल, अंकित त्यागी, शाहपुर नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल, विद्यार्थी प्रमुख अनमोल बंसल, जितेंद्र धवन, डॉ. मोहित शर्मा, देवशरण त्यागी, विपिन बंसल, शिवाजी पाल, अनमोल वर्मा, अर्जुन सैनी, विशु सैनी, विशाल सैनी, लक्ष्य सैनी, अर्जुन गोयल, थवनेश बंसल, अवि पाल, निशांत, मुकुंद शर्मा, आयुष सैनी, हर्षित सैनी, आदि सैनी, सागर शर्मा, वाशु सिंघल, सक्षम सैनी, हरिओम मिश्रा आदि स्वयंसेवको का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को दी श्रदांजलि

बुढ़ाना। कस्बे के बड़ौत रोड पर मिनर्वा होल के समीप स्थित मोटर साइकिल पार्ट्स की एक शाप पर आज बुधवार के दिन विश्वकर्मा समाज के गौरव, भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व गृहमंत्री और पंजाब प्रांत के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर विश्वकर्मा समाज के कुछेक लोगों ने शत शत नमन करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रदांजलि देते हुए उनके सामाज हित में किए गये कार्यो को याद किया। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिला अध्यक्ष राजू पांचाल ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फरीदकोट राज्य के संघवान गांव में 05 मई सन 1916 को ज्ञानी जैल सिंह का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम किशन सिंह और मां का नाम इंद्रा कौर था। देश के विभाजन के बाद उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की। साल 1947 के बाद उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ज्वॉइन किया और लोगों की भलाई के लिए कई बडे काम किए। इस दौरान यहां पर उन्हें श्रदांजलि देने वालों में मुख्य रूप से कृष्ण दत्त धीमान, रविंद्र फौजी, सुनील विश्वकर्मा, आर्यन पांचाल, विक्रम विश्वकर्मा, अर्पित पांचाल और रोहित चौधरी सहित विश्वकर्मा समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

वांछित गिरफ्तार

मीरापुर। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा द्वारा बताया गया कि शोएब उर्फ सुहेल पुत्र इकराम, निवासी मौहल्ला मुश्तर्क, कस्बा व थाना मीरापुर, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त कस्बे की एक नाबालिग युवती को अपने प्रेमजाल में फंसाकर फरार हो गया था।

छात्रों ने केयरिंग इज शेयरिंग के रूप में वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ समय बिताया

शाहटाइम्स सवांददाता

खतौली। मेपल्स अकादमी के बच्चों ने मंगलवार को एक अनोखे और भावपूर्ण तरीके से अपना दिन बिताया। उन्होंने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ समय बिताया और उन्हें आवश्यक सामग्री भेंट की। इस अवसर पर बच्चों ने सबसे ज्यादा उम्र के बुजुर्ग का केक काटकर जन्मदिन भी मनवाया और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर, बच्चों ने बुजुर्गों के साथ खेल खेले, गाने गाए और उनकी कहानियों को सुना। उन्होंने बुजुर्गों को गरम कपड़े, खाद्य सामग्री, हीटिंग बोतल , दवाइयां और अन्य आवश्यक वस्तुएं भेंट कीं। प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने कहा, ष्हमारा उद्देश्य बच्चों में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। हमें उम्मीद है कि यह अनुभव बच्चों को जीवन भर सिखाएगा। अंत में विद्यालय के प्रबंधक विपिन सिंघल व सोनम सिंघल ने सभी से आग्रह किया की अपने बुजुर्गों का ध्यान रखे व उनके साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताये। इस आयोजन के माध्यम से, मेपल्स अकादमी ने समाज में सेवा और सहयोग की महत्ता को प्रदर्शित किया है।

देश को उच्च शिखर तक पहुंचाने में सफल रहे अटल बिहारी

शाह टाइम्स संवाददाता

शाहपुर। फायरब्रांड नेता एवं पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई ने देश को उच्च शिखर पर पहुंचाने का काम किया था।

आज पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी के आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की एक सोवी जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने देश की तरक्की के लिए अन्य देशों से भी मधुर संबंध बनाए थे और देश को उच्च शिखर पर पहुंचाने का काम किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उन्हीं के पद चिन्हों पर चल रहे हैं। पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में किसान मजदूर व्यापारियों के लिए अनेक

योजनाएं संचालित की गई थी जिनका लाभ सभी वर्गों को आज भी मिल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी यशस्वी प्रधानमंत्री साबित हुए थे। इस दौरान शाहपुर मंडल अध्यक्ष डॉ. मुनीश त्यागी, ग्राम चांदपुर प्रधान कुलदीप त्यागी, सुभाष डीलर, भाजपा नेता ;षभ बालियान, ग्राम प्रधान जीवना मोहित बालियान, ग्राम दिनकारपुर जोनू त्यागी, ग्राम पलड़ी प्रधान मोनू सैनी, ग्राम उमरपुर मंडल अध्यक्ष सतीश सैनी, राम नरेश बुढ़ाना, मंडल महामंत्री नवदीप मित्तल, मणिकांत मित्तल, सोनू बालियान आदि लोग उपस्थित रहे।

अकारण मारपीट कर ग्रामीण को किया घायल

बुढ़ाना। कोतवाली क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां निवासी मुनफैत अहमद ने आज बुधवार के दिन बुढ़ाना कोतवाली पहुंचकर पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई इफ्तदार अहमद गांव हुसैनपुर कलां में सुबह करीब 11 बजे अपने चाचा के प्लॉट के पास खडा हुआ था और किसी साथी की इंतजार कर रहा था। तभी वहां पर इसी दौरान गांव के दो युवक आए। जिन्होंने उसके भाई इफ्तदार पर जानलेवा हमला बोल दिया। इस हमले में उसका भाई इफ्तदार घायल हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने उसके भाई इफ्तदार की बाइक भी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दी और हत्या की धमकी देते हुए फरार हो गये। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना पर पहुंचाया गया। उधर घटना की तहरीर मुनफैत ने बुढाना पुलिस को देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। बुढ़ाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर पूरे मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के घरों पर दबिश भी दी लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये।

मालवीय जयंती पर लगाया विशाल रक्तदान शिविर

मुजफ्फरनगर। सर्व ब्राह्मण महासभा सम्पूर्ण भारत की जनपद मुज़फ्फरनगर इकाई द्वारा महान शिक्षाविद महामना पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के उपलक्ष में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर साकेत मुज़फ्फरनगर में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर जनार्दन कौशिक जी ने की। मुख्य अतिथियो के तौर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय सलाहकार श्री ब्रह्म प्रकाश शर्मा,राष्ट्रीय महामंत्री डॉ संदीप शर्मा एवं प्रदेश प्रभारी अमित वत्स रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष हरीश गौतम व जिला अध्यक्ष युवा लक्ष्मण शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी को नमन करते हुए अतिथिगणों विजय शुक्ला निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा, राकेश शर्मा वरिष्ठ सपा नेता, राजीव शर्मा डी जी सी,राजेश शर्मा महानगर अध्यक्ष मेरठ, सुभाष चंद शर्मा पूर्व चौयरमेन, सतीश भारद्वाज, पुनीत वशिष्ठ, सुधीर शर्मा,उमादत्त शर्मा द्वारा महामना पंडित मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।रक्तदान शिविर का अवलोकन करने के लिएविशिष्ट अतिथि स्वयं जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील तेवतिया उपस्थित रहे। सर्व ब्राह्मण महासभा के मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा व नगर अध्यक्ष पंकज शर्मा ने अतिथिगणों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पचास यूनिट रक्तदान किया गया।सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से सभी रक्तदाताओं को मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष हरीश गौतम ने सभी से मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी जी के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। ललित शर्मा ए डी जी सी, नरेंद्र शर्मा

जिला प्रसाशनिक अधिकारी, संजय मिश्रा,कमलकांत शर्मा,यशपाल पँवार पूर्व जिला अध्यक्ष आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे।महान शिक्षाविद महामना पंडित मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने विभिन्न परिस्थितियों से गुजरते हुए किस प्रकार अपने जीवन में संघर्ष किया और कैसे वो आज हम सबके प्रेरणा स्रोत बने।इन महान विभूतियों के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रममें रोहित कौशिक, विशाल शर्मा, अंकुर शर्मा, आशीष शर्मा, अभिनव मुदगल, अविनाश भारद्वाज,संजय गौतम,रजनीश वशिष्ठ, नितिन कौशिक, अनिमेष भारद्वाज, प्रवीण गौतम, आदेश शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, अखिलेश शर्मा, पूनम शर्मा,राम. निवास शर्मा, देव शर्मा, महादेव शर्मा,अमित भारद्वाज एडवोकेट, नवनीत शर्मा, विमल शर्मा, मोहित शर्मा,राहुल शर्मा आदि शामिल हुए।

अटल मालवीय जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए सैकड़ों छात्र-छात्राएं

चरथावल। थानाभवन रोड पर चंद्रशेखर आजाद पी.जी.कॉलेज में मदन मोहन मालवीय तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के उपलक्ष में छात्र-छात्राओं एवं प्रवक्ता गण सभी के साथ जयंती कार्यक्रम मनाया गया।जिसमें कॉलेज प्रबंधक राकेश वशिष्ट ने अटल बिहारी और मालवीय के बारे में छात्राओं को ज्ञान दिया तथा उन्हें आगे बढ़ाने तथा शिक्षा का सही प्रयोग करने का सुझाव दिया और समझाया कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर गुलाब सिंह ने भी समाज में होने वाले कार्य एवं समाज हित में छात्राओं को योगदान करने के लिए उत्साह बढ़ाया इस कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक सुखपाल सिंह ,विनीत कुमार कॉलेज प्रवक्ता अंशुल अग्रवाल, अनुज गौर, तरबिया रानी, मधु रानी ,पूजा शर्मा ,सुमित नाझयान, ऋषिपाल सिंह आदि सभी का सहयोग रहा।

संक्षिप्त समाचार

पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करें कार्यकर्ता : सुनील बंसल

भोपा। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का भोपा मे स्वागत किया गया। जहां पार्टी संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। शुकतीर्थ भ्रमण के उपरांत भोपा पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष डा.वीरपाल निर्वाल ने अंगवस्त्र और भगवान राम के दिव्य मंदिर का चित्र भेंट कर स्वागत और अभिनंदन किया विदित रहे कि राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मोहित बेनीवाल ने बिहारगढ़ स्थित अपना घर आश्रम में नए आवासीय भवन के निर्माण हेतु भूमि का पूजन किया था ।भोपा पहुंचने पर डा. निर्वाल ने राष्ट्रीय महामंत्री का पूर्व केंद्रीय मंत्री डा संजीव बालियान, जिला अध्यक्ष डा सुधीर सैनी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया ।राष्ट्रीय महामंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया और भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया । मीरापुर विधायक मिथलेश पाल , पूर्व विधायक अशोक कंसल ,जिला मंत्री वैभव त्यागी ,सुधीर खटीक पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल पाल ,जिला पंचायत सदस्य अमित रावल ,अमित राठी , जिला संयोजक रामकुमार शर्मा ,मंडल अध्यक्ष सतनाम सिंह बंजारा , कार्तिक काकरान ,वीरपाल सहरावत आदि उपस्थित रहे।

मोरना में किसान का भैंसा चोरी होने से हड़कंप

मोरना। आधी रात को मोरना मे किसान का भैंसा चोरी हो गया।चोरी की घटना से पशु पलकों मे हड़कंप मच गया।पीड़ित ने पुलिस से भैंसे के बरामदगी की माँग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना मे पुलिस चौकी के निकट रहने वाले किसान संजीव उर्फ बबलू ने बताया की आधी रात को अज्ञात चोर उसका भैंसा चोरी कर ले गये जिसकी कीमत लगभग एक लाख रूपये की बताई गयी है।पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं क्षेत्र मे चोरी डकैती की बढ़ती घटनाओं से ग्रामीण भयभीत हैं।

युवक ने चाची से की छेड़छाड़, मारपीट

मोरना। भतीजे द्वारा चाची के साथ छेड़छाड़ की गई पीड़िता द्वारा विरोध करने पर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेडा निवासी महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका पति बाहर रहकर काम करता है।मंगलवार की देर रात देवर का लड़का उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा तथा विरोध करने पर उसके मारपीट कर कपड़े फाड़ दिये पीड़िता ने पीड़ित महिला ने आरोपी के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

राष्ट्रीय लोकदल ने मोरना में किया संगठन का विस्तार

मोरना। मोरना स्थित महर्षि सुखदेव इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय लोकदल के मीरापुर विधानसभा संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ.अमित ठाकरान ने संगठन का विस्तार करते हुए रवि प्रधान , विकास गुर्जर को उपाध्यक्ष, महासचिव पद पर अरुण कुमार वाल्मीकि ,जान मोहम्मद के नाम की हुई घोषणा। सुधांशु शर्मा, आजाद त्यागी बने सचिव। वही गौरव राठी को संगठन महासचिव व अगम तोमर को मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान सभी वक्ताओं ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की नीतियों को जन - जन तक पहुंचाकर संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान मुख्य रूप से रालोद मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, जिलाध्यक्ष संदीप मलिक,मीरापुर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकरान , योगेश बालियान, सुन्दर गुर्जर, गौरव राठी, बबीता राठी, वरुण सहरावत, विकास गुर्जर, रविन्द्र आर्य , ललित सहरावत ,नीशू चौधरी , प्रशांत राठी आदि मौजूद रहे।

चर्च में क्रिसमस पर्व मनाया, विशेष आराधना की गई

खतौली। कस्बे के इपीफेनी चर्च सीएनआई में क्रिसमस पर पर विशेष पर भोज की आराधना हुई मंगलवार को जीटी रोड स्थित इपीफेनी फनी चर्च सीएनआई में क्रिसमस पर्व पर विशेष प्रभु की आराधना प्रारंभ की गई। पादरी सुशील कुमार की प्रार्थना के द्वारा आराधना आरंभ हुई मसीह आया, मेरा प्रभु जन्मा प्यारा आदि गीतों से स्तुति महिमा की गई। बाइबल से पाठ पढ़े गए, चर्च में स्कूल के बच्चों और टीम ने विशेष गीत गाये। पादरी सुशील कुमार ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु इस दुनिया में देह धारण होकर आए ताकि सबका उद्धार हो, पापों से मुक्ति मिले, बिश्व में शांति आनंद प्रेम एक दूसरे के लिए बना रहे। लोगों में घृणा, क्रोध, चिंता समाप्त हो, भाई-भाई एक दूसरे की चिंता करें। आराधना के बाद केक का वितरण किया गया। इससे पूर्व रात्रि में 11रू00 बजे आराधना हुई इस अवसर पर पस्ट्रेट कमेटी के सदस्य राहुल, रोनित, फिलिप जॉर्ज, सुनीता, राजा, शीशपाल, नरेंद्र, रेशमा, जॉन, प्रिया, अभिषेक चार्ल्स आदि उपस्थित रहे। चर्च में यीशु मसीह के जन्म के प्रतीक स्वरूप चरनी बनाई गई जिसमें यीशु मसीह के जन्म लिया सितारा और मंजूसियो का गडरिया का उपहार देना दर्शाया गया।

वाजपेयी के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

जानसठ। थाना परिसर में नवागन्तुक इंस्पेक्टर सहित पुलिस स्टाफ ने अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बुधवार को थाना परिसर में अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती मनाई गई। इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर थाना परिसर में अटल बिहारीवाजपेई के चित्र के सम्मुख नवागन्तुक इंस्पेक्टर राजीव शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया, तथा उसके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। उसके उपरांत एक एक कर समस्त पुलिस स्टाफ ने अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें याद किया गया।

आसपाकां को मजबूत करने का लिया संकल्प

बुढ़ाना। आजाद समाज पार्टी कांशीराम के सहारनपुर मंडल क्षेत्र के नव नियुक्त प्रभारी डीपी सिंह और मेजर जोगिंद्र सिंह का कस्बा बुढाना में आसपाकां पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा बुढ़ाना आगमन पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। यहां प्रभारी डीपी सिंह ने कहा कि सांसद चंद्रशेखर आजाद के द्वारा लगाया गया आजाद समाज पार्टी कांशीराम रूपी पौधा मुरझाना नहीं चाहिए। जो जोश अब आप युवा वर्ग में दिखाई दे रहा है वह लगातार बरकरार रहना चाहिए क्योंकि आने वाला कल आजाद समाज पार्टी कांशीराम का है। बस मेहनत की जरुरत है। मेजर जोगिंद्र सिंह ने यहां पर सभी कार्यकर्ताओं को आजाद समाज पार्टी काशीराम के कैडर से अवगत कराते हुए सभी से पार्टी संगठन को मजबूत करने की अपील की। जिसमे सभी ने गर्मजोशी से दोनों हाथों को उपर करके पार्टी संगठन का समर्थन किया इस कार्यक्रम के आयोजक विकास अंबेडकर एडवोकेट रहे। यहां नीरज बहोत, संतराम और सुनील चित्रकार सहित काफी कार्यकर्ता रहे।

अपना घर आश्रम मे 651 बैड के नवीन आश्रम का हुआ भूमिपूजन

मोरना। शुकतीर्थ क्षेत्र के बिहारगढ़ मे स्थित पीड़ित मानव सेवा के पावन तीर्थ अपना घर आश्रम में पचंम पटाचार्य राष्ट्र ऋषि सिंहरथ प्रर्वतक त्रिलोक तीर्थ प्रणेता प.पू. आचार्य श्री विद्याभूषण सन्मतिसागर महाराज की असीम अनुकम्पा से नवीन 651 बैड के आश्रम का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. बी एम भारद्वाज, स्वामी ओमानंद महाराज , संस्थापक अपना घर आश्रम विनोद कुमार गोयल, सुनील बंसल, गजराज गंगवाल, मंत्री कुंवर बृजेश सिंह , नागेंद्र प्रसाद , प्रवीण गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव आदि गणमान्य व्यक्तियों द्वारा परम पूज्य गुरु जी के श्री चरणों मे दीप प्रज्जवलित कर किया गया।।सर्वप्रथम शिक्षा सदन के बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गयी। आश्रम प्रभारी द्वारा आश्रम और सन्मति शिक्षा सदन की प्रगति के बारे में बताया गया। इस समय 250 बच्चे सन्मति शिक्षा सदन में नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है। इस अवसर पर अपना घर की विचारधारा के जनक डा. बी एम भारद्वाज जी ने अपना घर की विचारधारा से सबको अवगत कराया।वर्तमान में आश्रम में 429 प्रभुजी सेवा ले रहे है। रेस्क्यू के क्षेत्र में संस्था द्वारा 3 एम्बुलेंस संचालित है। इनके द्वारा उत्तराखंण्ड, उ0 प्र0 हरियाणा व जहां से भी प्रभुजी की सूचना प्राप्त होती है, उनको आश्रम लाया जाता है। संस्था द्वारा रेस्क्यू के कार्यक्रम के अन्तर्गत 1381 प्रभुजी का रेस्क्यू किया गया है और 379 प्रभुजी को पुनर्वासित कर उनके परिवार से मिलन कराया गया है।

चौसाना में सड़े हुए चोकर से पशुओं में बीमारी, एक दर्जन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। क्षेत्र में पिछले पंद्रह दिनों से पशुओं की बीमारी के कारण हड़कंप मचा हुआ है। अब तक करीब एक दर्जन पशुओं की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से बीमार हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चौसाना और जिजौला में पंजाब और हरियाणा से बीयर निर्माण के दौरान निकलने वाले जौ के सड़े हुए चोकर को बेचा जा रहा है, जिससे पशुओं में गंभीर बीमारियां फैल रही हैं।

ग्रामीणों खालिद, साजिद, शाहिद, सद्दाम, अरविंद, योगेश, पप्पू आदि का कहना है कि यह चोकर पशुओं के लिए अत्यधिक हानिकारक है। इसे खाने से पशुओं में फंगल संक्रमण और अन्य गंभीर बीमारियां हो रही हैं। इस चोकर को बेचने वाले कुछ लोग अपनी निजी लाभ के लिए पशुओं की सेहत को खतरे में डाल रहे हैं। ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा है कि ऐसे हानिकारक चोकर की बिक्री पर रोक लगाने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से अपील की है कि वे इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकालें।

चौसाना। चोकर का ट्रक उतारते लोग। छाया शाह टाइम्स

चोकर में पाई जा रही फंगस

चौसाना क्षेत्र के पशु चिकित्सक डॉ. इमरान अंसारी ने बताया कि यह सड़ा हुआ चोकर पशुओं के लिए घातक साबित हो रहा है।

जौ के इस चोकर में फंगस पाई जा रही है, जो पशुओं की आंतरिक प्रणाली को नुकसान पहुंचा रही है। डॉ। अंसारी ने पशुपालकों को सड़े हुए चोकर का उपयोग बंद करने की सलाह दी है और बताया कि इसे खाने से पशुओं में संक्रमण, पेट की बीमारियां और यहां तक कि मौत का खतरा बढ़ सकता है।

पशुपालन विभाग ने ग्रामीणों को सलाह दी है कि वे सड़े हुए चोकर को किसी भी स्थिति में अपने पशुओं को न खिलाएं। साथ ही, यदि कोई पशु बीमार हो, तो उसे तुरंत पशु चिकित्सक को दिखाएं। उन्होंने बताया कि संक्रमित पशुओं के इलाज के लिए दवाइयों और टीकों की व्यवस्था की जा रही है।

शामली। नाले में मिला शव। छाया शाह टाइम्स

नाले से व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के माजरा रोड स्थित गंदे नाले एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने नाले से शव को बाहर निकाला और उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कें लिए भेज दिया है।

बुधवार तडके शहर के माजरा रोड स्थित देव गार्डन के निकट स्थित एक नाले में लोगों ने व्यक्ति का शव पडा देखा। जिसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और व्यक्ति के शव को नाले से बाहर निकाला गया। पुलिस ने उसकी तलाशी लेते हुए शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नही हो सकी। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि व्यक्ति आसपास कूडा बीनने का काम करता था, जिसको लोग बहादुर बोलते थे। पुलिस ने आसपास तलाशी ली तो उसके कपडे भी बरामद हुए है। संभवतः व्यक्ति रात्रि में शराब का सेवन कर नाले के किनारे सो गया और रात्रि में नाले में जा गिरा और रातभर नाले में पडे रहने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दूसरे दिन भी छापेमारी, 13 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। विद्युत विभाग व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने मॉर्निंग रेड के दौरान लगातार दूसरे दिन भी कस्बे में 13 घरों में बिजली चोरी पकड़ी है। विभाग की कार्यवाही से बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

बुधवार तड़के लगातार दूसरे दिन विद्युत विभाग एवं विजिलेंस की संयुक्त टीम ने अधिशासी अभियंता पुनीत निगम के नेतृत्व में पीएसी बल के साथ में कस्बे में विद्युत चोरों के विरुद्ध अभियान चलाया। इस दौरान मोहल्ला आलकलां में छापेमारी की गई। जहां पर करीब 13 घरों में मीटर से अलग एलटी लाइन पर तार डालकर सीधे बिजली चोरी होते हुए मिली।

कैराना। विद्युत चोरी पकड़ती विद्युत टीम। छाया शाह टाइम्स

टीम द्वारा विद्युत चोरी में इस्तेमाल किए जा रहे केबिल आदि जब्त करते हुए वीडियोग्राफी की गई। विजिलेंस व विद्युत विभाग की छापेमारी से बिजली चोरी कर रहे लोगो में हड़कंप मच गया। टीम में एसडीओ कैराना अमित गुप्ता, अवर अभियंता अजय कुमार तथा विजिलेंस प्रभारी रोहित मलिक, उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, अवर अभियंता मनोज कुमार आदि शामिल रहे।

वहीं, अधिशासी अभियंता ने बताया कि लाइन लॉस के चलते विद्युत चोरी रोकने के लिए मॉर्निंग में छापेमार अभियान चलाया गया है, जिसमें 13 घरों में बिजली चोरी होते हुए पाई गई है। सभी के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा-135 के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया है। बिजली चोरी के खिलाफ भविष्य में भी अभियान जारी रहेगा।

एक नजर

पिता पर समस्त संपत्ति दूसरे पुत्र के नाम करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के बीज व्यापारी के पुत्र व पुत्रवधु ने पिता पर छोटे भाई के नाम समस्त संपत्ति किए जाने का आरोप लगाते हुए सुभाष चौक पर हाथों में तख्ती लेकर पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई गई। दंपत्ति करीब दो घंटे तक हाथों में तख्ती लेकर सुभाष चौक पर सरेआम प्रदर्शन करते हुए नजर आया है। व्यापरी पुत्र द्वारा की गई इस अनोखी न्याय की गुहार शहर में चर्चा का विषय बन गई है। शहर के मौहल्ला नंदूप्रसाद निवासी सचिन संगल अपनी पत्नी रश्मि के साथ हाथों मे तख्ती लेकर शहर के सुभाष चौक पर पहुंचे। तख्तियों पर लिखा था कि उसके पिता बीज व्यापारी अनिल संगल द्वारा उसकी पत्नी रश्मि को न छोडने पर घर से बाहर निकाल दिया गया है। तीन माह से वह किराएदार की तरह जिंदगी बसर कर रहा है। सचिन ने आरोप लगाया कि उसके पिता द्वारा समस्त संपत्ति छोटे भाई अनुज के नाम कर दी गई। जिससे वह पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। आरोप यह भी है कि कई बार उसके द्वारा पुलिस से न्याय की गुहार लगाई गई, लेकिन कोई कार्यवाही नही की गई। दंपत्ति करीब दो घंटे तक सुभाष चौक पर हाथों में तख्ती लेकर प्रदर्शन करते रहे। जो शहर में चर्चा का विषय बन गया है। पीड़ित का आरोप है कि उसका पिता व भाई उस पर अपनी पत्नी से तलाक लेने का दबाव बनाते है और जब उसने अपनी पत्नी को तलाक देने से इनकार कर दिया तो करीब तीन माह पूर्व उसके पिता ने उसे व उसकी पत्नी को धोखे से घर से बाहर निकाल दिया और अब घर में घुसने नही दिया जा रहा है।

सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। मेरठ करनाल हाईवे स्थित गांव गुज्जर पुर के निकट कार चालक ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घायलों को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। बुधवार की सुबह कस्बा निवासी मास्टर मुनव्वर तथा इमरान अली बाइक पर सवार होकर शामली अपने किसी प्रोग्राम में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जब वह गांव गुज्जर पुर के निकट पहुंचे तो साइड में जा रहे सेंट्रो कर चालक ने लापरवाही से गाड़ी को अचानक मोड़ दिया, जिस कारण कार बाइक से टकरा गई तथा दोनों युवक सड़क पर जा गिरकर घायल हो गए। इसी बीच कार चालक कार लेकर फरार हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों युवकों को निजी चिकित्सक की यहां भर्ती कराया गया, जहां से एक युवक की हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया।

दो बदमाशों ने महिला के कुंडल लूटे

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा में बाईक सवार दो बदमाशों ने महिला के कानों से कुंडल लूट लिए। पुलिस ने घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा निवासी बती देवी गांव के बाहर स्थित रठान पर गोबर पाथने गई थी। आरोप है कि तभी बाईक सवार दो बदमाश उपले लेने का बहाना करते हुए महिला से बातचीत करने लगे। बातों ही बातों में बदमाशों ने महिला के कानों पर झपटा मारकर सोने के कुंडल लूट लिए। इससे पहले कि शोर शराबे पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे दोनों बदमाश मौके से फरार हो चुके थे। पुलिस ने पति रिशीपाल की तहरीर पर मुंकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

बलिदान दिवस पर किया सूरजमल जी का स्मरण

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के मुजफ्फरनगर रोड स्थित महाराजा सूरजमल पब्लिक स्कूल मे भरतपुर नरेश महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। बुधवार को सवेरे विद्यालय मे हवन यज्ञ का आयोजन एवं महाराजा सूरजमल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने महाराजा सूरजमल के अदम्य साहस एवं शौर्य के बारे में बताया। डा। गुलाब सिंह ने कहा कि मात्र 14 वर्ष की आयु में भरतपुर राज्य की बागडोर संभालना और उसका कुशल संचालन करना महाराजा की प्रतिभा की अद्वितीय मिसाल है। विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन डा। टीपी सिंह के बताया कि लोहागढ़ किले की अजेयता और महाराज सूरजमल का अपनी प्रजा के प्रति व्यवहार उन्हे एक लोकप्रिय प्रशासक के रूप में प्रतिस्थापित करता है। डा। श्याम सिंह तेवतिया मे कहा कि नई पीढ़ी को महाराजा सूरज मल की विरासत और शौर्य गाथा से अवगत कराना आवश्यक है और इसके लिए विद्यार्थियों को भरतपुर ले लाकर इस विरासत से अवगत कराना चाहिए। इस अवसर पर हरबीर मलिक, जयदेव सिंह, विजेंद्र सिंह, श्यामपाल सिंह, प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, उप प्रधानाचार्य बृजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने पकड़ा 10 हजार का इनामी

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। स्थानीय पुलिस ने मारपीट में फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। नवंबर माह में मुस्तकीम पुत्र जीजू निवासी ग्राम बरनाऊ थाना कैराना ने अपने बडे भाई इमरान व उसके पुत्रगण द्वारा मारपीट, गाली गलौच व धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के मामले में तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। इमरान पुत्र जीजू निवासी ग्राम बरनाउ उर्फ बरनावी थाना कैराना को पुलिस ने गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की है। घटना में लिप्त एक अन्य अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

बढ़ती सर्दी में जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। एकाएक बढ़ती ठंड से कासीराम कालोनी रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड व सड़क के किनारे ठिठुर रहे गरीब असहायों के बीच अनमोल नर्सिंग होम के ऑनर डॉक्टर अकरम चौहान व पूर्व उपचिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार हांडा ने कंबल वितरण किया। कंपकंपा देने वाली ठंड असहायों के बीच कंबल वितरण करना एक साहसिक कदम है। रात के अंधेरे में जब सारा जहां ठंड से अपने घरों में दुबके हों ऐसी परिस्थिति में असहायों की सुधि लेने की डॉक्टर अकरम ने बहार निकल गरीबों का दर्द समझ

सैकड़ों गरीबों व असहायों के बीच कंबल बांटे। कंबल वितरण के दौरान डॉक्टर ने कहा कि गरीबों व असहायों को मदद करना मेरी नियती में शामिल है। उन्होंने कहा कि मैंने यह निश्चय किया कि जितना हो सके मैं अब असहायों को ठंड से मरने से बचाऊंगा। तबसे मैं सार्वजनिक स्थलों पर घूम घूम कर जरूरतमंद असहायों के बीच गर्म कपड़े व कंबल का वितरण कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि यह कार्य विगत 2 साल से करते आ रहा हूं।

कंबल वितरण को लोगों ने बताया सराहनीय कदम द्य कहा जाता है कि जिसका कोई सहारा नहीं होता उसका भगवान ही सहारा होता है।एक ओर जहा ठिठुरती ठंढ मे रजाई एवं कम्बल के सहारे घरों में लोग सो जाते है ।लेकिन उसकी जिंदगी कैसे गुजरती होगी जो एक साधारण चादर के सहारे ठंढी रात गुजारते है। असहायों पर सबकी दया नही होती बल्कि भगवान की जिसपर कृपा होती है वही इस तरह के पुन्य कार्य करते हैं। डॉक्टर अकरम ने बताया कि यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। गरीब बस्तियों जाकर भी कंबल वितरण किया जाएगा। प्रशासन द्वारा अभी तक कंबल वितरण नहीं करना व ना ही अलाव की व्यवस्था को देखते हुए इस तरह आयोजन शुरू किया, जो लोगों द्वारा सराहनीय कदम बताया जा रहा है। मौके पर भूरा राव आजाद राणा इरफान खान राव रियाज राव शादाब राव नोशाद आदि मौजूद थे।

एकल ग्राम संगठन महिला वर्ग का सम्मेलन संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। बुधवार को नगर पालिका सभागीर में संभाग पश्चिमी उत्तर प्रदेश अंचल शामली एकल ग्राम संगठन महिला वर्ग का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस वर्ग में शामली अंचल के सभी संच की एसएसपी भाग लिया। इस वर्ग में प्रशिक्षक रूप के रूप में शामली अंचल महिला समिति की भूमिका रही। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय महिला प्रमुख चंद्रकांता, अतिथि महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी, समाजसेविका मीनू संगल, एडीएम की पत्नी सोनी सिंह, संभाग महिला योग प्रभारी प्रिया भट्ट ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर वंदना अग्रवाल, संभाग प्रभारी बीना अग्रवाल, अंचल महिला अध्यक्ष पूनम, नीलम, सविता जैन, शिखा गोयल, सुनीता जैन, सुनीता जैन, सुनीता पाल, पिंकी, शालू, सुधा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

चौपाल पर पंचायत का आयोजन

ऊन चीनी मिल के खिलाफ आक्रोश

ऊन। पंचायत में अपने विचार रखते किसान। छाया शाह टाइम्स

ऊन। गन्ने के भुगतान व अन्य समस्याओं को लेकर कस्बे की जय सिंह चौपाल पर पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें ऊन चीनी मिल की किसानों के प्रति गलत नीति के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया तथा बृहस्पतिवार को किसानों का प्रतिनिधिमंडल चीनी मिल के अधिकारियों से मिलेगा समाधान न होने पर चीनी मिल में गन्ना न डालने की चेतावनी दी गई है। कस्बे की जय सिंह चौपाल पर गन्ना भुगतान को लेकर पंचायत का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता करतार सिंह ने की पंचायत में किसानों ने ऊन चीनी मिल पर वादा खिलाफी का आरोप लगयाा भुगतान समय पर नहीं दिया जा रहा है घटतोली की जा रही है तथा बाहरी क्षेत्र से गन्ना ऊंचे दामों पर खरीदा जा रहा है जबकि क्षेत्र के किसानों का भुगतान नहीं दिया जाता सिंभालका क्रय केंद्र अभी तक शुरू नहीं किया गया है किसानों को 5 किलोमीटर दूर अंबेटा रिदान में गन्ना तौलने जाना पड़ता है किसानों ने मिल के प्रति रोष व्यक्त किया तथा मिल की किसान विरोधी व्यवहार के आलोचना की गई। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव जितेंद्र सिंह ने किसानो की मांगों से संबंध में डीसीओ रंजीत कुशवाहा से फोन पर बात की तथा पंचायत में तय किया गया कि बृहस्पतिवार को किसानो की समस्याओं के समाधान हेतु चीनी मिल में जिला गन्ना अधिकारी व मिल के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी तथा समाधान न होने पर चीनी मिल को गन्ने की आपूर्ति रोक दी जाएगी पंचायत का संचालन राजवीर सिंह ने किया पंचायत में अशोक कुमार, चेयरमैन प्रदीप चौधरी,सचिन तोमर, रविन्द्र मुण्डेट, योगेश,विनोद कुमार, बिट्टू चौधरी,राजदीप, जयवीर, सुरेश,देवेंद्र सिंह, सरविन्द, राजेंद्र सिंह, नदीम, पिन्टू आदि शामिल रहे।

पुस्तक फूलों का गुलदस्ता का धर्मगुरुओं ने किया विमोचन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। सर्वधर्म के इतिहास का उल्लेख शांति,सद्भावना व सामाजिक हित में अपना योगदान देने वाली धार्मिक एंव सामाजिक विभूतियों पर आधारित प्रसिद्ध लेखक नादिर राणा की लिखी पुस्तक श्फूलों का गुलदस्ताश का धर्मगुरुओं, सामाजिक, राजनीतिक व प्रशासनिक अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। इस दौरान एकता का अनोखा संगम देखने को मिला। एक ही मंच पर साधू संत व उलेमाओं के साथ-साथ समाजसेवी बैठे नजर आए।

बुधवार को मुंडेट रोड़ पर स्थित सेंट आर सी स्कूल में प्रसिद्ध लेखक व प्रमुख समाजसेवी मुजफ्फरनगर निवासी नादिर राणा की लिखी पुस्तकश्फूलों का गुलदस्ता श का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्वामी रामदेव ने की,जबकि मुख्यअतिथि के रूप में

शामली। पुस्तक का विमोचन करते हुए। छाया शाह टाइम्स

गाजियाबाद जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। नाम के अनुरूप विमोचन कार्यक्रम का मंच हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल कायम किए हुए था,जहां हिन्दू-मुस्लिम सिख व ईसाई समाज के नुमाइंदे व प्रमुख समाजसेवी,एक ही मंच पर विराजमान थे।कार्यक्रम का शुभारंभ वेद प्रकाश शर्मा के भजन से किया गया।इस दौरान स्वामी गोरानंद ने कहा कि प्रेम ही सबसे बड़ी चीज है।संस्कार मां से मिलते हैं। मनुष्य जाति से नही अपने कर्मों से महान होता है।स्वामी रामदेव ने कहा कि हिन्दू-मुस्लिम सिलसिला एक ही है,यह दिल पर निर्भर करता है,कोई मनुष्य किस प्रकार भगवान को माने और उसकी भक्ति करे, किसी पुष्प को उज्ज्वल बनाने हो तो फूल को हाथ मे लेना पड़ेगा। फूल एक ही है,मगर उसकी उपमा चेंज हो जाती है। सरदार राजेन्द्र सिंह ने कहा कि हम एक ही पिता की संतान हैं।हम सब उसके बालक है,हिन्दू-मुस्लिम सिख ईसाई आपस में हैं भाई-भाई हैं।मौलाना इरफान ने कहा कि आज के दौर में इस तरह की पुस्तक के विमोचन का होना समय की आवश्यकता है। पुस्तक का मकसद आपसी सद्भावना व भाई चारा स्थापित करना है। उन्होंने का कहा कि सत्य मनुष्य वही है,जो मनुष्य को समझे।मौलाना जाहिद ने कहा कि फूलों की महक पूरे विश्व में महसूस की जाएगी। लेखक नादिर राणा अपने आप में बेहतर समाजसेवी है,जो दूसरों को छाएं बांटकर स्वंय धूप में रहते हैं। उन्होंने कहा कि समाज विरोधी लोग देश में नफरत फैलाकर गंगा जमाना तहजीब को ध्वस्त करना चाहते हैं,लेकिन सर्वसमाज के अमन पसंद लोगो कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे तो समाज विरोधी ताकत परास्त हो जाएंगी। गाजियाबाद जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने कहा कि सनातन की परंपरा है,जितने जीव हैं सभी ईश्वर के अंश है,यही हमारे देश का गुलदस्ता है,जिसमें सर्वधर्म के पुष्प मौजूद हैं। धर्म एक ही होता है। मनुष्य ईश्वर की भक्ति किस प्रकार करता है वो उस पर निर्भर करता है। धर्म को अलग- अलग संप्रदाय में बांटा गया है। मनुष्य अपने अंदर बुराई को नही देख पाता। उसे बुराई दिखाने के लिए एक संजय की आवश्यकता होती है और वो संजय कोई और नहीं,बल्कि हमारे धर्म गुरु ही हैं।हमे अपने विकार तलाश कर उन्हें दूर करने होंगे और विभिन्न आधारों पर नफरत दूर करनी होगी। अगर एक भी तत्व खराब होता है तो देश खुशबू नहीं दे सकता। सनातन धर्म बहुत व्यापक है उसमें कोई जटिलता नही है। अंत में शामली चेयरमैन अरविंद संगल ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सर्वधर्म के लोगों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध लेखक नादिर राणा द्वारा किया गया। इस दौरान कथा वाचक अजय कृष्ण, मौलाना मुकर्रम, पंडित दिनेश पटक, ज्ञानी हरजीत सिंह, मौलाना जाहिद, पूर्व पालिकाध्यक्ष कैराना राशिद अली, खुर्शीद आलम, हरिओम पाठक, कुंवर देवराज पंवार,मनीष चौधरी, दीपक जैन आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर पंडित हरिओम पाठक,चौधरी रामफल सिंह, वेद प्रकाश शर्मा, बबलू शर्मा, जितेंद्र कुमार, मौलाना खालिद कारी वलीउल्लाह, मौलाना फैजान सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

बाल स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

शाह टाइम्स संवाददाता

थानाभवन। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बाल स्वयं सेवको ने तुलसी माता के अवतरण दिवस पर पथ संचलन कर तुलसी माता के महत्व एवं 25 दिसम्बर को तुलसी माता दिवस के रूप मे मनाने का जन जागरण किया पथ सचलंन के दौराना राष्ट्र भक्ति से परिपूर्ण गायन के माध्यम से देश प्रेम ,अपनी सस्कृति, अपनी सभ्यता की अलख जलाई बुधवार दोपहर सनातन धर्म सभा मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बाल स्वयं सेवको ने भारत माता के चित्र के सामने पूजा अर्चना के साथ ध्वज प्रणाम करने के पश्चात तुलसी माता प्रकटोत्सव मंनाते हुए पूजा अर्चना के साथ पथ सचलंन प्रारम्भ किया नगर संघ प्रचारक शांशाक ने भारत माता की जय, तुलसी माता की जय के उदघोष के साथ पथ संचलन प्रारम्भ हुआ पथ सचलंन दीन दयाल मार्केट, मोहल्ला रोगनग्रान, कानूगोंयान, देवी मान्दिर मार्ग, चौधरान पट्टी, आजाद मार्ग, मेन बाजार , चोक बाजार आदि से होता हुआ सनातन धर्म सभा पर समाप्त हुआ पथ संचलन का स्थान स्थान पर नागरिको ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया स्थान स्थान पर स्वयं सेवको ने तुलसी दिवस के विषय मे बताते हुए इस दिन की महत्ता को बताया पथ संचलन मे राकेश काम्बोज, राजेश तिवारी,अर्जुन राणा ,शालू राणा, डा. संजय राणा, भारत भूषण, वृहमानंद आदि मौजूद रहे।

थानाभवन। पथ संचलन करते बाल स्वयंसेवक।

150 फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाते तीन ठग गिरफ्तार

पांच मोबाइल फोन, लेपटॉप, लेमिनेटर आदि सामान बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की शिकायत पर जिले की साइबर क्राइम, साइबर सैल, एसओजी व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाने वाले गिरोह के तीन साथी ठगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 150 फर्जी आयुष्मान कार्ड, पांच मोबाईल फोन, लेपटॉप, लेमिनेटर, कलर प्रिंटर्स, रजिस्टर, कार व बाईक बरामद की गई है। पकडे गए ठगों में एक थाना झिंझाना व दो उत्तराखंड के रहने वाले है।

बुधवार को पुलिस लाईन में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी रामसेवक गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व एसीएमओ डा। अथर जमील द्वारा शहर में फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में शिकायत की गई थी। जिसमें साइबर क्राइम पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले के खुलासे के लिए लगाई गई टीमों द्वारा खुलासा करते हुए इस मामले में तीन साथी ठगों मोमिन पुत्र अहमसान निवासी गांव ओदरी थाना झिंझाना, अतुल चौहान पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ऋषिकेश, राकेश पांडे पुत्र उपेन्द्र पांडे निवासी शिवशक्ति मंदिर गुमानी वाला ऋषिकेश को धर दबोचा। जिनके पास से 150 फर्जी आयुष्मान कार्ड, पांच मोबाईल फोन, लेपटॉप, लेमिनेटर, कलर प्रिंटर्स, रजिस्टर, कार व बाईक बरामद की गई है। बरामद किए गए रजिस्टर में आयुष्मान कार्ड से संबंधित विवरण अंकित किया हुआ पाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लगभग 300 आयुष्मान कार्ड की जांच सीएमओ कार्यालय द्वारा की जा रही है। पूछताछ के बाद अन्य लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी।

शामली। प्रेस वार्ता कर आरोपियों को पेश करते एसपी।

बीमार व्यक्तियों की करते थे तलाश

पूछताछ करने पर तीनों ठगों ने बताया कि अस्पतालों के बाहर घूमकर ऐसे बीमार व्यक्तियों की तलाश करते थे, जो अपना ईलाज आर्थिक लाचारी के कारण कराने में समक्ष नही होते थे। उन्हे विश्वास में लेकर आधार कार्ड, पहचान पत्र लेकर आयुष्मान कार्ड के पात्र व्यक्तियों के मिलते जुलते नामों का फर्जी आयुष्मान कार्ड बनाकर देते थे। पुलिस ने अन्य ठगों की तलाश तेज कर दी है।

क्रिकेट मैच में कक्षा 8 की टीम रही विजयी

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। उधम सिंह स्टेडियम शामली में सेंट एम डी जूनियर हाई स्कूल की कक्षा 7 व कक्षा 8 के बीच 12 - 12 ओवर का क्रिकेट मैच खेला गया टॉस कक्षा सात के कप्तान वंश कुमार ने जीता व सर्वप्रथम बैटिंग की कक्षा सात ने बैटिंग करते हुए 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 128 रन बनाए फहराना ने सबसे अधिक 39 रन बनाए कप्तान वंश ने 18 रन बनाए जबकि कक्षा 8 के बॉलर रहमान ने 3 विकेट लिए इस रोमांच मैच को कक्षा 8 की टीम ने यह लक्ष्य 7 विकेट गवाकर 11 अवर में प्राप्त कर जीत हासिल की, कक्षा 8 की टीम की कप्तानी कामरान ने की कक्षा 8 की और से रहम ने सबसे अधिक 33 रन बनाए, कप्तान कामरान ने 25 रन की पारी खेली।

मैन ऑफ दा मैच रहमान रहा जिसने जीत में मुख्य भूमिका अदा की, प्रधानाचार्य विशेष उपाध्याय ने कक्षा 8 की विजेता टीम को बधाई दी व दोनों टीम के खिलाडियों को अच्छा प्रर्दशन करने वालो को सम्मानित किया, कक्षा 7 टीम के खिलाड़ी समीर, समद, शाकिब, पिरर्यान्शु, सचिन, उमर सभी ने अच्छी फील्डिंग बोलिंग की, वही कक्षा 8 की टीम में दानिश, उजैर, हमजा ने शानदार बॉलिंग व फील्डिंग की कक्षा 8 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच विजेता बनी, मैच अंपायर प्रिंस कुमार रहे।

शामली। मैच में खेलते खिलाड़ी बच्चे। छाया शाह टाइम्स

वरिष्ठ पत्रकार डॉ. श्रवण गुप्ता को पितृशोक

शाह टाइम्स संवाददाता

हीमपुर दीपा। थाना हीमपुर दीपा के ग्राम रतनपुर खुर्द निवासी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. श्रवण गुप्ता के पिता वरिष्ठ पत्रकार, आरएसएस व विहिप कार्यकर्ता डॉ. ऋषिराम वैध का अचानक दिल का दौरा पड़ने से लगभग 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र के गणमान्य लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के रतनपुर खुर्द निवासी वरिष्ठ पत्रकार डॉ. श्रवण कुमार गुप्ता के पिता, चार दशकों से पत्रकारिता करने वाले वरिष्ठ पत्रकार, आरएसएस और विहिप कार्यकर्ता डॉ. ऋषिराम वैध का आज दिल का दौरा पड़ने से लगभग 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर आस पास के लोगों को मिलते ही क्षेत्र में गमगीन माहौल हो गया।

एक नजर

अबू धाबी दुबई में वर्ल्ड चैंपियनशिप में पेंकेंक साइलेंट में प्रेरणा ने रचा इतिहास

क्षेत्र के एक छोटे से गांव की बेटी प्रेरणा ने जीता गोल्ड

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। क्षेत्र के गांव झाल निवासी बहुजन समाज की बेटी प्रेरणा कंचन ने अबू धाबी दुबई में चल रहे इंटरनेशनल वर्ल्ड चैंपियनशिप में पेंकेंक साईलेंट में गोल्ड मेडल जीतकर कीर्तिमान रच दिया है। बुधवार को शामली पहुंचने पर खिलाडी का भीम आर्मी पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। उन्होने कहा कि खिलाडी प्रेरणा ने बहुजन समाज का नाम रोशन कर एक मिसाल पेश की है। जो आने वाली पीढियां को प्रेरित करेगी। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने बुधवार को अंबेडकर चौक पर इकठा होकर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रेरण की का हौसला अफजाई की। इस अवसर पर रवि, राज, सोनू कुमार, गौरव कुमार, अली, अंकित कुमार, वीरेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, विपिन कुमार, प्रदीप मास्टर, जयभगवान, धर्मेन्द्र कुमार, अंकुर अम्बेडकर, सूरज कुमार आदि मौजूद रहे।

शामली में चार नई सहकारी समितियों का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। सहकारिता विभाग, भारत सरकार की सहकार से समृद्धि योजनान्तर्गत 10,000 नई बहुउद्देशीय पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य सहकारी समितियों का उद्घाटन केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 25.12.2024 को नई दिल्ली में किए जाने के उपलक्ष्य में जनपद शामली में नवगठित सहकारी समितियों, जिसमें चार बी-पैक्स एवं तीन दुग्ध सहकारी समितियों का उद्घाटन व निबंधन प्रमाण पत्र वित्तान मुख्य विकास अधिकारी महोदय जनपद शामली विनय कुमार तिवारी जी द्वारा किया गया।नई सहकारी समितियों के गठन से क्षेत्र के किसानों को समितियों द्वारा प्रदान की जाने वाली ऋण वितरण, विभिन्न प्रकार के उर्वरक्ष वितरण, जन सुविधा केन्द्र, जन औषधि केन्द्र जैसी अनेक सुविधाओं को सुचारू रूप से निकटतम दूरियों पर उपलब्ध होने के कारण उनकी व्यय भार कम होगी।माननीय प्रधानमंत्री जी, भारत सरकार का महत्वकांक्षी उद्देश्य किसानों की आय को दुगना करने में सार्थक प्रयास होगा। जनपद शामली में चार नई बी-पैक्स जो कि रामडा एवं पावटी कलां, विकास खण्ड कैराना, लिसाढ एवं डुण्डूखेडा बांगर, विकास खण्ड कांधला एवं तीन दुग्ध उत्पादक समितियों का निबंधन प्रमाण पत्र का वितरण माननीय मुख्य अतिथि विनय कुमार तिवारी सीडीओ शामली जी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के अलावा कार्यक्रम की अध्यक्षता मुजफ्फरनगर जिला सहकारी बैंक के संचालक दिनेश गोयल जी द्वारा की गई। इस अवसर पर शिवम् मलिक सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता, शामली, प्रतिनिधि जिला सहकारी बैंक लिद्व मुजफ्फरनगर, प्रतिनिधि इफको, प्रतिनिधि दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियां, जनपद स्तरीय संबंधित अधिकारीगण, नवगठित समिति के साथ साथ जनपद की समस्त समितियों के सचिव व सभापतिगण तथा जनपद के विभागीय अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सुशासन सप्ताह: प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

सुशासन विषयक संगोष्ठी के सजीव प्रसारण में मौजूद रहे रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री योगी

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर लखनऊ के लोक भवन में उत्तर प्रदेश में सुशासन विषयक संगोष्ठी का शुभारंभ आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया। जनपद स्तर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान,अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह,एसडीएम शामली हामिद हुसैन,जिला विद्यालय निरीक्षक जे०एस० शाक्य, प्रधानाचार्य डॉ अमित मलिक जी आदि उपस्थित सभी विभिन्न विद्यालयों के अध्यापक एवं बच्चों द्वारा देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शामली विधायक प्रसन्न चौधरी,जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान,अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह, एसडीएम शामली हामिद हुसैन तथा जिला विद्यालय निरीक्षक जे।एस।शाक्य ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया तथा भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई व पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जन्म दिवस के अवसर पर उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस को पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मानते हैं।

उन्होंने कहा कि माद्द मुख्यमंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि देश के विकास की एक रूप रेखा थी जो अटल बिहारी वाजपेई जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद शुरू की गई थी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला और सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश सुशासन की तरफ जा रहा है। आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर शामली विधायक प्रसन्न चौधरी जी ने अपने संबोधन में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि उनका स्वभाव सरल और सौम्या था। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति के जीवन से प्रेरणा ले और आगे बढ़े। इस अवसर पर अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जे।एस।शाक्य ने बताया कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस के अवसर पर जनपद के सभी विद्यालयों में 18 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं निबंध,भाषण तथा एकल काव्य पाठ का आयोजन किया गया तथा 24 दिसंबर को सत्यनारायण इंटर कॉलेज शामली में जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

शामली। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते विधायक प्रसन्न चौधरी व डीएम।

शामली। मुख्यमंत्री के भाषण का लाइव प्रसारण।

नन्हें-मुन्ने बच्चों ने सेंटा बनकर मोहा सबका दिल

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़ीपुख्ता। बुधवार को भारत इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी अब्दुल्ला खां में क्रिसमस डे के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने सेंटा क्लॉज का रूप धारण कर अन्य बच्चों को गिफ्ट बांटे और उत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा द्वारा की गई। उन्होंने सभी बच्चों को हर त्योहार मनाने और खुशियां बांटने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य ने कहा, ष्हम सभी बहुत सौभाग्यशाली हैं जो भारत जैसे विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि वाले देश में जन्मे हैं, जहां हर त्योहार को भाईचारे और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, और कक्षा 1 व 2 के बच्चों ने सेंटा क्लॉज की ड्रेस पहनकर षजिंगल बेलष गीत पर डांस किया और सुंदर पेंटिंग्स बनाई। बच्चों की इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ, जिसमें रमा शर्मा, अक्षिता चौहान, नीलम चौधरी, सविता शर्मा, तनु खाटियान, हिमांशी स्वामी, ज्योति शर्मा, प्रदीप राणा, दुष्यंत राणा, सौरभ शर्मा, जीनत, शादाब, बीना शर्मा, मीनाक्षी, नेहा शर्मा, प्रिया शर्मा, अश्वनी भारद्वाज, अवंतिका शर्मा, सौम्या अरोड़ा, निधि, चंदा, प्रीति, स्वाति, प्रतिज्ञा, आकाश चौधरी, और अंकित कुमार समेत अन्य अध्यापक और अध्यापिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया और सभी ने मिलकर क्रिसमस की खुशियां मनाईं।

एसपी ने किया अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। बुधवार को पुलिस लाईन में अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान एसपी ने अटल बिहारी वाजपेई की जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और पुलिस कर्मियों को शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर एडीएम संतोष कुमार सिंह, एएसपी एसके सिंह, एसडीएम हामिद हुसैन आदि मौजूद रहे। इसके अलावा शहर कोतवाली परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई। कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और पुलिस कर्मियों को उनके जीवन के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पत्रकार संगठन कैराना के अध्यक्ष चुने गए संदीप

संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय, एक जनवरी से 31 दिसम्बर 2025 के मध्य रहेगा कार्यकाल, आगामी 29 दिसम्बर को कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर स्थित अंबा मैरिज होम में लेंगे पद एवं गोपनीयता की शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। सहज एवं विनम्र स्वभाव के धनी पत्रकार संदीप इन्सां को कस्बे के प्रतिष्ठित पत्रकार संगठन कैराना का अध्यक्ष चुना गया है। संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनका कार्यकाल आगामी 1 जनवरी से शुरू होकर 31 दिसंबर 2025 तक रहेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष 29 दिसंबर को कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर स्थित अंबा मैरिज होम में पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे।

बुधवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कस्बे के मुख्य पानीपत-शामली मार्ग पर केनरा बैंक शाखा के निकट चौधरी सिताब सिंह मार्किट में स्थित पत्रकार संगठन कैराना के कार्यालय पर संगठन के कलमवीरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार मामचंद चौहान एवं संरक्षण ताराचंद सैनी ने किया। इस दौरान संगठन के भावी अध्यक्ष के नाम पर विचार-विमर्श किया गया। गहन मंथन के उपरांत पत्रकार संदीप इन्सां को सर्वसम्मति से संगठन का अध्यक्ष चुन लिया गया। संदीप इन्सां के अध्यक्ष चुने जाने पर साथी मीडियाकर्मियों ने उनका पुष्प-मालाओं से अभिनंदन किया। इसके अलावा, वरिष्ठ पत्रकार महराब चौधरी एवं सुधीर चौधरी को उनका संरक्षक बनाया गया है। बैठक का कुशल संचालन कर रहे पत्रकार संगठन कैराना के वर्तमान अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने बताया कि नवनियुक्त अध्यक्ष आगामी 29 दिसंबर को कस्बे के मुख्य मार्ग पर स्थित अंबा मैरिज होम में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि इसी दिन पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना प्रशंसनीय योगदान प्रदान करने वाले कस्बे के वरिष्ठ पत्रकारों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुनील धीमान, यूसुफ त्यागी, मेहरबान अली कैरानवी, अंसार सिद्दीकी, सलीम फारूकी, अहसान सैफी, सन्नी गर्ग, इरफान चौधरी, दीपक बालान, वाजिद अली, फिरोज खान, पुनीत गोयल, आशीष सैनी, फारूख फरीदी, स्वदेश चौधरी, अनुज रावल एडवोकेट, राहुल चौधरी, सागर चौधरी, गौरव चौहान, अभय चौधरी, देवराज चौहान, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

कैराना। नवनियुक्त पत्रकार संगठन ग्रुप फोटो खिंचवाते हुए। छाया शाह टाइम्स

पंडित मदन मोहन मालवीय व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विचार गोष्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। ब्राह्मण एकता महासभा व ब्राहमण सभा द्वारा पंडित मदन मोहन मालवीय जयंती व अटल बिहारी बाजपेई जयंती के अवसर पर हवन पूजन व एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बुधवार को महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के उपलक्ष में ब्राह्मण एकता महासभा शामली द्वारा शहर के माजरा रोड स्थित मालवीय पार्क में यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। यज्ञ हवन के उपरांत बारातघर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था के संरक्षक विजय कौशिक, बृजेश वशिष्ठ, विनोद अत्री, जयप्रकाश ने अपने विचार रखे और उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प लिया।

इस दौरान समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने दोनों महापुरूषों के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सुरेनद्र शर्मा, डा। नीरज वशिष्ठ, सत्यप्रकाश कौशिक, निवास शर्मा, विनोद अत्री, विजय, जयप्रकाश शर्मा, अशोक कुमार, सुरेशचंद शर्मा, ब्रजेश वशिष्ठ, रामनिवास शर्मा आदि मौजूद रहे।

झिंझाना। इन्दिरा गांधी मैमोरियल इण्टर कॉलेज सींगरा में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती एवं तुलसी दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य जय कारण अंसल व विजय कुमार ने मां सरस्वती तथा अटल बिहारी के चित्र पर दीप प्रज्वलित के साथ पुष्प अर्पित किए।

बुधवार को कार्यक्रम में उपस्थित सभी अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं को भारत के पांचवे प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेई के संघर्षों एवं देश के उत्थान में किए गए योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में यशपाल सिंह, सुनील पंवार, ओपिन कुमार, विनोद कुमार, राम कुमार, ब्रह्म दत्त व मती रमा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पंडित महामना मदन मोहन मालवीय व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती और तुलसी पूजन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

तुलसी पूजन के लिए विद्यालय में आए हर्ष शर्मा, अंकित कुमार व अंकुर कुमार ने मां सरस्वती, भारत माता, ओम और तुलसी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अंकुर कुमार ने छात्राओं को तुलसी की पौराणिक कथा,गुणों के विषय में जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने मालवीय और अटल बिहारी वाजपेई के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। संजीव कुमार, संदीप कुमार, रवि कुमार, कविता,अनिता, मो. निका, साक्षी उपस्थित रहे।

उधार के पैसे को लेकर दो पक्षों में हुआ झगड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। मंगलवार की रात्रि में उधार के पैसे मांगने गए एक चिकित्सक व दूसरे पक्ष के मध्य जमकर लाठीडंडे चले,जिसमें एक महिला को गम्भीर चोटे आई है। झगडे की सूचना पर पहुॅची पुलिस ने तीन व्यक्तियों को हिरासत मे लिया है। वही पीडिता को मेडिकल के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। चौसाना चौकी के कश्यप मौहल्ले में सतबीर नाम का चिकित्सक पडोस के मनोज व सनोज आदि से अपने उधार के पैसे मांगने के लिए गया था। आरोप है कि मनोज पक्ष ने सतबीर के संग अभद्रता शुरू कर दी। जिसका सतबीर से विरोध किया। शोर शराबा होने पर सतबीर की बहन व भाई बीचबचाव को आए तो आरोप है कि मनोज आदि ने लाठीडंडो से महिला का सिर फोड दिया व सतबीर के संग भी मारपीट की गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और तीन लोगो को हिरासत में लिया। वही दूसरी ओर पुलिस ने पीडित महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। चौकी प्रभारी सचिन त्यागी का कहना है कि शिकायत पर मामले को दर्ज कर लिया गया था और पीडित महिला का मेडिकल कराया गया है। वही मामले मे पकडे गए तीन लोगो को शान्तिभंग मे जैल भेजा गया है।

मामले को दबाने के लिए फैसले पर जोर देती रही पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

चौसाना। झगडे के बाद पुलिस चौकी पर पहुॅची पीडिता के संग ग्रामीणों की भीड पहुॅची। पीडित पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी। लेकिन चौकी प्रभारी की गैर हाजिरी मे मुन्शी ने मामले को दबाने का प्रयास किया। सूत्र बताते है कि एक छुटभैया नेता के दबाव मे आकर दोनो पक्षो के मध्य फैसला कराने का प्रयास किया गया। दोनो पक्षो के मध्य फैसला हो भी गया था और एक पक्ष को छोड भी दिया गया था,लेकिन विरोध के बाद पुलिस ने मामले मे शान्तिभंग की कार्यवाही की।

युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

देवबन्द। घर से घुमने के लिए निकला युवक की देर शाम दिल्ली की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने शव का पंचनामा करा देर रात ही मजनूवाला रोड स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। मोहल्ला मटकोटा निवासी 20 वर्षीय तमीम पुत्र दुल्ला घर से घुमने के लिए निकला था। लेकिन कुछ देर बाद उसकी मृत्यू की सूचना घर पहुंची। बताया जाता है कि वह टहलने के लिए भायला फाटक की ओर गया था। इस दौरान वह ट्रैक पर पहुंच गया और दिल्ली की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चार भाइयों में तीसरें नबंर पर था। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने कार्रवाई न करने की बात कहकर शव का पंचनामा करा अपने साथ ले गए।

चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। ट्यूबवेलों में सेंधमारी कर चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से बिजली के मोटर खोलने के उपकरण समेत तांबे के तार बरामद किये पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

गांव भायला कलां निवासी प्रदीप कुमार के ट्यूबवैल से मोटर चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीती 10 नवबंर को मामला दर्ज किया था। हालांकि इस दौरान दो दिनों में डेढ़ दर्जन से अधिक ट्यूबवैल से मोटर चोरी हुए थे।

पुलिस ने अपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए चलाए गए अभियान के अंतर्गत गांव खजूरी?गांव कुरडी मोड़ स्थित भायला रोड से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान गांव भायला कलां निवासी आकाश की हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो किलो तांबे के तार सहित बिजली के मोटर खोलने के औजार सहित अन्य सामान आरोपी से बरामद किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने मित्र के साथ भायला कलां के जंगल से दो और गांव साधारणपुर से छह एवं गांव बढेडी मजबता के जंगल से बिजली के पांच मोटरो से तार चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने मोटर चोरी के तार चलते फिरते कबाड़ी को भी पांच हजार रुपये में बैंचने की बात स्वीकार की। बताया कि कुछ तार उसके दोस्त के पास भी है। पुलिस दूसरें आरोपी की तलाश कर रही है। जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दें शिक्षक: मंत्री

मेपल्स एकेडमी में बेसिक शिक्षा विभाग ने किया कार्यक्रम

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। ग्राम प्रधानों को बेसिक स्कूलों के मानकों को पूरा करने के साथ ही बच्चो के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देना चाहिए।

हाईवे स्थित मेपल्स एकेडमी में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ग्राम प्रधान/स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों की ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने करने के उपरांत कहा कि ग्राम प्रधानों को बेसिक स्कूलों के 19 मानकों को पूरा करना चाहिए। साथ ही कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ ही उनके सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दिए जाना जरूरी है। मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक राजेश कुमार ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे डीबीटी निपुण आदि के बारे में विस्तार से बताया। खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने ग्राम प्रधानों से कहा कि वह स्कूलों में समन्वय बनाने में सहयोग दें। संचालन अंजलि त्यागी व अनुज कुमार ने किया।

उपजिलाधिकारी दीपक कुमार, खण्ड विकास अधिकारी असलम परवेज, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजय त्यागी, प्रधान संगठन के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, अजय मित्तल, मेपल्स एकेडमी के प्रधानाचार्या डा. चित्रा जोशी, वरुण कुमार, कृपाल मलिक आदि प्रधान व शिक्षक शामिल रहे।

भाजपाइयों ने वाजपेयी की मनाई जयंती

शाह टाइम्स ब्यूरो

देवबन्द। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपाइयों ने वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कार्यों का बखान किया।

भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने आयोजित कार्यक्रम में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को विकसित भारत बनाने की नींव रखी। आज देश उन्हीं के दिखाए रास्ते पर चल रहा है। उनके द्वारा देश की जनता से किए गए वादे को प्रधानमंत्री मोदी पूरा कर रहे है। मनोज सिंघल, चौधरी ओमपाल सिंह, डा. सुखपाल सिंह, सभासद रविंदर सिंह, डा. पवन सवई ने कहा कि वाजपेयी जी ने अपने कार्यकाल में देश को सुशासन दिया। अभिषेक त्यागी, दीपक गर्ग, विजेंद्र जौहरी व जोगेंद्र जाटव, विराज देशवाल आदि ने भी विचार रखें। इस मौके पर डा. कल्याण सिंह को सम्मानित किया गया। संचालन राजेश अनेजा ने किया। अजय गर्ग, दीपक वाल्मीकि, रंजीत वाल्मीकि, जितेंद्र कश्यप, राम मोहन सैनी, मुर्तजा कुरैशी, पवन धीमान, बलवीर सैनी, नरेश प्रधान व अमरीश त्यागी आदि मौजूद रहे।

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने मनाया पंडित मदन मोहन एवं अटल बिहारी का जन्म दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा मेरठ का एक कार्यक्रम बुधवार को जिला अध्यक्ष पंडित घनश्याम शर्मा के आवास रोहटा रोड पर हुआ। कार्यक्रम में महामना मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को लेकर अनेक वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखकर महामना मदन मोहन मालवीय एवं वाजपेयी जी के विचारों एवं आदर्शों पर सीख लेने एवं विचारों पर चलने की बात की। सभी उपस्थित सज्जनों ने अच्छे कार्यक्रम की सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, जिला संगठन मंत्री ओमकार शर्मा, जिला महासचिव रविंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप भारद्वाज, जिला संरक्षक बृजमोहन शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सचिन शर्मा, मीडिया प्रभारी तपन शर्मा, जिला सदस्य रामवीर सिंह, जिला सदस्य हरिओम वत्स, जिला संरक्षक देवेंद्र शर्मा, जिला संरक्षक विनोद कुमार, जिला संरक्षक तुलसी शर्मा, सदस्यगण विक्की कुमार, हरिओम शर्मा, अरुण शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, डॉ. विनोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

दौराला में धरती का सीना चीर हो रहा अवैध मिट्टी खनन

■ बिना नंबर प्लेट और बिना रजिस्ट्रेशन के दौड़ रहे हैं टैक्टर ट्रॉली

शाह टाइम्स संवाददाता

दौराला। क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी खनन माफिया का बोल बाला चल रहा है। सुबह से लेकर रात के अंधेरे में मिट्टी खनन जोरशोर से किया जा रहा है। सरधना मार्ग, अझोता मार्ग व लावड़ मार्ग पर धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। लावड़ मार्ग पर जैनपुर गांव के सामने रजवाहे के निकट मिट्टी का भराव किया जा रहा है जिसमे आधा दर्जन ट्रैक्टर ट्रॉली लगी हुई है ये सभी ट्रैक्टर बिना रजिस्ट्रेशन व बिना नंबर के धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। इन अवैध ट्रैक्टरों से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

क्षेत्र में ज्यादातर खनन रात में चल रहा है लेकन जैनपुर गांव के सामने जिस जगह भराव किया जा रहा है वहां रात और दिन में भी बिना नंबर के ट्रैक्टर मिट्टी भराव में लगे हुए हैं। खनन माफिया अपना काम इतनी तेजी से कर रहा है कि 10 से 15 ट्रेक्टर रोज सड़कों पर दौड़ते हुए मिल जाएंगे जो रात दिन मिट्टी खनन कर रहे हैं। अगर सही तरीके से जांच कर ली जाए तो कुछ ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं मिलेगा। खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि शिकायत के बाद अपना काम नहीं रोकते और खनन करना जारी रखते है। स्थानीय पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है और किसी भी तरह की कोई कार्यवाही करने से बचती नजर आती है। थाने से लेकर अन्य अधिक. ारी भी सब कुछ जान कर भी अनजान बने हुए है।अगर कोई शिकायत करे तो ये खनन माफिया उसको अपनी सेटिंग से चुप करा देते हैं। कुछ लोगों का कहना है कि मिट्टी खनन करने में ठेकेदार पर खाकी के साथ साथ खादी का भी हाथ रखा हुआ है। वरना इतनी शिकायत के बाद भी खनन क्यों नहीं रुक रहा है। ठेकेदार द्वारा परमिशन के नाम पर तय सीमा से अधिक खेत खोदना और ट्रैक्टर ट्रॉली से मिट्टी भर कर ले जाना परमिशन का हिस्सा नहीं है।

मानक को ताक पर रखकर हो रहा है मिट्टी खनन

किसी भी सरकारी काम या या मिट्टी खोदने के लिए एक तय सीमा तक खेत से मिट्टी उठाई जा सकती है जिसकी पूरी जानकारी परमिशन करते वक्त ठेकेदार को बताई जाती है। मिट्टी उठाने में दो से तीन फीट तक की परमिशन दी जाती है लकीन खानन माफिया द्वारा लगभग आठ दस फीट तक मिट्टी उठाई जा रही है। इससे अलग मिट्टी उठाने के लिए वाहन के सभी कागज पूरे होने चाहिए। वाहनों की फिटनेस और इंश्योरेंस जोकि बेहद ही जरूरी है लेकिन कुछ ठेकेदार सभी मानक और सारे नियम कानून को ताक पर रख देते है और परमिशन का हवाला दे कर सभी की आंखो में धूल झोंक कर काम रहे। अब देखना होगा की खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई होगी या यूं ही खेल चलता रहेगा।

कसेरूखेड़ा नाले में सफाई के दौरान मिला शव

■ परिवार वालों ने गुमशुदा में करा रखी थी रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

गंगानगर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कसेरूखेड़ा नाले में बुधवार को नगर निगम के जेसीबी द्वारा नाले की सफाई का कार्य चल रहा था, तभी निगम कर्मी जेसीबी चालक को नाले में एक शव दिखाई दिया जिसकी सूचना चालक ने तुरंत कंट्रोल रूम को दी सूचना पर गंगानगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को नाले में से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष गंगानगर अनूप कुमार ने बताया कि मृतक का नाम सनी पुत्र बिल्लू है जो कि थाना भावनपुर क्षेत्र के प्रताप नगर में रहता था और पिछले कुछ दिन से घर से लापता था जिसकी गुमशुदा की रिपोर्ट परिवार के द्वारा थाना भावनपुर में लिखवायी गई थी।

उधर जैसे ही परिवार वालों को नाले में से एक अज्ञात शव निकाले जाने की सूचना मिली तो परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंचे और शव को देखते ही परिवार वालों में को. हराम मच गया। उन्होंने शव की शिनाख्त सनी के रूप में करी। थानाध्यक्ष भावनपुर ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह लग रहा है मृतक की मौत पानी में गिरने से हुई है, बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही स्पष्ट होगा । थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई करी जाएगी।

कांवड़ मार्ग पर पेड़ से टकराई कार, दो की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

सरधना। बुधवार दोपहर कांवड़ मार्ग पर कपसाड़ गांव के निकट एक कार पेड़ से टकरा गई। इस दौरान कार सवार पति पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद उनके शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने पहचान कर परिजनों को हादसे की सूचना दी। परिनजों के आने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मिली जानकारी के अनुसार आगरा निवासी 42 वर्षीय अभिषेक सेंगर पुत्र प्रद्युम्न सेंगर अपनी पत्नी 40 वर्षीय पत्नी रेखा सेंगर के साथ कार में सवार होकर अपनी ससुराल हरिद्वार के रुड़की जा रहे थे। जैसे ही वह कांवड़ मार्ग पर कपसाड़ गांव के निकट पहुंचे तो उनकी कार अचानक अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। अभिषेक व रेखा दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को लोगों की मदद से बाहर निकाला और सीएचसी भेज दिया। बाद में कार के नम्बर से दोनों की शिनाख्त हुई तो परि. जनों को सूचना दी गई। देर शाम परिजन सरधना पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के शवों को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी ने किया शानदार प्रोग्राम का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। संगीत के सम्राट मोहम्मद रफी के 100 वे जन्म दिवस के शुभ अवसर पर सरगम आर्ट कल्चरल सोसायटी और सर का मार्ट ग्रुप द्वारा बॉम्बे बाजार चौंबर भवन में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष और निर्देशक जुनैद फारूकी ने बताया कि वह कई वर्षों से इस कार्यक्रम को विधिवत रूप से कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजू मेहरोल, आसिफ अनवर वारसी संपादक, अजय गुप्ता व्यापारी नेता धर्मेंद्र तोमर शिवसेना नेता रजनीश कौशल दवा व्यापारी विशिष्ट अतिथि नौशाद बललू सेठ, मंसूरल इस्लाम, धर्मेंद्र तोमर, सागर हिंदुस्तानी, दिलशाद मंसूरी, रईस अहमद, अजरा खान, महेश चावला, बबलू राजा, दानिश, शाहिद अंसारी, नदीम राज, एहसान इलाही, नदीम भारती, क्षमा, दिशा कश्यप, नेहा राजपूत, नदीम एनबी, अजीज ठेकेदार आदि रहे प्रोग्राम का शुभारंभ फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर दर्जनों लोगों ने अपनी प्रस्तुति थी मोहम्मद रफी के गीत गाए प्रोग्राम का संचालन मोहम्मद अशरफ ने किया।

डीपीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

बहसूमा। डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में यूनिट थर्ड परीक्षा के बाद आज कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के बच्चों के लिए अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके तहत अभिभावकगणों ने विद्यालय में आकर अपने बच्चों के शैक्षिक, बौद्धिक तथा मानसिक विकास के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिस प्रकार हीरे को लगातार घिसने से उसमें और चमक आती है ठीक उसी प्रकार लगातार मेहनत करने से सफलता आपके कदम चूमती है।

यह बात आज विद्यालय सचिव जगदीश त्यागी ने अभिभावकों व बच्चों को संबोधित करते हुए कहीं। सचिव ने अभिभावकों से कहा कि अभिभावक-शिक्षक बैठक बच्चों की शिक्षा में बदलाव लाने का एक तरीका है। क्योंकि यह बच्चे में नए सकारात्मक बदलाव और नए दृष्टिकोण लाने में सक्षम बनाता है। ताकि उनकी प्राथमिकता पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। विद्यालय प्रधानाचार्य जिया जैदी ने अभिभावकों को आश्वत किया कि हम बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए प्रबुद्ध हैं। इसके लिए सभी अध्यापक हर संभव प्रयास करते हैं और आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय कॉर्डिनेटर अनुज त्यागी, तनवीर अहमद, मुकुल त्यागी, शिवम तिवारी, विशाल, मंजू तोमर, गुलाब सिंह, अमरदीप, आयशा, चिंकी, स्वप्ना नेहरा आदि अध्यापकों का सहयोग रहा।

अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन में मौजूद लोग।

आफिया हत्याकांड के आरोपी ने बरामद कराई पिस्टल

शाह टाइम्स संवाददाता

सरधना। कालंद गांव में आफिया हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी कामरान को पुलिस ने बुधवार को रिमांड पर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की। उसके बाद पुलिस ने थाने लाकर उससे पूछताछ की और फिर उसे वापस जेल भेज दिया। बता दें कि कालंद गांव में लगभग एक माह पूर्व पुरानी रंजिश के चतले हुई फायरिंग में आठ वर्षीय आफिया की गोली लगने से मौत हो गई थी। दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि मुख्य आरोपी कामरान ने कोर्ट में सरेंडर किया था। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को कामरान को रिमांड पर लिया गया। थाने लाकर उससे पूछताछ की गई। उसके बाद उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की गई। रिमांड का समय पूरा होने के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया।

पर्यटन मंत्री ने कोतवाल धन सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग जयवीर सिंह द्वारा पांचली खुर्द स्थित धन सिंह कोतवाल स्मारक पर पहुंचकर कोतवाल धन सिंह की प्रतिमा का माल्यार्पण किया गया तथा वहां पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित की जा रही आर्ट गैलरी के भवन का भी निरीक्षण किया गया। मंत्री द्वारा ग्राम भमौरी स्थित शहीद स्मारक पर पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित किये जाने वाले संग्रहालय तथा शहीद स्थल के सौंदर्यीकरण की योजना का शिलान्यास किया गया। अपने सम्बोधन में बताया कि मेरठ मंडल पर लगभग 234 करोड़ की योजनाएं पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है, जो क्रियान्वयन की विभिन्न अवस्थाओ में है। पर्यटन विभाग द्वारा भमौरी शहीद स्थल के सौन्दर्यीकरण तथा संग्रहालय के निर्माण पर 2 करोड़ 34 लाख की धनराशि व्यय की जा रही है। उन्होंने बताया कि धनसिंह कोतवाल आर्ट गैलरी के निर्माण पर लगभग 99 लाख की परियोजना पर्यटन विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। इस अवसर पर डॉ. सोमेन्द्र तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, एमएलसी अश्वनी त्यागी, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, उपनिदेशक पर्यटन प्रीति श्रीवास्तव आदि रहे।

खाली प्लॉट पर कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव

मेरठ। लोहिया नगर क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर में बुधवार की सुबह घर के आगे कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट और पथराव की वीडियो सोशल मीडिया पर हुई वायरस। मारपीट और पथराव में एक युवक मनोज नाम का गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। थाना लोहिया नगर क्षेत्र के ग्राम अल्लीपुर में मनोज कुमार नाम के युवक के घर के आगे 15 गज खाली जगह पड़ी हुई है जिस पर यामीन मोहसिन और हसीन कब्जा कर चिकन पॉइंट करना चाहते है। मनोज कुमार इसका विरोध करता है तो आये दिन उनके साथ यामीन मोहसिन और हसीन मारपीट करते है। मनोज कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह उनके घर के बाहर यामीन मोहसिन और हसीन ने कूड़ा डाल दिया जिसका मनोज ने विरोध किया तो मामूली कहासुनी हो गई जिसको आसपास के लोगों ने समझा बुझाकर शांत करा दिया। वहीं समय करीब 9 बजे मनोज कुमार अपनी बाइक पर सवार होकर काम पर जा रहे थे तभी यामीन मोहसिन और हसीन ने मनोज को बाइक से खींच लिया और मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पक्षो के लोग आमने सामने आगए ओर जमकर मारपीट करने लगे और पथराव शुरू कर दिया। वहीं यह मारपीट और पथराव की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जीत को दोहराने उतरेगी भारतीय टीम

खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को बिगाड़ दिया है

मेलबर्न, वार्ता। कल से शुरू होने जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम में पिछली बार वर्ष 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में इसी मैदान पर मिली जीत के दोहराने के इरादे से उतरेगी। भारतीय प्रबंधन को इस टेस्ट में जीत दर्ज करने के लिए चुनौतीपूर्ण निर्णय लेने होंगे। सीरीज के पिछले तीन मुकाबलों में देखा गया है कि भारतीय टीम शीर्षक्रम बल्लेबाजी को लेकर असमंजस की स्थिति रही। अब तक देखा गया है कि फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज ने इस सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा ने भारत के बल्लेबाजी क्रम को बिगाड़ दिया है। इस बॉलक्सग डे टेस्ट में दो क्रिकेट दिग्गज रोहित शर्मा, केएल राहुल के चरित्र, धैर्य और दृढ़ संकल्प की परीक्षा होगी। भारत अभी भी बुमराह के पर्याप्त समर्थन और खराब फॉर्म में चल रहे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से काफी अपेक्षा कर रहा है। बल्लेबाजी क्रम में खिलाड़ियों को बदलने के मामले में भारत के पास अधिक विकल्प नहीं हैं। इसलिए वे उम्मीद करेंगे कि कोई के एल राहुल का साथ दे और उनके साथ घंटों बल्लेबाजी कर सके। अगर भारतीय टीम यह टेस्ट हारती है तो डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। साथ ही एक दशक के बाद ऐसा होगा, जब ऑस्ट्रेलिया भारत के खिलाफ कोई टेस्ट श्रृंखला जीतने के बेहद करीब होगा। वहीं अगर भारत को जीत मिलती है तो वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को रिटेन कर लेंगे। भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने केएल राहुल को छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने का सुझाव दिया है। यह उन्हें पारी की शुरुआत में नई गेंद से बचायेगा और उन्हें दूसरी नई गेंद के खिलाफ मजबूती से खड़े हो सकेंगे। हालांकि इस रणनीति के अपने फायदे हैं, लेकिन इससे राहुल की लय को बिगाड़ने का भी जोखिम है, विशेषकर सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी सफलता को देखते हुए। रोहित का शीर्ष पर स्थान अभी सुरक्षित लगता है, भले ही वह रन नहीं बना रहे हों। अगर राहुल नीचे आते हैं तो मध्यक्रम की गतिशीलता में काफी बदलाव आएगा। देखना होगा कि शुभमन गिल एकादश में अपना स्थान बरकरार रख पाते है या ध्रुव जुरेल को मौका मिलेगा। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की अगुवाई में भारत के गें. दबाजी आक्रमण को अपनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मैदान की सतह पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के अनुकूल है, लेकिन 40 डिग्री सेल्सियस के चिलचिलाती गर्मी के पूर्वानुमान के कारण भारत को दूसरा स्पिनर शामिल करना होगा। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया भी शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को लेकर परेशान है। ऑस्ट्रेलिया ने जसप्रीत बुम. राह का मुकाबला करने के लिए अपनी सलामी जोड़ी में बदलाव करना पड़ा है। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ने टीम में सैम कॉन्स्टास को जगह दी है। गेंदबाजी में पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की जोड़ी किसी भी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त करने में सक्षम है। पूरी तरह से फिट और खेलने के लिए तैयार ट्रैविस हेड की वापसी से मध्य क्रम को मजबूती मिली है। स्टार्क और स्कॉट बोलैंड से इस पिच की उछाल पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत का दिलचस्प इतिहास रहा है इस जगह हाल के वर्षों में कई यादगार भारतीय जीत देखी हैं, जिसमें प्रतिष्ठित 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दौरान उनकी जीत भी शामिल है। भारत को इस मुकाबले में जीत दर्ज करने के लिए बल्ले और गेंद दोनों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

चौथे टेस्ट मैच के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया की संभावित टीम इस प्रकार है

भारत की संभावित एकादश:- यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्डी/वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

ऑस्ट्रेलिया की संभावित एकादश

उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मार्नस लाब. ुशेन, स्टीवन स्मिथ, हेड, मार्श, ऐलेक्स कैरी (विकेटकीपर), कमिंस (कप्तान), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और स्कॉट बोलैंड।

बाक्सिंग-डे टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं रोहित

राहुल 3 नंबर पर खेलेंगे, रोहित शर्मा ने कहा था कि बैटिंग ऑर्डर की चिंता न करें

मेलबर्न, वार्ता। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा मेलबर्न टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के साथ ओप. निंग कर सकते हैं। वहीं, केएल राहुल को नंबर-3 पर उतारा जा सकता है। इतना ही नहीं, भारतीय टीम बाक्सिंग-डे टेस्ट में 2 स्पिनर्स के साथ उतर सकती है। नीतीश रेड्ध्डी को ड्राप किया जा सकता है। ये दावे टाइम्स आफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में किए हैं। एक दिन पहले रोहित शर्मा ने अपने बैटिंग आर्डर पर सस्पेंस बरकरार रखा था। उन्होंने कहा था- श्कौन कहां बल्लेबाजी करेगा, इसे लेकर चिंता ना करें। हमें इस पर विचार करने की जरूरत है और यह ऐसी चीज नहीं है, जिस पर मैं यहां चर्चा करूं।

हम वही करेंगे, जो टीम के लिए बेस्ट होगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का चौथा मुक. ाबला 26 दिसम्बर से मेलबर्न के एमसीजी पर खेला जाएगा। 5 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच रोहित ने नहीं खेला था, उनकी जगह केएल राहुल ओपनिंग करने उतरे थे। 2 टेस्ट में राहुल ने ओपनिंग की और रोहित नंबर-6 पर उतरे, लेकिन सिर्फ 19 रन बना पाए। पिछले 2 मैच में नंबर-6 पर उतरे हैं रोहित, 19 रन ही बना सके रोहित शर्मा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्हें दूसरे टेस्ट में बतौर ओपनर वापसी करनी थी, लेकिन केएल राहुल ने पर्थ में 77 रन की प्रभावशाली पारी खेल कर भारत

क्रिसमस पर सैर सपाटे पर निकले कोहली-अनुष्का

मेलबर्न, वार्ता। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 25 दिसम्बर की सुबह मेलबर्न के एक लोकल रेस्टोरेंट में स्पाट हुए। इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। उन्होंने क्रिसमस के मौके पर पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ मेलबर्न के 'कैफे कोर्ट' रेस्टोरेंट में नाश्ता किया। नाश्ता करने के बाद विराट ने रेस्टोरेंट के स्टॉफ के साथ फोटो क्लिक कराई। कैफे ने सोशल मीडिया पर स्टॉफ के साथ विराट कोहली की फोटो को पोस्ट किया।

मेलबर्न के छोटे से रेस्टोरेंट में ब्रेकफास्ट किया, शेफ के साथ फोटो भी खिंचाई

उन्होंने यह भी बताया कि विराट कैफे के किचन में गए थे और सभी को धन्यवाद किया और फोटोज भी खिंचवाई। कैफे ने सोशल मीडिया पर कोहली के साथ अपने स्टॉफ की फोटोज पोस्ट कीं। आज सुबह, जब हम अभी भी इस बात पर विचार कर रहे थे कि पब्लिक हालिडे के दिन अपने कैफे को खुला रखना है या नहीं, हमें इस बात का अंदाजा नहीं था कि हमें अपने छोटे से कैफे में किंग विराट कोहली, अनुष्का शर्मा और उनके परिवार की सेवा करने का अनुभव मिलने वाला है। विराट सर इतने काइंड थे कि वे हमारे किचन में आए, शेफ्स को धन्यवाद दिया और हमें अपने साथ फोटोज खिंचवाने का मौका दिया। कोहली ने इस सीरीज में 126 रन बनाए विराट को. हली इस सीरीज के पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शतक को छोड़कर अब तक पूरी सीरीज में फ्लाप रहे हैं। उन्होंने पांच पारियों में 31.50 के औसत से 126 रन बनाए हैं। मेलबर्न टेस्ट में वह बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। एक-एक की बराबरी पर बीजीटी, गाबा टेस्ट ड्रा हुआ भारतीय टीम अभी मेलबर्न में है। टीम इंडिया को वहां 26 दिसम्बर से आस्ट्रेलिया के साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी का चौथा मैच खेलना है। 5 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने 18 दिसम्बर को गाबा टेस्ट ड्रा कराया था। इंडिया ने पर्थ में पहला मुक. ाबला 295 रनों से जीता था, जबकि एडिलेड में खेले गए पिंक बाल टेस्ट में मेजबान टीम को 10 विकेट से जीत मिली थी।

टेस्ट रैंकिंग में बुमराह का जलवा

भारतीय गेंदबाज ने सर्वोच्च रेटिंग हासिल कर अश्विन की बराबरी की, कोहली टॉप-20 से बाहर

दुबई, वार्ता। भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ब्रिस्बेन में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी की पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया। बारिश से प्रभावित इस मैच में बुमराह ने 94 रन देकर नौ विकेट हासिल किए थे। इस दमदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने 14 अतिरिक्त रेटिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह करियर की सर्वोच्च रेटिंग हासिल करने में कामयाब हो गए। तेज गेंदबाज के अब 904 रेटिंग अंक हो गए हैं। इसी के साथ उन्होंने भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। 2016 में अश्विन ने सर्वोच्च रेटिंग (904) हासिल की थी। इस तरह वह आईसीसी इतिहास में संयुक्त रूप से सर्वोच्च रेटिंग वाले भारतीय टेस्ट गेंदबाज बन गए। दक्षिण अफ्रीका कगिसो रबाडा दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवड तीसरे पायदान पर हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में बड़ी गिरावट देखने मिली है। पर्थ टेस्ट के बाद बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे यशस्वी एक स्थान के नुकसान के साथ पांचवें नंबर पर आ गया है, जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो स्थान के नुकसान से 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इस तरह यशस्वी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। गिल भी चार स्थान के नुकसान से 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। कोहली खराब प्रदर्शन के चलते शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं और एक स्थान के नुकसान के साथ 21वें नंबर पर खिसक गए हैं।

खेल विशेष

धामी राष्ट्रीय खेलों से जुड़ी मशाल यात्रा को करेंगे रवाना

नैनीताल, वार्ता। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आगामी 38वें राष्ट्रीय खेलों से जुड़ी मशाल यात्रा को गुरुवार को हल्द्वानी से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने बुधवार को बताया कि राष्ट्रीय खेलों से राज्य की जनता को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय खेलों से जुड़ी मशाल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कल हल्द्वानी में इस यात्रा का शुभारंभ करेंगे। यात्रा सभी 13 जिलों से होकर गुजरेगी। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय खेलों का महाकुभ अगले महीने 25 जनवरी से 14 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर शहीद पार्क से मिनी स्टेडियम तक एक सांस्कृतिक रोड शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहाड़ की संस्कृति की झलक दिखेगी।

टी-20 विश्वकप टीम में शामिल होने पर सोनम के गृह जिले में जश्न

फिरोजाबाद, वार्ता। अंडर 19 टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाली महिला क्रिकेट खिलाड़ी सोनम यादव के गृहनगर फिरोजाबाद में जश्न का माहौल है। सोनम ने हाल ही में संपन्न एशिया कप में भारत की ओर से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उन्होने पाकिस्तान के खिलाफ चार विकेट और बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लिए थे। अंडर 19 टी-20 विश्वकप में भारतीय दल में शामिल किये जाने की सूचना मिलते ही युवा खिलाड़ी के परिजन,रिश्तेदार और प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। टी-20 विश्वकप का आयोजन मलेशिया में 18 जनवरी से 18 फरवरी तक होगा।

अहमदाबाद में 40वीं अखिल भारतीय आरपीएफ बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित

अहमदाबाद, वार्ता। पश्चिम रेलवे में गुजरात के अहमदाबाद में 40वीं अखिल भारतीय आरपीएफ बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पूरूष वर्ग में और उत्तर सीमांत रेलवे ने महिला वर्ग का खिताब जीता।

मंडल रेल प्रवक्ता ने मंगलवार को यहां बताया कि पश्चिम रेलवे के मार्गदर्शन में आयोजित 40वीं अखिल भारतीय आरपीएफ बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 के समापन समारोह में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। 20 दिसंबर से शुरू हुई इस चैम्पियनशिप में अहमदाबाद के खोखरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कुल 315 मैच खेले गए और फाइनल मैच ओएनजीसी बैडमिंटन कोर्ट, साबरमती में हुआ। चैंपियनशिप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पुरुष टीम प्रतियोगिता में और उत्तर सीमांत रेलवे ने महिला टीम प्रतियोगिता में विजयी प्रदर्शन किया। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने पुरुष एकल में और पूर्वी रेलवे ने महिला एकल में जीत हासिल की। इसके अलावा दक्षिण मध्य रेलवे ने पुरुष डबल में और उत्तर सीमांत रेलवे ने महिला युगल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता और उपविजेता टीमों और खिलाड़ियों को उनके वर्गों में पदक और ट्रॉफी महाप्रबंधक श्री मिश्र और पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र द्वारा वितरित की गईं। इस चैंपियनशिप में सभी जोनल रेलवे और आरपीएसएफ का प्रतिनिधित्व करने वाली 16 टीमों ने राजपत्रित और अराजपत्रित दोनों अधिकारियों के लिए पुरुष और महिला श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बंगाल वॉरियर्स पर जीत के साथ प्लेऑफ में यू मुंबा

पुणे, वार्ता। यू मुंबा ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में मंगलवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 132वें और अंतिम लीग मैच में बंगाल वारियर्स को 36-27 के अंतर से हराकर औपचारिक रूप से प्लेआफ का टिकट हासिल कर लिया है। दूसरी ओर, बंगाल की टीम हार के साथ घर लौटी। मुंबा ने 12वीं जीत के साथ 71 अंक लेकर तालिका में पांचवां स्थान हासिल किया जबकि बंगाल को 22 मैचों में 14वीं हार के साथ विदाई लेनी पड़ी। अब एलिमिनेटर-2 में मुंबा का सामना 26 दिसंबर को पटना पाइरेट्स से भिड़ना है जबकि इसी दिन के पहले एलिमिनेटर में यूपी योद्धाज का सामना जयपुर पिंक पैंथर्स से होगा।

गुजरात में पांच जनवरी से शुरु होगी सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप

अहमदाबाद, वार्ता। गुजरात में पांच जनवरी से 74वीं सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप शुरु होगी। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने महिला और पुरुष वर्ग में होने वाली इस सीनियर नेशनल बॉस्केटबॉल चैंपियनशिप की जिम्मेदारी गुजरात स्टेट बास्केटबॉल एसोसिएशन को सौंपी है।

पांच से 12 जनवरी तक चलने वाली यह चैंपियनशिप गुजरात स्पोर्ट्स अथॉरिटी के सिदसर भावनगर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक इनडोर स्टेडियम और तीन आउटडोर बास्केटबॉल कोर्ट में आयोजित की जायेगी। अब तक विभिन्न राज्यों की 31 पुरुष और 28 महिला टीमों ने इस चैंपियनशिप में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। चैंपियनशिप लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। पिछले साल की रैंलकग के अनुसार शीर्ष दस टीमों को 5-5 टीमों के 2 समूहों (ग्रुप ए और ग्रुप बी लेवल 1) में विभाजित किया जाएगा। शेष टीमों को चार समूहों (ग्रुप सी, ग्रुप डी, ग्रुप ई और ग्रुप एफ लेवल-2) में विभाजित किया गया है।

भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 115 रनों से हराया

वडोदरा, वार्ता। हरलीन देओल (115) की शतकीय, प्रतिका रावल (76), स्मृति मंधाना (53) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (52) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 115 रनों से हराकर तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 359 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज शुरुआत अच्छी नहीं और उसने अपना पहला विकेट 20 के स्कोर पर गवां दिया। दीप्ति शर्मा किआना जोसेफ (15) को छठें ओवर में प्रतिका रावल के हाथों कैच आउट कराकर भारत पहली सफलता दिलाई। तितास साधु ने 10वें ओवर में भारत को दूसरी सफलता दिला दी है। साधु ने पहला मैच खेल रहीं क्रॉफ्टन को लगातार दूसरी छोटी गेंद डाली और वह शॉट जल्दी खेल बैठीं और तितास साधु ने एक आसान सा कैच पकड़ लिया। क्रॉफ्टन (13) रन बनाकर आउट हुई।

इसके बाद प्रिया मिश्रा ने बैकऑफ लेंथ गेंद पर रशादा विलियम्स (शून्य) को आउट किया। 17वें ओवर में रेणुका सिंह ठाकुर ने डिएंड्रा डॉटिन (10) को पवेलियन चलता कर दिया है। हालांकि इस दौरान कप्तान हेली मैथ्यूज एक छोर थामे रही और उन्होंने अर्धशतक पूरा किया। कैंपबेल और मैथ्यूज़ के बीच पांचवें विकेट के लिए 112 रनों की साझेदारी हुई। साधु ने कैंपबेल तिताश (38) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी दौरान मुश्किल परिस्थिति में मैथ्यूज ने भारत में अपना पहला शतक पूरा किया। यह उनके करियर का सातवां शतक है। महिलाओं के एकदिवसीय क्रिकेट में मैथ्यूज तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई जिसने 100 विकेट के साथ-साथ सात शतक भी लगाया है। 39वें ओवर में प्रतिका रावल ने मैथ्यूज (106) को आउटकर वेस्टइंडीज को सातवां झटका दिया। इसके बाद जायडा जेम्स (25), ऐफी फ्लेचर (22) और करिश्मा रामहैरक (तीन) रन बनाकर आउट हुई। भारतीय गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज की पूरी टीम को 46-2 ओवर में 243रन पर ढ़ेर कर 115 रनों मुकाबला जीत लिया। भारत की ओर से प्रिया मिश्रा ने तीन विकेट लिये। प्रतिका रावल, तितास साधु और दीप्ति शर्मा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। रेणुका सिंह को एक विकेट मिला। आज यहां इससे पहले भारत ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 359 रनों का लक्ष्य दिया था। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 110 रन जोड़े। 17वें ओवर में स्मृति मंधाना के रनआउट होने पर इस साझेदारी का अंत हुआ। मंधाना ने 47 गेंदो में सात चौके और दो छक्के लगाते हुए (53) रन बनाये।

जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर यूपी

प्रो कबड्डी लीग के मैच में यूपी योद्धाज ने बैंगलुरु बुल्स को 44-30 के अंतर से हराया

पुणे, वार्ता। यूपी योद्धाज ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में मंगलवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 131वें मैच में बेंगलुरू बुल्स को 44-30 के अंतर से हराते हुए अंक तालि. का में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है।

दूसरी ओर, अच्छा खेलने के बावजूद बुल्स 22 मैचों में 19वीं हार के साथ इस सीजन से विदा हुए। यूपी की जीत में शिवम चौधरी (13), लंबे समय बाद वापसी कर रहे सुरेंदर गिल (9) का अहम रोल रहा। यूपी को 22 मैचों में 13वीं जीत मिली। वह बीते नौ मैचों से अजेय है। बुल्स के लिए सुशील धनकर ने सबसे अधिक 12 अंक लिए जबकि इस मैच में 1800 रेड प्वाइंट्स पूरा करने वाले परदीप नरवाल ने 6 अंक जुटाए। अब यूपी एलिमिनेटर-1 में खेलती दिखेगी। यूपी के लिए यह मैच काफी अहम था लेकिन बुल्स ने अच्छी शुरुआत करते हुए छह मिनट के खेल में 4-3 की लीड बना रखी थी। इसका कारण यह था कि धीमी गति से चल रहे मैच में परदीप ने अपेक्षित शुरुआत की और दो बार गंगाराम को आउट किया। फिर सुशील ने मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर 6-3 करते हुए यूपी को आलआउट की कगार पर ला दिया। इसके बाद परदीप ने मल्टीप्वाइंटर के साथ आलआउट ले लिया। स्कोर 11-3 हो गया लेकिन आलइन के बाद सुरेंदर ने डुबकी पर दो अंक लिए और फिर सुशील ने बोनस के साथ 10 मिनट की समाप्ति तक स्कोर 5-12 कर दिया।

इस बीच बोनस के साथ परदीप पीकेएल इतिहास में 1800 रेड प्वाइंट्स करने वाले पहले खिलाड़ी बने। परदीप के कीर्तिमान से बेखबर ब्रेक के बाद यूपी ने हालांकि सुधरा हुआ खेल दिखाया और बुल्स को आलआउट को कर स्कोर 12-15 कर दिया। आलइन के बाद भी यूपी ने लगातार तीन अंक लिए और स्कोर 15-16 कर दिया। बुल्स के लिए सुशील लगातार अंक रहे थे। इस बीच यूपी ने स्कोर 18-18 कर दिया। हालांकि बुल्स ने 19-18 स्कोर पर पाला बदला। हाफटाइम के बाद हालांकि यूपी ने फिर से बराबरी कर ली। इसके बाद सुरेंदर ने सौरव को आउट कर यूपी को लीड दिला दी।

आस्था उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व

नगर के चर्चों में की गई विशेष आराधना, कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, मेयर डा. अजय कुमार सिंह व पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने दी ईसाई समाज के लोगों को बधाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। ईसाई समुदाय ने आज क्रिसमस पर हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रभु यीशु मसीह के संदेश का अनुसरण कर जियो और जीने दो का सिद्धांत पर चलने का संकल्प भी लिया सभी चर्चाओं में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अन्य समुदाय के लोगों ने भी चर्च पहुंचे लोगों को पर्व की बधाई दी। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद, मेयर डा. अजय कुमार सिंह, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने क्रिसमस पर्व के कार्यक्रमों में शामिल होकर भाईचारे व एकजुटता का संदेश देते हुए ईसाई समाज के लोगों को एकजुटता का संदेश दिया।

आज मिशन कंपाउंड स्थित सीएनआई चर्च में क्रिसमस पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज सुबह से ही चर्च पर उत्सव जैसा माहौल बना हुआ था सुबह से ही लोगों का आना जाना शुरू हो गया था। चर्च के पादरी दो दयाल एम लाल ने विशेष प्रार्थना सभा कराई और सभी के उजाल भविष्य कामना करते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने जो संदेश हमको दिया था, हमें उसका अंगीकार करना चाहिए और जन जन को संदेश को पहुंचाने का काम करें। इस अवसर पर महापौर डॉक्टर अजय सिंह समेत आदि लोग चर्च पहुंचे और ईसाई समुदाय के लोगों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी। इस दौरान चर्च परिसर में एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें विशेष व्यंजन के स्टाल लगाए गए थे। देर शाम चर्च में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और अपने पूर्वजों की स्मृति में सभी ने मोमबत्ती अभी जलायी। कोर्ट रोड स्थित सेक्रेड हार्ट चर्च में फादर जॉन व फादर मैथ्यू नरेश द्वारा प्रार्थना सभा को संबोधित किया। इस मौके पर फादर जॉन ने कहा आज हमारे मुक्तिदाता प्रभु ईसा मसीह का जन्म दिवस है जो कि पूरे विश्व में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने बताया प्रभु ईसा मसीह दुनिया में इसलिए आए झूठ और पाप में पड़े इंसान को बाहर निकल सके। उन्होंने अपने

जीवन में बड़े-बड़े कार्य किया अंधों को रोशनी दी, मुर्दों को जिंदा किया कौड़ियों को ठीक किया और बुरी आत्माओं को लोगों से बाहर निकाला। इस मौके पर सेवनथ डे चर्च पूर्व फादर सोलोमन सिंह ने भी कहां क्रिसमस को बड़ा दिन भी कहा जाता है और आज से जो दिन है वह बड़ा होना चालू हो जाता है। उन्होंने बताया प्रभु ईसा मसीह जब पैदा हुए, ना वह किसी घर में पैदा हुए, ना किसी बंगले में, ना कोठी में, वह एक गौशाला में पैदा हुए थे। जब तीन राजा एक सितारे को देखते हुए उनके पैदा हुए स्थान पर पहुंचे थे और उन्होंने प्रभु ईसा मसीह को नमन किया था। इस मौके पर सिस्टर जेरिन, सिस्टर जीवन लता, सिस्टर उषा, माइकल सोलोमन, अर्चना जॉय, मास्टर अजय, इवलिन, मधु क्रिस्टोफर, लुईजा, जॉय कैमेस्टर, कैथरीन, विलियम, अनु विलियम, सागर,

अनुष्का सैमुएल, ईवा, एडविना, एरिक, वेरोनिका, आदि मौजूद रहे।

बाजोरिया रोड स्थित सैन्ट थॉमस चर्च में क्रिसमस हर्षोल्लास, आस्था व उमंग के साथ मनाया गया। रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ कैरोन आराधना का आयोजन किया गया। फादर संजय एबिल सिंह की अगुवाई में सुबह की आराधना की गयी। उन्होने बताया कि जो लाग अंधकार और अज्ञानता का जीवन जी रहे थे ऐसे लोगों को पाप की मृत्यु से जीवन की ओर लाने के लिए प्रभु यीशु का जन्म हुआ।

इस मौके पर मेयर डा. अजय सिंह, पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने शामिल होकर ईसाई समाज के लोगों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में अमित सैन, अरूण, राजकुमार, प्रिंस, श्रीमति अक्षा, श्रीमति मैरी, श्रीमति दिव्या,

श्रीमति सिन्थिया, श्रीमति जेनिफर, कुंवरपाल, एरिक, डेनिश, मून, एके सिंह, श्रीमति आशा मैसी आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा गिल कालोनी स्थित एजी चर्च में पास्टर आलोक सिमोन ने विशेष प्रार्थना सभा कराई और प्रभु के दिखाएं मार्ग पर चलने को प्रेरित किया। सदर बाजार रोड स्थित एसडीए चर्च में पास्टर राजन पिल्लई ने विशेष प्रधान· सभा कराई जिसमें उन्होंने प्रभु यीशु मसीह के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके मान्यता संदेश को जनजन तक भेजना चाहिए।

हिंदुस्तान कॉन्वेंट चर्च पथ बिहार में पास्टर अनार मनी ने भी विशेष प्रार्थना सभा कर प्रभु यीशु मसीह का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने अपने जीवन में सदैव मानवता कल्याण किया।

तुलसी पूजन दिवस मनाया

गंगोह। गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में तुलसी पूजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने तुलसी पूजन को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजय कुमार, पूजा सिंह व पारूल अग्रवाल ने तुलसी पौधे समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य ने तुलसी के पौधे की विस्तृत जानकारी प्रदान की। पूजा सिंह व पारूल अग्रवाल ने कहां कि जब दुनिया को सभ्यता का पता भी नहीं था तब हमारा देश संस्कारों की तुलसी से आंगन सजा रहा था। हिदू संस्कृति में माना जाता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है, वह घर तीर्थ के समान होता है। वहां मृत्यु के देवता यमराज भी नहीं आते हैं। जो मनुष्य तुलसी मंजरी से भगवान श्री हरि की पूजा करते हैं उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति सुबह-सुबह तुलसी का पूजन करता है, उससे विष्णु भगवान प्रसन्न होते हैं। तुलसी असाध्य रोगों का निवारण करती है तथा इसके पूजन से मनुष्यों की मनोकामना पूर्ण होती है। छात्र छात्राओं ने तुलसी पूजन को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अंजली गर्ग, शिवानी सैनी, रूबी, निशा वर्मा, पूजा, अंबाली, राखी, साक्षी मीनाक्षी आदि मौजूद रहे।

मौत पर झूठी आख्या दे रहे अफसर: इंजी.मोहसिन

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। सपा जिला. उपाध्यक्ष इंजीनियर मोहसिन मलिक ने सड़क हादसे में मौत का शिकार हुए दो युवकों के सम्बन्ध में लोकनिर्माण विभाग खण्ड 3 के अधिशासी अभियंता द्वारा झूठी आख्या देने का आरोप लगाया है।

बुधवार को मोहसिन मलिक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री बाबा योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बताया है कि जनपद मे लोक निमार्ण विभाग खण्ड 3 की चिलकाना नल्हेडा दुमझेडी मार्ग के किमी. 2 पर पुलिया के निमार्ण हेतु गड्ढा खोद दिया गया जो कि सप्ताह भर तक खुला पडा रहा। विगत 20 दिसम्बर की रात को शाने आलम व गुलबहार निवासी मोहल्ला हामिद हसन चिलकाना अपनी बाईक पर सवार होकर इसी रास्ते से नाल्हेड़ा जा रहे थे। जिनकी उक्त खुदे पडे गडढे में गिरकर दर्दनाक मौत हो गयी थी।

पत्र में यह भी बताया गया है कि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है दुर्घटना से पूर्व उक्त गडढे से पहले कोई दीवार, साईन बोर्ड या रास्ता डायर्वजन नही किया गया था। इसी कारण बाईक सवार दोनो युवक सीधे इस गडढे में गिरकर मौत की नींद सो गए थे।

हादसे में हो गई थी दो लोगों की मौत, सड़क में खोदे गड्ढे बने कारण

दुर्घटना के बाद मे आनन फानन में दीवार व साईन बोर्ड लगाया गया था। एक समाचार पत्र में छपी खबर को लेकर लोक निमार्ण विभाग खण्ड 3 के अधिसाशी अभियंता द्वारा विभागीय आख्या मे 22 दिसम्बर की जीपीएस फोटो में अस्थाई दीवार व साईन बोर्ड दिखाया गया है।

विभागीय आख्या मे लिखा गया है कि दुर्घटना अन्यत्र स्थल पर हुई है। जो कि पूरी तरह से झूठ है। घटनास्थल चिलकाना नल्हेडा दुमझेडी मार्ग पर पुलिया का गडढा ही है। जिसकी फोटो व आस पास के लोग गवाह भी है।

समाजवादी पार्टी नेता इंजीनियर मोहसिन ने मुख्यमंत्री से अधिसाशी अभियंता द्वारा जारी की गई झूठी आख्या की गहनता से जाँच करवाने, सम्बंधित अभियंताओं को निलबिंत करते हुए उनके व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने एवं पीड़ित परिजनों को 25 -25 लाख रुपये की सहायता राशि दिए जाने की मांग की है।

क्रिसमस का त्यौहार आपसी भाइचारे का संदेश: हाजी फजलुर्रहमान

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। पूर्व सांसद व सपा के वरिष्ठ नेता हाजी फजलुर्रहमान ने क्रिसमस के अवसर पर महानगर के विभिन्न चर्च में पहुंचकर ईसाई समाज के लोगों को क्रिसमस की मुबारकबाद पेश की।

पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान व पूर्व विधायक वीरेन्द्र ठाकुर को सम्मानित भी किया गया। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने कहा कि क्रिसमस का त्यौहार हमें आपसी भाइचारे और त्याग का संदेश देता है। आज देश में नफरत का जो माहौल फैलाया जा रहा है, लोगों के बीच दूरियां पैदा की जा रही हैं, इसे प्यार और मोहब्बत से ही खत्म किया जा सकता है। हमें उन ताकतों को पहच. ानकर उनका बॉयकॉट करना चाहिए जो दो भाइयों के बीच नफरत पैदा कर रही हैं। पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने ईसाई समाज को शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के लिए भी बधाई दी। इस दौरान फादर जॉन मैडोनका, पास्टर संजय एबल, पास्टर राजन पिल्लई, पास्टर सुनील उन्नीकृष्णन, पास्टर जॉन दयाल, सैयद हस्सान आदि उपस्थित रहे।

ग्लोकल विवि में मनाया पूर्व पीएम का जन्मदिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

मिर्जापुर। ग्लोकल विश्व विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी.के. भारती की प्रेरणा एवं कुल चिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के संयोजन में ग्लोकल विश्वविद्यालय में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का सौवां जन्म दिवस मनाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभा त्रिपाठी व डॉ. संजीव नंदल के द्वारा कराया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट 1 और यूनिट 2 के लगभग 20 छात्र-छात्राओं ने अटल बिहारी वाजपेई की रचनाओं का काव्य पाठ किया। इस प्रतियोगिता के सम्मानित निर्णायक मंडल में ग्लोकल लॉ स्कूल की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अतिका बानों तथा ग्लोकल नर्सिंग स्कूल की मिस आराधना एलिएस रहे। विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर साकिब, द्वितीय स्थान पर शमा तथा तृतीय स्थान पर अयान रहे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सम्मानित शिक्षक सहित छात्र-छात्राए उपस्थित रहे।

क्रिसमस कार्निवल में जुटी लोगों की भारी भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इंटर नेशनल ट्रेड शो, इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर आज क्रिसमस कार्निवल के उपलक्ष पर द्वितीय महिला उधमी प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया।

आज दिल्ली रोड स्थित साउथ सिटी में आयोजित द्वितीय महिला उधमी प्रदर्शनी का शुभारंभ एसपी सिटी अभिमन्यू मांगलिक, आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी, आईआईए चौप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना एवं आईआईए महिला उधमी श्रुति लूथरा द्वारा संयुक्त से रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर आईआईए कोषाध्यक्ष अनुज कुमार जैन, विशेष आमंत्रित सदस्य आर. के. धवन, अशोक गाँधी, मंडलीय सचिव गौरव चोपड़ा, सुरेंद्र मोहन कालड़ा, पुनीत डंग, अमित अरोड, मनोज जैन, विमल परौथी, सुनील अरोड़ा, गौरांग अरोड़ा, डी. के. बंसल, मुकेश डंग, शरद

भार्गव, गगनदीप आदि उपस्थित रहें। महिला उधमी प्रदर्शनी में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी नें द्वितीय महिला उद्यमी प्रदर्शनी की संयोजक व आईआईए महिला विंग कन्वीनर श्रुति लूथरा को भव्य प्रदर्शनी के सुंदर आयोजन के लिए बधाई व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की चौप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना नें कहा कि.देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश व प्रदेश की महिलाओ द्वारा निर्मित उत्पादो को विश्वस्तरीय पहचान बनाने के निरंतर प्रयासरत हैं। इस प्रदर्शनी में महिला उधमियों को अपने उत्पादों और व्यावसायिक गतिविघियों को प्रदर्शित करनें का एक अच्छा अवसर मिलेंगा। द्वितीय महिला उधमी प्रर्दशनी में आर के धवन, अशोक गाँधी, अनुज कुमार जैन, गौरव चोपड़ा आदि ने प्रदर्शनी की संयोजक व आईआईए महिला विंग कन्वीनर श्रुति लुथरा की सराहना की। द्वितीय क्रिसमस कार्निवल महिला उधमी प्रदर्शनी की संयोजक श्रुति लूथरा' नें आईआईए के वरिष्ठ पदाधिकारीयों का स्वागत व अभिनन्दन किया। उद्घाटन के पश्चात् गणमान्य अतिथियों के साथ प्रदर्शनी में लगे महिला उधमियों द्वारा निर्मित उत्पादों के स्टालों का अवलोकन किया गया एवं उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की सराहना की।

सरकार पीड़ित परिजनों की करे मदद : फरहाद

शाह टाइम्स संवाददाता

चिलकाना। सपा नेता फरहाद आलम ने सड़क हादसे का शिकार हुए दो मृतक युवकों के आवास पर पहुंचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी है। सपा नेता ने प्रदेश सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

गौरतलब है कि विगत 20 दिसम्बर की रात्रि को नगर के मोहल्ला हामिद हसन निवासी दो युवक शाने आलम उर्फ अर्श पुत्र शहजाद गाडा व गुलबहार पुत्र इरफान अंसारी ग्राम नाल्हेड़ा जाते समय पुलिया निर्माण के लिए सड़क के बीचों बीच खोदे गए गड्ढे में गिरने के कारण मौत के आगोश में सो गए थे। जिसके बाद से ही सड़क ठेकेदार पर लापरवाही बरतने के आरोप लग रहे है। कई सपा नेताओ द्वारा सड़क

सड़क ठेकेदार की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए सरकार से पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की जा रही है। घटना के बाद से ही पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने के लिए सपा नेताओ का आना जाना लगा हुआ है। इसी कड़ी में सपा नेता फरहाद आलम गाडा ने पीड़ित परि. जनों शहजाद गाडा व इरफान अंसारी के आवास पर पहुंचकर उन्हें सांत्वना दी है। उन्होंने कहा है कि दु:ख की इस घड़ी में वह पीड़ित परिवार के साथ है। पीड़ित परिजनों को न्याय दिलवाने के लिए वह अंतिम छोर तक हर सम्भव प्रयास करेंगे।

उन्होंने आगे कहा है कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की बात करती है यदि सच मे ऐसा है तो सरकार को लापरवाह ठेकेदार की जांच करवाकर उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए व पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। इस मौके पर सभासद अहसान अहमद, भूतपूर्व चेयरमैन पौत्र काजिम इमाम, सोबान बाबू, आफताब गाडा, पूर्व सभासद वकील अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

पांच आरोपी गिरफ्तार

चिलकाना। थाना पुलिस टीम ने अदालत के आदेश पर मारपीट, चोरी, कूटरचित दस्तावेज रच हेरा फेरी करने व अवैध शस्त्र रखने के अलग अलग मामलों में 05 आरोपी गिरफ्तार किए है।

थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल देव की अगुवाई में पुलिस टीम ने वारण्टी मुकेश पुत्र दलमीरा निवासी ग्राम दुमझेडा, फरमान पुत्र इरफान निवासी ग्राम दुमझेडा, कार्तिक पुत्र देशराज निवासी ग्राम चौरीमण्डी, मुरसलीम उर्फ मुर्सलीन पुत्र नसीम उर्फ नसीर निवासी ग्राम सलीरी व मुनव्वर पुत्र जाहिद निवासी ग्राम सौंधेबांस को इनके मकानों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई राजकुमार साहरण, राजकुमार उज्जवल, पीयूष कुमार शिवाच, हैड कांस्टेबल कृष्णपाल सिहं, कांस्टेबल अनुज राणा व कुलदीप कुमार शामिल रहे।

आमजन को मिले स्वास्थ्य लाभ: डीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि प्रत्यक सीएचसी पर एमबीबीएस चिकित्सक की तैनाती होने के साथ ही आमजन को स्वास्थ्य लाभ मिले।

जिलाधिकारी मनीष बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक ले रहे थे। मनीष बंसल ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि प्रमुख सचिव द्वारा दिए गये निर्देशों का अक्षरश: अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होने कहा कि जनपद की प्रत्येक सीएचसी पर एक एबीबीएस चिकित्सक की तैनाती सुनिश्चित की जाए। इसी के साथ सभी पीएचसी पर भी चिकित्सकों की उपलब्धता रहे। स्टाफ नर्सो को प्रसव के लिए ट्रेनिंग उपलब्ध करवाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी से समन्वय कर कार्ययोजना बनाएं। बैठक में आंकडों सहित सूचनाएं प्रस्तुत करें। प्रत्येक सीएचसी एवं पीएचसी पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होने कहा कि आमजनों के बीच अस्पतालों की बेहतर छवि प्रस्तुत हो। इसके तहत स्वच्छता एवं सुन्दरता का होना आवश्यक है। सभी सीएचसी एवं पीएचसी में पावर बैकअप, फर्नीचर, पार्किंग स्टैण्ड, तीमारदारों के लिए बैठने के लिए शैड की व्यवस्था, गार्डनिंग यथासम्भव करवाई जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी इसके लिए सभी को गाईडलाईन जारी करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी चिकित्सालयों में ईडीएल, लैब टैस्ट, टीकाकरण का सारणी एवं सिटीजन चार्टर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्य जब तक संतोषजनक रूप से पूर्ण न किया गया हो तब तक उसे अपने हस्तान्तरण में न लें। एनएचएम के तहत संविदा चिकित्सकों के चयन हेतु यथाशीघ्र विज्ञापन देकर नियुक्ति करवाना सुनिश्चित करें ताकि जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर ढंग से संचालित की जा सके। जिला कारागार में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 15 दिन के अंतराल पर कैम्प आयोजित किए जाएं ।चिकित्सालयों में अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी जनपद स्तरीय प्रभारी चिकित्सक जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उपस्थित रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, सीएमएस डॉ. रामानन्द, सीएमएस महिला चिकित्सालय तथा समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से चिकित्सक मौजूद रहे।

नौ विकेट से हरा इस्लामिया ने जीता मैच

सहारनपुर। सेठ घनश्याम दास गुप्ता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी जूनियर टीम ने सुल्तानपुर पावर हिटर्स को नौ विकेट से हरा कर मैच जीत लिया। अमीर अहमद को शानदार बॉलिंग के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

बुधवार को सेठ घनश्याम दास गुप्ता चेरिटेबल ट्रस्ट और एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा भूतेश्वर इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित सेठ घनश्याम दास गुप्ता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में पावर हिटर्स सुल्तानपुर और इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी जूनियर के बीच मैच खेला गया । पावर हिटर्स टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। पावर हिटर्स की ओर से रवि ने सबसे ज्यादा 24 रन बनाए। इस्लामिया की ओर से अमीर व

तनवीर ने 2-2 विकेट लिए। 20 ओवर में 80 रनों का पीछा करने उतरी इस्लामिया क्रिकेट एकेडमी ने 4.1 ओवर में 1 विकेट पर 82 रन बनाते हुए यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। इस्लामिया एकेडमी की ओर से उमर ने 34 और अनस ने 40 रन बनाए। पावर हिटर्स की ओर से शाहरुख ने 1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच अमीर को चुना गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नेत्रपाल सिंह, विजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, संजय गुप्ता, निमित गुप्ता, एस के अग्रवाल, महेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, शैलेंद्र भूषण गुप्ता , किशन कुमार गुप्ता, प्रेम बिहारी बंसल, रणधीर कपूर, राजीव गोयल (टप्पू), भूपेंद्र कच्छल, मनोज वर्मा मौजूद रहे।

राजनीति के अजातशत्रु थे अटल बिहारी वाजपेयी: बृजेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में लोनिवि मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में अजातशत्रु थे विपक्षी भी उनकी कार्यशैली के कायल थे।

भाजपा कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्प अर्पित करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लो. निवि मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री रहते एक बार उनकी सरकार मात्र एक वोट से गिर गयी थी वह चाहते थे तो एक वोट लोकसभा अध्यक्ष का प्राप्त कर सकते थे परंतु वह संविधान की आत्मा को मार कर प्रधानमंत्री नही रहने देना चाहते थे। विपक्ष में रहते हुए भी अनेक ऐसे

अवसर आये जब सत्ताधारी दल ने उनका साथ व सहयोग मांगा और अटल जी ने हमेशा देशहित में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम किया। पाकिस्तान द्वारा जब संयुक्त राष्ट्र संघ में कश्मीर को लेकर प्रस्ताव रखा तो उसको विफल करने के लिए तत्कालीन नरसिम्हा राव सरकार ने अटल बिहारी वाजपेयी से सहयोग मांगा और उन्होंने तुरंत देशहित में जेनेवा पहुचकर पाकिस्तान के प्रस्ताव को अपनी कूटनीति से धराशायी कर दिया। प्रधानमंत्री रहते पोखरण परमाणु परीक्षण कर देश को परमाणु शक्ति से सम्पन्न किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति का ऐसा वट वृक्ष थे कि उन पर जितनी चर्चा की जाए उतना कम है व आज सभी कार्यकर्ताओं को उनका अनुसरण कर मूल्यों एवं शु. चता की राजनीति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी की स्थापना में महत्वपूर्व भूमिका रही, वैचारिक रूप से एक लंबी संघर्षपूर्ण यात्रा तय की। अटल जी ने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना से पहली बार देश में हाईवे बनाने की बात की और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा दूर दराज के गांवों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने का काम प्रारम्भ किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार उन्ही की प्रेरणा से सबका साथ सबका विकास के विचार से देश का सर्वागीण विकास कर रही है और आज देश का सम्मान पूरे विश्व में बढा है। इससे पहले भाजपा कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से महापौर डॉ अजय कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ महेंद्र सैनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, जिला मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी, हेमंत अरोड़ा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल, सोनेन्द्र राणा, योग चुघ, शीतल विश्नोई, नीलू राणा, वीरेंद्र पुंडीर, गौरव गर्ग, मनोज ठाकुर, प्रदीप शर्मा, पवन सवई, नीरज गुप्ता सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

द सैटेनिक वर्सेज पर फैसला

भारत में लगभग 36 साल प्रतिबंधित रही ब्रिटिश भारतीय नोवलिस्ट सलमान रुशदी की सबसे ज्यादा सुर्खियों में रही और विवादास्पद नोवेल द सैटेनिक वर्सेज अब भारत के बाजारों में फिर से दिखाई दी है। सरकार ने इस पुस्तक पर 1988 में यह कहकर बैन लगा दिया था, क्योंकि इसमें एक समुदाय ने इसे ईश निंदा पाया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने सलमान रुशदी की इस पुस्तक पर से यह कहकर पांच नवंबर को प्रतिबंधित हटा दिया था कि सरकार 1988 की उस मूल अधिसूचना को प्रस्तुत करने में असमर्थ है, जिसमें किताब पर बैन लगाया गया था। दिल्ली के बहरीसंस बुकसेलर ने एक पोस्ट में कहा कि सलमान रुशदी की यह बुक अब बहरीसंस बुकसेलर के स्टॉक में है। इस उत्तेजक उपन्यास ने अपनी कल्पनाशील कहानी और साहसिक उद्देश्यों से दस वर्षों से रीडर्स को आकर्षित किया है। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे इस किताब की रिलीज के बाद से ही वैश्विक स्तर पर इस पर विवाद हुआ था। पांच नवंबर को भारत में पुस्तक के आयात प्रतिबंध को चुनौती देने वाले एक मामले की सुनवाई करते हुए भारत सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि आयात प्रतिबंध आदेश मिल नहीं रहा है। इस पर अदालत ने कहा कि यह मानने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है कि ऐसी कोई अधिसूचना मौजूद नहीं है जो किताब पर प्रतिबंध लगाती हो। द सैटेनिक वर्सेज अपने आरंभकाल से ही विवादों में रही है और माना जाता है कि इसमें कुछ ऐसी बातें हैं जो मुस्लिम पैगंबर मुहम्मद स. पर कही गई हैं, जो ईश निंदा के अंतर्गत आती हैं। 90 के दशक में मुस्लिमों में इस पुस्तक को लेकर बेहद आक्रोश उत्पन्न हो गया था और भारत ही नहीं लगभग पूरी दुनिया में इस पुस्तक के लेखक सलमान रुशदी के खिलाफ आक्रोश बढ़ गया था। इरान के आयातुल्ला खुमैनी ने तो सलमान के खिलाफ फतवा भी जारी कर दिया था, जिसमें मुसलमानों से उनकी हत्या करने का आह्वान किया गया था। यह मुस्लिमों में रुशदी के विरुद्ध भड़के आक्रोश का परिणाम था कि 2022 में न्यूयॉर्क में एक व्याख्यान के दौरान मंच पर ही उन पर चाकू से हमला किया गया था। जिससे उनकी एक आंख की रोशनी चली गई थी। भारत में बढ़ते आक्रोश के चलते 1988 में इसके आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था जो कि अब तक चला आ रहा है, लेकिन इस प्रतिबंध की अधिसूचना इस समय सरकार के पास मौजूद नहीं है। इसलिए दिल्ली हाईकोर्ट ने इस पुस्तक से प्रतिबंध को हटा दिया है। जाहिर है अब यह किताब भारत के बाजार में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होगी। जिसकी शुरुआत भारत की राजधानी दिल्ली से हो भी गई है। अभी तक कोई बड़ी प्रतिक्रिया हाईकोर्ट के इस फैसले को लेकर नहीं आई है, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि इस विवादास्पद पुस्तक के बाजार में आने से एक समुदाय में नाराजगी तो बढ़ेगी ही। अच्छा होता कि ऐसी पुस्तक पर प्रतिबंध ही रहता, क्योंकि ऐसी अभिव्यक्ति की आजादी का कोई मतलब नहीं है जो समाज में वैमनस्य बढ़ाती हो।

कश्मीर की चुनौतियों से निपटने को वाजपेयी जैसे नेतृत्व की जरूरत

जम्मू-कश्मीर में दशकों से व्याप्त हिंसा एवं अनिश्चितता से निपटने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दूरदर्शी नेतृत्व की आवश्यकता है, उन्होंने देश की सबसे जटिल चुनौतियों, विशेषकर जम्मू-कश्मीर की चुनौतियों से निपटने के लिए वैचारिक विभाजन को पार किया, प्रधानमंत्री के रूप में वाजपेयी का कार्यकाल जम्मू-कश्मीर के लिए स्वर्णिम काल रहा, जहां मानवता, जम्हूरियत और कश्मीरियत के उनके दृष्टिकोण ने क्षेत्र के मुद्दों का समाधान करने के प्रति उनके दृष्टिकोण का दर्शाया, अपनी वैचारिक पृष्ठभूमि के बावजूद, वाजपेयी जी ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर, अत्यधिक शत्रुता के बावजूद भी, पाकिस्तान की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया।

-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष, पीडीपी

सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल या सुपर लूट का अड्डा

निर्मल रानी



कई मामले ऐसे भी सामने आए हैं जिसमें मृत हो चुके मरीजों को भी जिंदा बताकर पैसे वसूले जाते रहे हैं। अस्पताल द्वारा मृत हो चुके मरीजों का इलाज जारी रखने का केवल नाटक चलता है ताकि जितना हो सके पैसे ऐंठे जाते रहें। ऐसे कई मामले अखबारों में भी आते रहते हैं। ब्रेन डेड मरीजों को एक महीना वेंटिलेटर पर रखने जैसा एक अस्पताल का मामला अदालत में साबित हुआ तो अदालत ने सिर्फ 5 लाख की सांत्वना राशि का जुर्माना उस अस्पताल पर ठोक दिया।

वैसे तो 2012 में प्रसारित किए गए आमिर खान के प्रसिद्ध व लोकप्रिय धारावाहिक सत्यमेव जयते में भारतीय स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त धांधली व लूट जैसे अति गंभीर विषय को अत्यंत प्रभावी रूप से उठाया जा चुका है। इस में प्रमाणिक तरीके से यह बताया गया था कि किस प्रकार डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को बिना जरूरत के दवाइयां दी जाती हैं और किस तरह मरीजों का गैर जरूरी इलाज किया जाता है। इसमें कई ऐसे उदाहरण पेश किए गए थे जिससे यह साबित होता है कि स्वास्थ्य सेवाओं में किस तरह की धांधलियां हो रही हैं। सत्यमेव जयते में यह भी दिखाया गया था कि आंध्र प्रदेश के एक गांव में बड़ी संख्या में महिलाओं की बच्चेदानी निकाल दिया गया, जबकि इसकी जरूरत ही नहीं थी। डॉक्टर्स द्वारा महिलाओं को यह बताया गया था कि अगर उन्होंने ऑप्रेशन नहीं करवाया तो उनकी जान चली जाएगी। जब कि इस कार्यक्रम में भाग ले रही एक सीनियर डॉक्टर का कहना था कि कैंसर के अलावा कोई और मामला नहीं होता जिसमें गर्भाशय को निकालना पड़े। इसी मंच पर यह भी बताया गया था कि कई बार मरीजों से दवाओं की कीमत पचास गुना ज्यादा तक वसूली जाती है। तरह-तरह के गैर जरूरी फर्जी टेस्ट करने के लिए मरीज पर दबाव बनाने जैसी अनेक बातें भी सामने आई थीं। यहां तक कि सत्यमेव जयते में डॉक्टरों के व्यवसाय से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक सभी पर निगरानी रखने वाली संस्था मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की गड़बड़ियों पर भी चर्चा की गई थी परन्तु सत्यमेव जयते द्वारा भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार व लूट के उजागर होने के बावजूद गत 12 वर्षों में इसमें कोई सुधार तो बिल्कुल नहीं आया, हां लूट खसोट में और अधिक इजाफा जरूर हो गया है और भारतीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त यह लूट अब इस हद तक पहुंच चुकी है जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। सीधे शब्दों में मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ देने के बारे में तो कतई नहीं बल्कि उससे कितने अधिक से अधिक पैसे वसूले जा सकते हैं सारा ध्यान व अस्पतालों का सारा चक्रव्यूह इसी तरीके से रचा जा रहा है और ऐसा हो भी क्यों न? जब सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फार्मा और हेल्थकेयर कम्पनीज द्वारा सत्ता को चुनावी बांड के रूप में इतने पैसे दे दिए जाएं कि उनकी हर तरह की लूट पर सरकारें खामोश रहें? गौरतलब है पिछले दिनों जब सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर इलेक्टोरल बांड सार्वजनिक किए गए थे उन्हीं चुनावी बॉन्ड के आंकड़ों से पता चला था कि देश की कम से कम 30 फार्मा और हेल्थकेयर कंपनियों ने 5 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चुनावी बॉन्ड खरीदे थे जो कुल मिलाकर लगभग 900 करोड़ रुपये है। यह कुल 12,155 करोड़ रुपये की राशि का लगभग 7.4% है, जिसके लिए डेटा जारी किया गया था। नतीजतन आज सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल,फार्मा और हेल्थकेयर फर्मों को इस बात की पूरी छूट मिल चुकी है कि वे मरीज की आर्थिक स्थिति के अनुसार जितना चाहे उसका दोहन कर सकते हैं करें। इनको मिली इस शाह का नतीजा है कि आज देश में प्राय: 44% ऐसी झूठी सर्जरी की जा रही हैं जिनकी जरूरत ही नहीं। करीब 55% गैर जरूरी हार्ट सर्जरी,लगभग 48% गर्भाशय सर्जरी करीब 47% कैंसर सर्जरी, 48% घुटना बदलने वाली शल्य चिकित्सा 45% प्रसव सर्जरी केवल धन ऐंठने हेतु पूरी तरह अकारण ही की जा रही हैं। यह कोई गढ़े हुए काल्पनिक आंकड़े नहीं बल्कि मार्च 2016 को भारत की एक संसदीय समिति द्वारा स्वीकार किए गए तथ्य हैं। सत्ता संरक्षित इन अस्पतालों को भी पूरी तरह से कॉर्पोरेट कम्पनी की ही तरह टारगेट आधारित व्यवसाय बना दिया गया है। अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर महीने के अंत में इन डॉक्टर्स पर दबाव बढ़ता है और डॉक्टर्स को OPD के मरीजों को भी अकारण शल्य चिकित्सा (सर्जरी) की तरफ धकेलना पड़ता है। यूंही नहीं कई बड़े नामी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल अपने सीनियर डॉक्टर्स को एक करोड़ रुपये प्रति माह तक तनख्वाह देते हैं। इसके बदले में इन्हें प्रत्येक माह एक हजार सामान्य मरीजों को गंभीर मरीज में परिवर्तित करना होता है। ऐसे लूट एक्सपर्ट डॉक्टर्स का ट्रैक रिकार्ड बनता है कि वह मरीजों को लूटने का कितना एक्सपर्ट है उसके हिसाब से ही उसे दूसरे लुटेरे अस्पतालों में मरीजों को लूटने का ठेका यानी नौकरी मिलती है।

कई मामले ऐसे भी सामने आए हैं जिसमें मृत हो चुके मरीजों को भी जिंदा बताकर पैसे वसूले जाते रहे हैं। अस्पताल द्वारा मृत हो चुके मरीजों का इलाज जारी रखने का केवल नाटक चलता है ताकि जितना हो सके पैसे ऐंठे जाते रहें। ऐसे कई मामले अखबारों में भी आते रहते हैं। ब्रेन डेड मरीजों को एक महीना वेंटिलेटर पर रखने जैसा एक अस्पताल का मामला अदालत में साबित हुआ तो अदालत ने सिर्फ 5 लाख की सांत्वना राशि का जुर्माना उस अस्पताल पर ठोक दिया। इन्हीं भारतीय स्वास्थ्य सम्बन्धी अनियमिताओं के चलते पिछले दिनों मेरे एक पारिवारिक सम्बन्ध रखने वाले संपन्न, शिक्षित व अप्रवासी भारतीय परिवार की एक 76 वर्षीय महिला की समय पूर्व जान चली गई। मरीज के शरीर में इस आयु में चौथे चरण का अग्न्याशय का कैंसर चिन्हित किया गया। उसी समय चंडीगढ़ में एक वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ ने यह घोषित कर दिया कि मरीज अधिकतम एक वर्ष की आयु और जी सकता है। अमेरिका में मरीज के करीबी रिश्तेदार जोकि स्वास्थ्य विभाग में ही शोधार्थी है तथा उच्च पद पर कार्यरत हैं जब उन्हें इस घटनाक्रम का पता चला तो उन्होंने भी इस उम्र में किसी भी कीमियो थरेपी की कोशिश से मन किया साथ यह भी कहा की अमेरिका में इस उम्र में कीमियो की सलाह नहीं दी जाती, परन्तु जब यही मरीज मोहाली के एक नामी सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया तो वहां के नेटवर्क ने किसी दूरदर्शिता की बात करने या संभावित खतरों की फिक्र या उससे आगाह किए बिना कीमियो कर डाला। जिससे मरीज के शरीर में जॉन्डिस फैल गया। और इस अनावश्यक कीमियो के सप्ताह भर के भीतर ही वह मरीज चल बसा जोकि बिना कीमियो के एक साल जी सकता था। देश में ऐसे हजारों मामले रोजाना होते रहते हैं मगर सत्ता संरक्षित होने के कारण इनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं पाता। लूट का अड्डा बनते जा रहे ऐसे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का तो लाइसेंस ही निलंबित कर दिया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बेसन को माना है स्किन के लिए लाभदायक

जब आप ठंड के मौसम में बेसन का इस्तेमाल कर रहे हैं तो ऐसे में आपको उसके साथ नींबू को मिक्स करने से बचना चाहिए। दरअसल, नींबू आपकी स्किन को लाइटन तो करता है, लेकिन उसके साथ-साथ यह आपकी स्किन को रूखा भी बनाता है। इसलिए, जब आप ठंड में बेसन का इस्तेमाल करें तो उसके साथ नींबू को अप्लाई करने से बचें। यह देखने में आता है कि जब हम बेसन का इस्तेमाल करते हैं तो उससे फेस पैक बनाते हैं, लेकिन आपको इसे बहुत देर तक चेहरे पर छोड़ने से बचना चाहिए।

बेसन को स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है। बचपन से ही हम सभी ने अपनी नानी-दादी से बेसन की अच्छाइयों के बारे में सुना है। यह आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने के साथ-साथ उसे अधिक ग्लोइंग भी बनाता है। हालांकि, सर्दियों में बेसन का इस्तेमाल ना करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इस मौसम में स्किन बहुत अधिक रूखी हो जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप सर्दियों में बेसन का इस्तेमाल कर सकते हैं-

नींबू के साथ ना हो कॉम्बिनेशन

जब आप ठंड के मौसम में बेसन का इस्तेमाल कर रहे हैं तो ऐसे में आपको उसके साथ नींबू को मिक्स करने से बचना चाहिए। दरअसल, नींबू आपकी स्किन को लाइटन तो करता है, लेकिन उसके साथ-साथ यह आपकी स्किन को रूखा भी बनाता है। इसलिए, जब आप ठंड में बेसन का इस्तेमाल करें तो उसके साथ नींबू को अप्लाई करने से बचें।

बहुत देर तक ना छोड़े

यह देखने में आता है कि जब हम बेसन का इस्तेमाल करते हैं तो उससे फेस पैक बनाते हैं, लेकिन आपको इसे बहुत देर तक चेहरे पर छोड़ने से बचना चाहिए। दरअसल, जब आप ऐसा करते हैं तो इससे आपकी स्किन रूखी हो जाती है। जिससे आपको स्किन में जलन, रेडनेस व इरिटेशन की शिकायत हो सकती है।

मिलाएं यह सामग्री

जब आप ठंड में बेसन का इस्तेमाल कर रहे हैं तो आप उसके साथ किस तरह के इंग्रीडिएंटस को इस्तेमाल करते हैं,



इसका भी खास ध्यान रखना चाहिए। मसलन, इस मौसम में आपको बेसन के साथ दही, दूध या शहद जैसे इंग्रीडिएंट्स को मिक्स करना चाहिए। ए आपकी स्किन को हाइड्रेटिंग गुण प्रदान करते हैं। ठंड में रूखेपन से निपटने के लिए इन इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है।

करें कस्टमाइज

बेसन हर स्किन टाइप के लिए अच्छा माना जाता है। लेकिन जब आप इसे अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करें तो मौसम के साथ-साथ आपको अपनी स्किन टाइप का भी ख्याल रखना चाहिए। मसलन, अगर आपकी स्किन रूखी है तो बेसन के साथ-साथ शहद या दही को मिक्स किया जा सकता है। वहीं, अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो आप बेसन के साथ एलोवेरा जेल या फिर गुलाब जल को मिक्स कर सकते हैं।

- साभार एमजे

सभी की निगाहें लगी हैं नवीनतम खोजों पर



वैज्ञानिक प्रगति ने पिछले कुछ दशकों में दुनिया को बदल कर रख दिया है। न केवल हमने ब्रह्मांड के अज्ञात पहलुओं का अन्वेषण किया है, बल्कि पृथ्वी पर हमारे जीवन को भी बेहतर बनाने के लिए अनगि. नत नई तकनीकों और उपकरणों का आविष्कार किया है। यह लेख नवीनतम वैज्ञानिक खोजों पर एक विस्तृत दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगा। इनमें अंतरिक्ष विज्ञान, चिकित्सा, पर्यावरण विज्ञान, और अन्य क्षेत्रों में हुई महत्वपूर्ण खोजों को शामिल किया जाएगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग

वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और मशीन लर्निंग ने बहुत तेजी से विकास किया है। AI ने न केवल कंप्यूटर विज्ञान में, बल्कि हमारे दैनिक जीवन के कई पहलुओं में सुधार किया है। उदाहरण के लिए, AI आधारित चिकित्सा उपकरण अब डॉक्टरों को बेहतर निदान करने में मदद कर रहे हैं। AI की मदद से, अब हम बड़े पैमाने पर मेडिकल डेटा का विश्लेषण कर सकते हैं, जो न केवल अधिक सटीक उपचार की दिशा में मदद करता है, बल्कि नई दवाओं और उपचार विधियों के विकास में भी सहायक होता है। हाल ही में एक बड़ी खोज AI के क्षेत्र में हुई थी, जब AI ने नई प्रकार की सुपरकंडक्टर सामग्री का पता लगाया। यह खोज, जिसको AI-guided material discovery कहा जा रहा है, विज्ञान की दुनिया में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है, यह नई सामग्री उच्च तापमान पर बिजली के प्रवाह को बाधित किए बिना पारित कर सकती है, जिससे ऊर्जा की खपत में बड़ी कमी हो सकती है।

जीन संपादन व CRISPR तकनीक

जीन संपादन में CRISPR (Clustered Regularly Interspaced Short Palindromic Repeats) तकनीक ने हाल के वर्षों में चिकित्सा विज्ञान में एक क्रांति ला दी है। यह तकनीक वैज्ञानिकों को किसी भी जीव के क्छ। में विशिष्ट स्थानों पर बदलाव करने की अनुमति देती है। हाल ही में CRISPR का उपयोग जीन विकारों के इलाज के लिए किया गया है, जैसे सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया। 2023 में वैज्ञानिकों ने CRISPR का उपयोग करते हुए दुनिया के पहले जीन-एडिटेड मानव भ्रूण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। इस परीक्षण का उद्देश्य वंशानुगत बीमारियों को जड़ से समाप्त करना था। इसके अलावा, CRISPR की मदद से कृषि क्षेत्र में भी नई प्रजातियों की उपज विकसित करने में सफलता प्राप्त हुई है, जिससे अधिक पोषक तत्व और बेहतर कृषि उत्पाद हासिल किए जा सकते हैं।

ब्रह्मांड के रहस्यों का अनावरण

हमारे ब्रह्मांड को समझने में लगातार प्रयास हो रहे हैं, और इसमें हालिया वैज्ञानिक खोजें अत्यधिक महत्वपूर्ण रही हैं। 2023 में, नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों ने हमारे सौर मंडल के बाहर एक नए ग्रह की खोज की, जो पृथ्वी जैसा दिखता है। इस ग्रह की खोज से वैज्ञानिकों को यह उम्मीद है कि यह जीवन के अस्तित्व के संभावनाओं के बारे में नई जानकारी प्रदान कर सकता है। हबल और जेम्स वेब टेलीस्कोप की मदद से जो डेटा प्राप्त हुआ है, उसके आधार पर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि ब्रह्मांड में जीवन के संकेत हो सकते हैं। जेम्स वेब टेलीस्कोप ने जो पहली रंगीन तस्वीरें भेजी हैं, वे ब्रह्मांड की शुरुआत को समझने में अहम भूमिका निभा रही हैं। इस टेलीस्कोप द्वारा की गई खोजों से, वैज्ञानिक अब और अधिक स्पष्टता से यह समझ पा रहे हैं कि ब्रह्मांड का विस्तार किस तरह हुआ और इसके अंधेरे क्षेत्रों में क्या हो रहा है।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन और नवीकरणीय ऊर्जा

जलवायु परिवर्तन एक ऐसी चुनौती है जिसे अब विज्ञान के क्षेत्र में सबसे बड़ी प्राथमिकता दी जा रही है। 2024 में किए गए अनुसंधान से यह साबित हुआ है कि तापमान में वृद्धि और समुद्र के स्तर में परिवर्तन के कारण कई हिस्सों में प्राकृतिक आपदाओं की संभावना बढ़ गई है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए अब वैज्ञानिक विभिन्न प्रकार की नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर काम कर रहे हैं, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, और हाइड्रोपावर। साल 2023 में वैज्ञानिकों ने एक नई प्रौद्योगिकी सौर पेंट का विकास किया है, जो किसी भी सतह पर चिपक. ाकर उसे सौर पैनल में बदल सकता है। यह प्रौद्योगिकी ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में एक नई दिशा दे सकती है। इसके अतिरिक्त, वैज्ञानिकों ने हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में भी सफलता हासिल की है, जिससे यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में हाइड्रोजन ईंधन कारों और अन्य परिवहन प्रणालियों का प्रमुख स्रोत बन सकता है।

स्वास्थ्य और चिकित्सा

चिकित्सा के क्षेत्र में भी हाल ही में कई बड़ी खोजें हुई हैं। एक उल्लेखनीय खोज का संबंध कैंसर के इलाज से है। 2023 में वैज्ञानिकों ने एक नई ष्मेमोरी-ट्रेनिंगष थेरेपी की खोज की है, जो कैंसर की कोशिकाओं को पहचानने और नष्ट करने की क्षमता बढ़ाती है। यह शोध कैंसर के इलाज में एक नई क्रांति ला सकता है, क्योंकि अब तक कैंसर का इलाज बहुत ही सीमित और जटिल था। इसके अलावा, चिकित्सा में एक और दिलचस्प खोज तब हुई जब वैज्ञानिकों ने शरीर के भीतर कृत्रिम अंगों के उपयोग को आसान और प्रभावी बनाने के लिए बायोप्रिंटिंग तकनीक का विकास किया। इस तकनीक में 3डी प्रिंटर का उपयोग करके शरीर के अंगों का निर्माण किया जा सकता है। यह चिकित्सा विज्ञान में एक महत्वपूर्ण कदम है, इससे अंगों की कमी को पूरा किया जा सकता है और ट्रांसप्लांट के इंतजार को भी कम किया जा सकता है।

न्यूरोसाइंस और मानव मस्तिष्क का अध्ययन

मानव मस्तिष्क का अध्ययन और उस पर हुए हालिया शोध ने हमें मानसिक बीमारियों और मस्तिष्क के कार्य करने के तरीके को समझने में मदद की है। 2023 में एक नई तकनीक विक. सित की गई है, जिससे मस्तिष्क के जटिल नेटवर्क को और बेहतर तरीके से मैप किया जा सकता है। इससे मानसिक बीमा. रियों जैसे डिमेंशिया और अल्जाइमर के इलाज में मदद मिल सकती है। इसी तरह, न्यूरोसाइंस के क्षेत्र में एक और दिलचस्प खोज तब हुई जब वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क कंप्यूटर इंटरफेस BCI को और विकसित किया। यह तकनीक मस्तिष्क और कंप्यूटर के बीच सीधा संवाद स्थापित करने में सक्षम है, जिससे पैरालाइज्ड व्यक्तियों को अपने अंगों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है।

क्वांटम कंप्यूटिंग

क्वांटम कंप्यूटरों ने हाल ही में बहुत तेजी से ध्यान आकर्षित किया है। 2024 में किए गए एक महत्वपूर्ण अनुसंधान ने यह सिद्ध किया कि क्वांटम कंप्यूटिंग में बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा सकता है। यह कंप्यूटर पारंपरिक कंप्यूटरों की तुलना में कहीं अधिक तेज और शक्तिशाली होते हैं। क्वांटम कंप्यूटरों का उपयोग डेटा एन्क्रिप्शन, भौतिकी, रसायन विज्ञान, और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है। वैज्ञानिक खोजें हमेशा हमारी सोच और जीवन के तरीके को प्रभावित करती हैं। वर्तमान समय में जो खोजें हुई हैं, वे न केवल वैज्ञानिक . ष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि मानवता के समग्र भले के लिए भी क्रांतिकारी साबित हो सकती हैं। चाहे वह AI, CRISPR, ब्रह्मांड के रहस्यों का अनावरण, जलवायु परिवर्तन से निपटना, या स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार, यह सभी हमें बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में और भी अद्भुत वैज्ञानिक खोजों का इंतजार किया जा सकता है, जो मानवता की समृद्धि के लिए नई संभावनाएं खोलेंगी।

पाक सरकार से वार्ता को पीटीआई तैयार

पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई के प्रमुख इमरान खान ने हामिद रजा को बनाया समिति का प्रवक्ता

इस्लामाबाद, वार्ता

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान ने भी सरकार से होने वाली वार्ता के लिए तैयारी कर ली है। उन्होंने अपनी पार्टी की ओर से वार्ता करने के लिए गठबंधन के सहयोगी दल सुन्नी इत्ते. हाद काउंसिल (एसआईसी) के प्रमुख साहिबजादा मोहम्मद हामिद रजा को समिति का प्रवक्ता नामित किया है।

पूर्व पीएम ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि समिति सरकार के साथ सार्थक वार्ता करेगी। पूर्व पीएम ने यह भी कहा कि अगर सरकार उनकी पार्टी पीटीआई की मांगें मान लेती है तो हम सविनय अवज्ञा आंदोलन को स्थगित कर देंगे। अदियाला जेल में अपने वकीलों के साथ बैठक के दौरान पूर्व पीएम इमरान खान ने एसआईसी प्रमुख को पार्टी की समिति का प्रवक्ता बनाने का एलान किया। रजा नेशनल असेंबली के सदस्य हैं। इसके अलावा वह मानवाधिकारों पर नेशनल असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। वकीलों के साथ बैठक के बाद पूर्व पीएम ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पार्टी की वार्ता समिति के प्रयास सराहनीय हैं। वार्ता प्रक्रिया सार्थक हो इसलिए जरूरी है कि वार्ता टीम से मेरी मुलाकात हो ताकि मैं मुद्दों को समझ सकूं। पूर्व पीएम ने लिखा कि अगर सरकार सार्थक वार्ता चाहती है तो हमारी दो मांगें हैं। पहली कि विचाराधीन राजनीतिक कैदियों की रिहाई और दूसरी यह कि नौ मई और 26 नवम्बर की घटनाओं की जांच के लिए वरिष्ठ न्यायाधीशों वाले एक न्यायिक आयोग का गठन किया जाए। अगर ये मांगें पूरी हो जाती हैं तो हम अपना सविनय अवज्ञा आंदोलन स्थगित कर देंगे। हालांकि मुझे डर है कि सरकार नौ मई और 26 नवम्बर की घटनाओं की जांच की हमारी मांग को दरकिनार करने की कोशिश करेगी। हम ऐसा नहीं होने देंगे। पूर्व पीएम इमरान खान ने सैन्य अदालतों की ओर से 25 लोगों को सुनाई गई सजा के फैसलों को भी असांविधानिक करार दिया। पूर्व पीएम ने लिखा कि मैं सैन्य अदालतों के असांविधानिक फैसलों को खारिज करता हूं। ये फैसले पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहे हैं। इस तरह की अमानवीय हरकतें देश को आर्थिक प्रतिबंधों के अधीन कर सकती हैं। ऐसे फैसले तथाकथित सांविधानिक पीठ के मुंह पर तमाचा हैं। यहां तक कि न्यायपालिका ने भी अब मान लिया है कि देश में राजनीतिक इंजी. नियरिंग हो रही है। इसका साफ मतलब है कि पीटीआई को कुचला जा रहा है। इससे लोकतंत्र, न्यायिक स्वतंत्रता और कानून के शासन को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा है। पूर्व पीएम ने लिखा कि कोई भी देश बाहरी और आंतरिक निवेश के बिना विकसित नहीं हो सकता है। निवेश कानून के शासन के बिना नहीं आ सकता है। लोग अपनी पूंजी पाकिस्तान से बाहर इसलिए ले जा रहे हैं क्योंकि न तो यहां न्यायपालि. का स्वतंत्र है और न ही कानून के प्रति कोई सम्मान है। 26वें संविधान संशोधन के बाद न्यायपालिका के हाथ पूरी तरह से बंध गए हैं। सां. विधानिक पीठ की स्थापना और उसके फैसलों ने सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को कम किया है। हाल ही में पाकिस्तान सरकार पीटीआई के साथ बातचीत के लिए तैयार हुई है।

■ वकीलों के साथ बैठक के बाद पूर्व पीएम ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि पार्टी की वार्ता समिति के प्रयास सराहनीय हैं

अजरबैजान से रूस जा रहा विमान क्रैश, 39 लोगों की मौत

अस्ताना। कजाकिस्तान के अक्ताऊ में बुधवार सुबह एक पैसेंजर प्लेन क्रैश हो गया। न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक प्लेन में 62 यात्री और 5 क्रू मेंबर्स थे। इनमें से 28 लोगों को बचा लिया गया है। 22 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में 2 बच्चे भी हैं जिनकी हालत गंभीर है। हादसे में 39 लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। विमान अजरबैजान से रूस के चेचन्या प्रांत की राजधानी ग्रोज्नी जा रहा था, लेकिन उसे कजाख शहर अक्ताऊ से लगभग 3 किमी दूर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। एजेंसियों के मुताबिक घने को. हरे के चलते फ्लाइट का रूट बदला गया था। प्लेन ने क्रैश होने से पहले एयरपोर्ट के कई चक्कर लगाए थे। पायलट ने इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन भी मांगी थी। हालांकि बाद में उसे एयरपोर्ट के पास बीच पर इमरजेंसी लैंडिंग के लिए मजबूर होना पड़ा। क्रैश हुआ विमान अजरबैजान एयरलाइंस का एम्ब्रेयर 190 माडल था।

कोलकाता। क्रिसमस मनाने के लिए चर्च में आधी रात को प्रार्थना के दौरान पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी।

37 हत्यारों की मौत की सजा कम करने का मामला गर्माया

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय मौत की सजा पाए 37 लोगों की सजा कम करने के लिए निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की तथा इसे पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के लिए झटका बताया। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जो बाइडन ने अभी-अभी हमारे देश के 37 सबसे बुरे हत्यारों की मौत की सज़ा कम की है। जब आप प्रत्येक के कृत्यों को सुनेंगे, तो आप विश्वास नहीं करेंगे कि बाइडन ने उनकी सजा कम कर दी है। इसका कोई मतलब नहीं। रिश्तेदारों तथा दोस्तों को इससे और दुख हुआ है। वे विश्वास नहीं कर सकते हैं कि ऐसा हो रहा है। बाइडन ने सोमवार को संघीय मौत की सजा वाले 40 व्यक्तियों में से 37 की सजा को कम कर दिया, उनकी मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सूची में कम से कम पांच बाल हत्यारे और कई सामूहिक हत्यारे शामिल हैं। अपने बयान में बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि वह इन हत्यारों की निंदा करते हैं, उनके 'घृणित कृत्यों' के पीड़ितों के लिए दुख व्यक्त करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

ग्रीनलैंड खरीदने को लेकर डोनाल्ड ट्रंप सौ प्रतिशत गंभीर

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड और पनामा नहर को खरीदने को लेकर गंभीर हैं, क्योंकि उनका मानना है कि अमे. रिका एक ऐसा साम्राज्य है जो अगर विकसित नहीं हुआ तो ढह जाएगा। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार ने सूत्रों के हवाले यह खबर दी है। आने वाले अमेरिकी नेता के करीबी एक सूत्र ने कहा कि ट्रम्प का मानना है कि जो साम्राज्य विकसित नहीं होते हैं वे असफल होने लगते हैं। वह इतिहास के छात्र हैं, और यह विचारधारा के विद्यालयों में से एक है-वह वास्तव में पिछले राष्ट्रपतियों के पक्षधर हैं जो महाद्वीप पर विस्तारवादी थे।

संरा की इमारतों के पास हमास के प्रक्षेपण स्थल पर हमला

गाजा। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने उत्तरी गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र परिसर के पास स्थित फलस्तीनी आंदोलन हमास के प्रक्षेपण स्थल पर हवाई हमला किया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, गाजा पट्टी में अल-शती के क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र परिसर के पास स्थित हमास के प्रक्षेपण स्थल पर इजरायली वायु सेना ने हमला किया था। आईडीएफ ने कहा कि हमले से पहले नागरिकों को निकासी की चेतावनी जारी की गई थी।

तुर्की में न्यूनतम वेतन में 30 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा

अंकारा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि देश में न्यूनतम वेतन 30 प्रतिशत बढ़ाकर 22104 तुर्की लीरा (लगभग 630 डॉलर) कर दिया गया है। एर्दोगन ने 'एक्स' पर कहा कि 2025 में, शुद्ध न्यूनतम वेतन 30 प्रतिशत वृद्धि के साथ 22,104 तुर्की लीरा होगा। इसे हमारे देश और इसके लोगों के लिए फायदेमंद होने दें।

पाक की अफगान पर एयरस्ट्राइक, 46 की मौत

पाकिस्तानी तालिबान के ठिकानों पर हमला, अफगानिस्तान ने पलटवार की दी धमकी

इस्लामाबाद/काबुल, वार्ता

पाकिस्तान ने मंगलवार देर रात अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक कर पाकिस्तानी तालिबान के संदिग्ध ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले पाकिस्तानी सीमा से लगे अफगानिस्तान के पकटिका प्रांत के पहाड़ी इलाकों में किए गए।

इस एयरस्ट्राइक में कम से कम 46 लोग मारे गए हैं। न्यूज एजेंसी एपी ने पाकिस्तानी अधिकारियों के हवाले से बताया कि हमले में पाकिस्तानी तालिबान यानी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ट्रेनिंग सेंटर को तबाह किया गया है। अधिकारियों ने कई आतंकियों के मरने का दावा किया। हालांकि, ये साफ नहीं है कि पाकिस्तानी विमान अफगानिस्तान में कितने भीतर गए और हमले कैसे किए। इस साल पाकिस्तान ने दूसरी बार अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की है। इससे पहले जनवरी में पाकिस्तान ने खुफिया जानकारी के आधार पर अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की बात कही थी। इससे पहले जनवरी में पाकिस्तान ने खुफिया जानकारी के आधार पर अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की बात कही थी। अफगानिस्तान बोला: जवाबी कार्रवाई करेंगे अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक की निंदा की है। काबुल ने आरोप लगाया कि बमबारी में महिलाओं और बच्चों समेत आम नागरिकों को निशाना बनाया गया है।

अफगानिस्तान ने इसे अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन बताया। अफगानी रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर नाराजगी जताई। मंत्रालय ने लिखा कि इस तरह के एकतरफा कदम किसी समस्या का समाधान नहीं हैं। अफगान ने एयरस्ट्राइक का जवाब देने की बात कही। मंत्रालय ने लिखा कि अपनी मातृभूमि की रक्षा करना हमारा अधिकार है, हम इस कायरतापूर्ण हमले का जवाब जरूर देंगे। 2022 से टीटीपी ने पाकिस्तान पर हमले तेज किए पाकिस्तान अक्सर आरोप लगाता है कि पाकिस्तानी तालिबान अफगानिस्तान के जमीन का इस्तेमाल करके उस पर आतंकी हमले करता है। हालांकि पाकिस्तान के इन आरोपों को अफगानिस्तान ने खारिज करता रहा है।

अफगानिस्तान में 2021 के तालिबान की वापसी के साथ ही पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) मजबूत हुआ है। टीटीपी ने नवम्बर 2022 में पाकिस्तान के साथ सीजफायर को एकतरफा तौर पर खत्म कर दिया था। इसके बाद उसने पाकिस्तान पर हमले तेज कर दिए हैं। पिछले कुछ महीनों में टीटीपी ने पाकिस्तान के कई सैनिकों और पुलिसकर्मियों की हत्या की है। पाकिस्तान ने 17 जनवरी को ईरान में एयरस्ट्राइक की थी। पाक ने दावा किया था कि उन्होंने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान में बीएलए के कई आतंकियों को मार गिराया। पाकिस्तान बीएलए को आतंकी संगठन मानता है। हालांकि, ईरान ने कहा था कि पाकिस्तान की एयरस्ट्राक में 9 आम लोग मारे गए हैं। इनमें 4 बच्चे और 3 महिलाएं हैं। दरअसल, पाकिस्तान ने यह हमला ईरान के एयर स्ट्राइक के जवाब में किया था। ईरान ने 16 जनवरी की रात पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ईरान ने मिसाइल और ड्रोन्स से हमला किया था।

■ इस साल पाक ने दूसरी बार अफगान में एयरस्ट्राइक की
■ बमबारी में महिलाओं और बच्चों समेत आम नागरिकों को निशाना बनाया गया

बांग्लादेश ने पाक आर्मी को ट्रेनिंग के लिए बुलाया

ढाका। बांग्लादेश ने अपने सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तान आर्मी की टीम को बुलाया है। 1971 के भारत-पाक युद्ध में करारी हार के 53 साल बाद एक बार फिर पाकिस्तानी आर्मी बांग्लादेश की जमीन पर कदम रखेगी। पाक आर्मी के एक मेजर जनरल रैंक के अफसर के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बांग्लादेशी आर्मी को ट्रेनिंग देगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ये ट्रेनिंग अगले साल फरवरी में शुरू होगी। पहले चरण की ट्रेनिंग मेमनशाही कैंट में आर्मी ट्रेनिंग एंड डाक्ट्रिन कमांड (एटीडीसी) मुख्यालय में होगी। ट्रेनिंग का ये पहला चरण एक साल तक चलेगा। इसके बाद पाक आर्मी बांग्लादेश आर्मी की सभी 10 कमांड में भी ट्रेनिंग देगी। ट्रेनिंग के लिए पाकिस्तानी आर्मी के जाइंट चीफ आफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने नवम्बर में बांग्लादेश को ट्रेनिंग का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार-उज-जमान ने स्वीकार कर लिया था।

इसके बाद जनरल वकार ने पाक आर्मी को ट्रेनिंग के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया है। युद्धाभ्यास में शामिल होगा बांग्लादेश ने पाकिस्तान से गोला: बारूद की दो खेप मंगाई हैं। सितम्बर से दिसम्बर के बीच बांग्लादेश ने 40 हजार राउंड एम्युनिशन मंगवाए हैं। ये पिछले साल की तुलना में तीन गुना हैं।

■ यह फरवरी में होगी 53 साल बाद ढाका पहुंचेंगे पाक फौजी

अफगान में भारतीय दूतावास के कर्मचारियों पर हमला

काबुल। अफगानिस्तान के जलालाबाद में इंडियन कान्स्युलेट के लिए काम करने वाले अफगान कर्मचारियों पर मंगलवार शाम अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला किया। यह हमला कर्मचारियों को लेकर जा रही गाड़ी पर किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 3 कर्मचारियों की मौत हो गई है। इसके अलावा एक शख्स घायल भी हुआ है। ऐसा माना जा रहा है ये टारगेट किलिंग है लेकिन अभी तक किसी भी ग्रुप ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत सरकार स्थिति पर नजर रख रही है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले बताया गया है कि हमले में कोई भी भारतीय कर्मचारी मरा या घायल नहीं हुआ है। अफगानिस्तान में तालिबान के आने से पहले ही सुरक्षा वजह से भारत ने दूतावास बंद कर दिए थे जलालाबाद में भारतीय वाणिज्य दूतावास को सुरक्षा वजहों से आधिकारिक तौर पर 2020 में बंद कर दिया गया था। हालांकि इसका अफगान नागरिकों की एक छोटी सी टीम दूतावास से जुड़े कामकाज संभालती है। भारत ने अफगानिस्तान में पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी के शासन के दौरान कई प्रोजेक्ट्स में लाखों डालर का निवेश किया था। हालांकि 2021 में तालिबान के आने के बाद भारत ने सभी वाणिज्य दूतावास बंद कर दिए। अभी सिर्फ काबूल में दूतावास चालू है जहां भारतीय कर्मचारी रहते हैं। भारत ने अभी तक तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी हुई है। हालांकि, भारत समय-समय पर अफगान लोगों को गेहूं, दवाएं और चिकित्सा समेत मानवीय सहायता मुहैया करा रहा है। तालिबान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। तालिबान का आरोप है कि उन्होंने मान्यता हासिल करने के लिए सभी जरूरतों को पूरा कर लिया है।

■ तीन की मौत, एक घायल, किसी ग्रुप ने अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली
■ भारत ने अभी तक तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी हुई है

इजरायली हमलों के चलते गाजा में 20 लोगों की मौत

वेस्ट बैंक पश्चिमी तट पर तुल्कर्म शिविर पर इजरायली गोलीबारी में तीन की मौत, छह घायल

काहिरा/यरूशलम, वार्ता

पिछले दिनों गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में कम से कम 21 लोग मारे गए और 51 घायल हो गए। गाजा पट्टी के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान, इजरायली कब्जे ने गाजा पट्टी में परिवारों का तीन नरसंहार किया, जिसमें 21 लोग मारे गए और 51 को अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

मंत्रालय ने कहा कि कुल मिलाकर, 2023 में संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 45,338 हो गई है, जबकि 107,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर गाजा पट्टी से अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया गया। इसके अलावा, फलस्तीनी आंदोलन हमास के लड़ाकों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की और बंधक बना लिया। इज़रायली अधिकारियों का कहना है कि छापे के दौरान लगभग 1,200 लोग मारे गए। जवाब में, इज़रायल रक्षा बलों ने गाजा में ऑपरेशन आयरन स्वॉड्र्स शुरू किया और एन्क्लेव की पूर्ण नाक. ाबंदी की घोषणा की। वहीं पश्चिमी तट पर तुल्कर्म शिविर पर इजरायली गोलाबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तुलकरम शि. विर पर ख्एक इजरायली, गोलाबारी में तीन की मौत हो गई, छह घायल हो गए, जिनमें दो गंभीर रूप से घायल हैं। इज़रायल रक्षा बल (आईडीएफ) आतंकवादी प्रयासों को रोकने के लिए वेस्ट बैंक में छापेमारी करता है। अक्टूबर 2023 से इजरायली सेना ने आतंकवादी गति. विधियों में 6,000 से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। ऐसा माना जाता है कि बंदियों में से लगभग 2,300 का संबंध फलस्तीनी आंदोलन हमास से है। जबकि इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के कर्नल अयूब कयूफ बुधवार को वेस्ट बैंक पर एक बख्तरबंद वाहन में हुए विस्फोट में घायल हो गए। आईडीएफ ने बताया कि तुलक. रेम शहर के पास आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान वाहन पर हमला किया गया। विस्फोट के समय यहूदिया और सामरिया डिवीजन के कमांडिंग ऑफिसर ब्रिगेडियर जनरल याकी डॉल्फ़ भी वाहन में थे। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि मेनाशे क्षेत्रीय ब्रिगेड के कमांडर ख्कायॉफ़, मामूली रूप से घायल हो गए।

■ आईडीएफ कर्नल अयूब कयूफ वेस्ट बैंक पर एक बख्तरबंद वाहन में हुए विस्फोट में घायल

गाजा में UN राहत सामग्री के 100 ट्रक लूटे

बच्चे कूड़े के ढेर में खाना ढूंढ रहे, 23 लाख लोग दर-दर भटकने को मजबूर

गाजा। करीब 15 महीनों से जारी इजरायल-हमास युद्ध की वजह से गाजा के 23 लाख लोग दर-दर भटकने को मजबूर हैं। सबसे खराब हालात उत्तर गाजा की है, जहां इजरायल ने सबसे पहले हमला किया था। हालात इतने खराब है कि यूएन की तरफ से भेजी जा रही राहत सामग्री को रास्ते में ही लूट लिया जा रहा है।

हाल ही में आक्सफैम की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उत्तर गाजा में पिछले ढाई माह में राहत सामग्री के सिर्फ 12 ट्रक ही पहुंच पाए, जबकि 100 से ज्यादा ट्रकों को रास्ते में ही लूट लिया गया। हालात इतने खराब हैं कि लोगों के भूखे मरने की नौबत आ गई है। औरतें और बच्चे कचरे के ढेर से खाना बीनकर खाने को मजबूर हैं। आक्सफैम का आरोप है कि 6 अक्टूबर से इजरायल जानबूझकर जबालिया, बेत लाहिया और बेत हनून की सैन्य घेराबंदी बढ़ा रहा है। ऐसा करके वो उत्तरी गाजा में राहत सामग्री पहुंचाने से रोक रहा है। गाजा में अब दुनिया में सबसे ज्यादा विकलांग बच्चे हैं। मेडिकल सेवाएं ध्वस्त हो चुकी हैं और ज्यादातर दवाएं खत्म हो चुकी हैं। लोग एक वक्त के खाने के लिए भी तरस रहे हैं। सर्दियों की कड़कड़ाती ठंड में परिवारों के लिए न तो भोजन है और न ही आश्रय। शहर खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। बच्चों को खेलने से मना करते हैं ताकि चक्कर न आएं। गाजा में रहने वालों का कहना है कि परिवार के बड़े लोग बच्चों को खेलने से मना करते हैं, ताकि उन्हें चक्कर न आएं।

■ गाजा में पिछले ढाई माह में राहत सामग्री के सिर्फ 12 ट्रक ही पहुंच पाए

आवश्यकता है

मैनुफैक्चरिंग यूनिट के लिए एक अनुभवी सीए जिसको दो से पांच वर्षों का अनुभव हो, साथ ही कुछ अकाउंटेंट्स जिनको जीएसटी व इनकम टैक्स से संबंधित कार्यों का अनुभव हो एवं कुशल ड्राइवरों की भी आवश्यकता है। अनुभवि को वरीयता दी जाएगी।
इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें:-
मो. नं- 9210707194

झंडे की रस्म के साथ 28 दिसम्बर को होगा उर्स का आगाज

अजमेर। राजस्थान में अजमेर स्थित ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती का 813 वें सालाना उर्स का आगाज झंडे की रस्म के साथ 28 दिसम्बर को होगा और रजब माह का चांद दिखाई देने पर उर्स की धार्मिक रस्में दो अथवा तीन जनवरी 2025 से विधिवत शुरू हो जायेगी। दरगाह कमेटी तथा खादिमों की संस्था अन्जुमन की ओर से उर्स का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार अजमेर दरगाह शरीफ के 85 फीट ऊंचे बुलंद दरवाजे पर उर्स पर झंडा चढ़ाने की धार्मिक रस्म 28 दिसम्बर को होगी। भीलवाड़ा का लाल मोहम्मद गौरी परिवार के सदस्य पोते फखरुद्दीन गौरी की सदारत में झंडा पेश करेंगे। इससे पहले दरगाह गेस्ट हाउस से झंडे का जुलूस निकलेगा, जो लंगरखाना गली-दरगाह बाजार होते हुए दरगाह के निजाम गेट पहुंचेगा और फिर बुलंद दरवाजे पर रोशनी से पहले झंडा चढ़ा दिया जाएगा। इसी के साथ ही उर्स की शुरुआत हो जाएगी। दिल्ली महरौली से रवाना हो चुका कलंदरों और मलंगों का जत्था अजमेर शरीफ पहुंच कर परम्परागत तरीके से 31 दिसम्बर को छड़ियां एवं झंडे पेश करेगा। अंजुमन कमेटी की ओर से कलन्दर एवं मलंग के जत्थे का इस्तकबाल किया जाएगा।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर..
www.shahtimesnews.com